श्रावण मास शुक्ल पक्ष, 22 वर्ष, अंक 205, पृष्ठ 8, मूल्य 3.00

# अखंड भारत संदेश

www.akhandbharatsandesh.net
प्रयागराज से प्रकाशित

नगर संस्करण प्रयागराज | शुक्रवार 25 अगस्त 2023 | विश्व निर्माण एवं मानव विकास को द्रुतगति प्रदान करने हेतु क्रियायोग आश्रम एवं अनुसंधान आश्रम की अनुपम भेंट





# हिमाचल में 'तबाही' का मंजर

## ताश के पत्तों की तरह ढहे सात भवन, प्रशासन की सूझबूझ से टला बड़ा हादसा, 24 घंटे में 12 लोगों की मौत, बिहार समेत 15 राज्यों में भारी बारिश का अलर्ट

**शिमला/देहरादून/लखनऊ**
**हिमाचल** प्रदेश के कुल्लू जिले में गुरुवार सुबह 30 सेकंड के अंदर 7 इमारतें गिर गईं। हालांकि, हादसे में किसी के हताहत होने की खबर नहीं है। प्रशासन ने इन इमारतों को तीन दिन पहले ही खाली करवा लिया था। आसपास की 2-3 इमारतों पर अभी भी खतरा बना हुआ है। यहां लोगों के आने-जाने पर रोक लगा दी गई है। राज्य में पिछले 24 घंटे में बारिश से जुड़ी घटनाओं में 12 लोगों की मौत हो गई। इनमें से 7 मौतें मंडी और शिमला में लैंडस्लाइड की वजह से हुईं। इसके अलावा कई घर टूट गए और 400 सड़कें ब्लॉक हो गई हैं। भारी बारिश के चलते कुल्लू-मनाली हाईवे भी बंद कर दिया गया। मौसम विभाग ने पूरे राज्य में अगले दो दिन भारी बारिश होने का रेड अलर्ट जारी किया है।

शिमला के समरहिल में मिले तीन और शव, 20 हुई मृतकों की संख्या, सर्च ऑपरेशन खत्मः राजधानी शिमला के समरहिल क्षेत्र में शिव बावड़ी मंदिर में हुई त्रासदी के 11वें दिन वीरवार को तीन और शव मिले हैं। इसी के साथ अब तक लापता सभी 20 लोगों के शव बरामद कर लिए गए हैं। मृतकों की पहचान, नीरज, समायरा और पवन के तौर पर हुई है। तहसीलदार शहरी एचएल गेजटा ने बताया कि सभी लापता लोगों के शव मिल गए हैं। तीनों शव घटनास्थल से करीब 500 मीटर दूर नाले से बरामद किए गए हैं। जेसीबी और पोकलेन मशीन से बड़े पत्थरों को हटाया गया और इसके बाद एनडीआरएफ, एसडीआरएफ की टीम ने खुदाई करके शवों को मलबे से बाहर निकाला। पुलिस के पास मलबे में दबे 20 लोगों की रिपोर्ट थी। सभी शव बरामद होने के साथ ही सर्च ऑपरेशन भी खत्म हो गया है।

शिमला जिले में आपदा से अब तक 55 की मौतः शिमला जिले में लगातार हो रही बारिश कहर बरपा रही है। जिला शिमला में 22 जून से लेकर अब तक भूस्खलन के कारण करीब 55 लोग अपनी जान गवां चुके हैं। इसके अलावा 7 लोग लापता चल रहे हैं। इनकी तलाश जा रही है। वहीं भूस्खलन एवं प्राकृतिक आपदा के कारण 60 के करीब लोग घायल हुए हैं। एसपी संजीव गांधी ने बताया कि भूस्खलन के कारण जिले में अब तक 55 लोगों की मौत हो चुकी है। इसके अलावा 60 लोग घायल हुए हैं। लापता लोगों की तलाश में पुलिस की अलग-अलग टीमें जुटी हैं।



**हिमाचलः 2-3 इमारतों पर खतरा बरकरार**
हिमाचल के कुल्लू में इमारतों के गिरने के समय पास के बस स्टैंड में लोग मौजूद थे। उन्होंने भागकर और छलांग लगाकर अपनी जान बचाई। हादसे के बाद 2-3 दूसरी बिल्डिंगों पर भी गिरने का खतरा बना हुआ है। एसडीएम आनी नरेश वर्मा ने बताया कि सभी इमारतों को पहले ही खाली करवा लिया गया था।

### सराजघाटी में हेलिकाप्टर से पहुंचाई खाद्य सामग्री और दवाइयां

**वहीं,** जिला मंडी की सराजघाटी में पिछले दिन हुई त्रासदी से त्रस्त लोगों को राहत सामग्री पहुंचाने के लिए सेना के हेलिकाप्टर ने मंडी के कांगणीधार हेलीपैड से उड़ान भरी। प्रशासन की अगुवाई में राहत सामग्री हेलिकाप्टर के माध्यम से सराज के विभिन्न इलाकों में पहुंचाई जा रही है। दूरदराज क्षेत्र कशौड़ीधार के लिए खाद्य सामग्री और दवाइयों की खेप भेजी गई।

**कानपुर में गंगा खतरे के निशान से ऊपर**
उत्तर प्रदेश के 11 जिलों में तेज बारिश हुई। पूरे राज्य में 4.5 सेमी बारिश रिकॉर्ड की गई। बारिश से जुड़ी घटनाओं में 8 लोगों की मौत हो गई।

# ब्रिक्स का हुआ विस्तार

## ब्रिक्स के स्थायी सदस्य बने अर्जेंटीना, मिस्र, ईरान, सऊदी अरब, इथियोपिया और यूएई





**जोहान्सबर्गः अभी** तक पांच देशों ब्राजील, रूस, भारत, चीन और दक्षिण अफ्रीका की सदस्यता वाला समूह ब्रिक्स अब बड़ा हो जाएगा। दक्षिण अफ्रीका के जोहान्सबर्ग में आयोजित ब्रिक्स के 15वें शिखर सम्मेलन में अर्जेंटीना, मिस्र, ईरान, सऊदी अरब, इथियोपिया और यूएई को ब्रिक्स का स्थायी सदस्य बनाने पर सहमति बन गई, जिसकी घोषणा दक्षिण अफ़्रीकी राष्ट्रपति ने की। इस संगठन की यात्रा वर्ष 2001 में शुरू हुई थी, जब ब्राजील, रूस, भारत और चीन ने मिलकर ब्रिक की स्थापना की थी। इसे तात्कालिक और भविष्य की आर्थिक शक्ति से भरपूर उभरते बाजारों का एक सामूहिक प्रतिनिधित्व करार दिया गया था। वर्ष 2010 में एक महत्वपूर्ण घटनाक्रम में दक्षिण अफ्रीका इस गुट में शामिल हो गया, जिससे ब्रिक का नाम बदल कर ब्रिक्स हो गया। तब कहा गया था कि ब्रिक्स आर्थिक आशावाद के प्रतीक के रूप में एक संगठन है, जो पारंपरिक संस्थानों के प्रभुत्व को चुनौती देने के लिए एक वैकल्पिक वैश्विक व्यवस्था प्रस्तुत करता है। अब इसे और विस्तार देकर 11 सदस्यों वाला समूह बना दिया गया है।

ब्रिक्स के 15वें शिखर सम्मेलन की मेजबानी कर रहे दक्षिण अफ्रीका के राष्ट्रपति सिरिल रामफोसा ने गुरुवार को ब्रिक्स में नए सदस्यों के प्रवेश को मंजूरी दिये जाने की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि ब्रिक्स के विस्तार के पहले चरण में अर्जेंटीना, मिस्र, ईरान, सऊदी अरब, इथियोपिया और यूएई को संगठन की स्थायी सदस्यता देने पर सहमति बन गई है। उन्होंने कहा कि इनकी सदस्यता एक जनवरी, 2024 से प्रभावी होगी।

# अगले महीने लॉन्च होगा आदित्य मिशनः इसरो प्रमुख

**नई दिल्ली। चंद्र** मिशन की सफलता के बाद अब भारत जल्दी ही सूर्य के अध्ययन के सफर पर निकलेगा। भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) सूर्य के लिए आदित्य मिशन की तैयारी कर ली है। इसरो प्रमुख एस सोमनाथ ने गुरुवार को बताया कि आदित्य एल 1 सूर्य का अध्ययन करने वाला भारत का पहला अंतरिक्ष मिशन होगा। इसे अगले महीने यानी सितंबर के पहले या दूसरे सप्ताह में लॉन्च किया जाएगा। इसका मकसद करीब से सूर्य का



निरीक्षण, इसके वातावरण और चुंबकीय क्षेत्र के बारे में स्टडी करना है।

एस सोमनाथ ने बताया कि सूर्य के लिए आदित्य मिशन सितंबर में लॉन्चिंग के लिए तैयार हो रहा है। इसके साथ इसरो गगनयान पर भी तेजी से काम कर रहा है।

# कावेरी जल विवादः कर्नाटक ने सुप्रीम कोर्ट में तमिलनाडु की मांग को बताया गलत

**नई दिल्लीः कावेरी** जल विवाद मामले में कर्नाटक सरकार ने सुप्रीम कोर्ट में हलफनामा दाखिल किया है। कर्नाटक सरकार ने अपने हलफनामे में तमिलनाडु सरकार की अर्जी का विरोध करते हुए कहा है कि तमिलनाडु की मांग पूरी तरह से गलत है। चीफ जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़ ने इस मामले पर सुनवाई के लिए बेंच गठित करने को कहा है। कर्नाटक सरकार का कहना है कि यह एक गलत धारणा पर आधारित है कि यह संकटग्रस्त साल नहीं है, बल्कि यह सामान्य




बारिश का साल है। इस साल बारिश 25 फीसदी कम हुई है। यह पानी की कमी वाला साल है। जलाशयों का प्रवाह लगभग आधा हो गया है। ऐसे में तमिलनाडु हमें पानी छोड़ने के लिए मजबूर नहीं कर सकता। दरअसल, तमिलनाडु सरकार ने अपनी याचिका में कहा है कि सुप्रीम कोर्ट के फैसले से मुताबिक कर्नाटक सरकार पानी नहीं छोड़ रही है। कावेरी जल विवाद मामले पर फैसला सुनाते हुए सुप्रीम कोर्ट ने 16 फरवरी 2018 को कहा था कि कोई भी राज्य कावेरी नदी पर अपना दावा नहीं कर सकता है। तत्कालीन चीफ जस्टिस दीपक मिश्रा की अध्यक्षता वाली बेंच ने कावेरी वाटर ट्रिब्युनल के फैसले में संशोधन करते हुए आदेश दिया था कि कर्नाटक को 14.75 टीएमसी पानी ज्यादा मिलेगा, जबकि तमिलनाडु को 192 टीएमसी की जगह 177.25 टीएमसी पानी दिया जाएगा।

## नेशनल फिल्म अवॉड्सः पुष्पा' के लिए अल्लू अर्जुन बेस्ट एक्टर

# आलिया भट्ट और कृति सेनन बेस्ट एक्ट्रेस

**नई दिल्लीः 69वें नेश**नल फिल्म अवॉर्ड्स 2023 के विजेताओं का ऐलान हो रहा है। इस लिस्ट में हम आपको इस बार के विनर्स के नाम बताएंगे साथ ही आप जानेंगे कि वो कौन से फिल्म कलाकार हैं जिन्हें ये खास सम्मान मिलेगा है। बता दें कि हिंदी सिनेमा के लिहाज से ये अवॉर्ड्स काफी बड़ा माना जाता है।

राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार में इन्होंने मारी बाजीः नई देश के सबसे प्रतिष्ठित राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार के विजेताओं का एलान गुरुवार को कर दिया गया। 2023 में पुरस्कारों



का 69वां संस्करण आयोजित किया जा रहा है, जिसमें मुख्य रूप से 2021 में रिलीज हुई फिल्मों को शामिल किया गया है। विजेताओं की घोषणा दिल्ली के नेशनल मीडिया सेंटर में एक प्रेस कॉन्फ्रेंस के जरिए की गयी।

द कश्मीर फाइल्स को मिला ये अवॉर्डः विवेक अग्निहोत्री की द कश्मीर फाइल्स को इस खास अवॉर्ड्स समारोह में नरगिस दत्त अवॉर्ड राष्ट्रीय एकता सर्वश्रेष्ठ फिल्म कैटेगरी में विजेता चुना गया है। नेशनल फिल्म अवॉर्ड्स 2023 के लिए इस बार की ज्यूरी में यतेंद्र मिश्रा, केतन मेहता, नीरज शेखर, बसंत साईं और नानू भसीन शामिल हैं। 31 फीचर, 24 नॉन फीचर और 3 कैटेगरी बेस्ट राइटिंग कैटेगरी में ये अवॉर्ड इस बार दिया जाएगा।

# चंद्रयान-3 के लैंडर से बाहर आया रोवर प्रज्ञान

**नई दिल्लीः इस**रो चंद्रयान-3 की लैंडिंग के बाद छह पहियों और 26 किलो वाले प्रज्ञान रोवर ने चंद्रमा की सतह पर घूमना शुरू कर दिया है। करीब 14 घंटे बाद गुरुवार सुबह भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) ने रोवर के बाहर आने की पुष्टि की। हालांकि कठरढअउए चेयरमैन पवन के गोएनका ने बुधवार देर रात ही प्रज्ञान रोवर की रैंप से बाहर निकलते हुए तस्वीर शेयर की थी। चांद की सतह पर आते ही रोवर ने सबसे पहले अपने सोलर पैनल खोले। ये 1 सेमी/सेकेंड की गति से चलता है और अपने आस-पास की चीजों को स्कैन करने के लिए नेविगेशन कैमरों का इस्तेमाल कर रहा है। रोवर अगले 12 दिनों में करीब आधा किलोमीटर का सफर तय करेगा। इसमें दो पेलोड लगे हैं जो पानी और अन्य कीमती धातुओं की खोज में मदद करेंगे। अगले 12 दिनों के दौरान रोवर डेटा जमा करेगा और इसे लैंडर को भेजेगा।

# पीएम मोदी ने स्ट्रीट वेंडर्स का समझा दर्दः सीएम

**लखनऊः पूरे देश** में अकेले उत्तर प्रदेश के 15 लाख स्ट्रीट वेंडर्स पीएम स्वनिधि का लाभ उठा रहे हैं, जो हमारे लिए गर्व की बात है। इन्हीं वेंडर्स को वर्ष 2020 से पहले अपना काम शुरू करने के लिए साहूकार से पैसा लेना पड़ता था। साहूकार इनकी मजबूरी का फायदा उठाकर हजार रुपये के बदले बारह से पंद्रह सौ रुपये लेते थे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने स्ट्रीट वेंडर्स को बैंक से जोड़ते हुए उनके लिए ब्याज मुक्त कर्ज की व्यवस्था की। आज स्ट्रीट वेंडर्स को स्वनिधि के जरिये दस हजार रुपये की पहली किस्त के रूप में दिये जा रहे हैं। वहीं इसका भुगतान करने पर बीस हजार की दूसरी और पचास हजार की तीसरी किस्त दी जा रही है, जिसका लाभ उठाकर स्ट्रीट वेंडर्स आत्मनिर्भर बन रहे हैं।



पिछले 6 वर्षों के अंदर प्रदेश में वृहद रूप से सफाई अभियान चलाया गया। इस अभियान के जरिये केवल माफियाओं की ही सफाई नहीं हुई बल्कि गंदगी की भी सफाई हुई है। यह विशेषता उत्तर प्रदेश ने ही हासिल की है। पहले गुंडे स्ट्रीट वेंडर्स से गुंडा टैक्स वसूलते थे। वहीं आज कोई गुंडा टैक्स वसूलने की हिम्मत नहीं कर सकता है। प्रदेश सरकार हर तरह की सफाई पर विशेष ध्यान दे रही है। ये बातें मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गुरुवार को लोकभवन के सभागार में आयोजित पीएम स्वनिधि एवं स्वयं सहायता समूह ऋण योजना के तहत 11000 लाभार्थियों के ऋण वितरण कार्यक्रम में कही। इस दौरान उन्होंने लगभग एक दर्जन स्ट्रीट वेंडर्स और स्वयं सहायता समूह की महिलाओं को ऋण की चेक सौंपीं।

प्रदेश सरकार ने स्ट्रीट वेंडर्स को पांच लाख के सुरक्षा बीमा से जोड़ाः मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि स्ट्रीट वेंडर्स के लिए कभी कोई योजना नहीं बनायी गयी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने उनके इस दर्द को समझा और पीएम स्वनिधि योजना उनके लिए लेकर आए।

# तीनों सेनाओं के लिए 7,800 करोड़ रुपये से खरीदे जाएंगे हथियार

**नई दिल्लीः केंद्र** सरकार ने भारतीय सशस्त्र बलों की परिचालन क्षमता बढ़ाने के लिए गुरुवार को लगभग 7,800 करोड़ रुपये मंजूर किये हैं। भारतीय वायु सेना की दक्षता बढ़ाने के लिए एमआई-17 वी5 हेलीकॉप्टरों पर इलेक्ट्रॉनिक वारफेयर (ईडब्ल्यू) सुइट की खरीद को स्वीकृति दी गई है। सेना के लिए 7.62७51 मिमी लाइट मशीन गन (एलएमजी) खरीदने के प्रस्ताव को भी आगे बढ़ाया गया है। इसके अलावा भारतीय नौसेना के एमएच-60

**एमआई-17 वी5 हेलीकॉप्टरों के लिए खरीदे जाएंगे इलेक्ट्रॉनिक वारफेयर सुइट**

आर हेलीकॉप्टरों की परिचालन क्षमता को बढ़ाने के लिए हथियारों की खरीद होनी है। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह की अध्यक्षता में गुरुवार को हुई रक्षा अधिग्रहण परिषद (डीएसी) की बैठक में लगभग 7,800 करोड़ रुपये के पूंजी अधिग्रहण प्रस्तावों के लिए आवश्यकता की स्वीकृति (एओएन) दी गई। भारतीय वायु सेना की दक्षता बढ़ाने के लिए डीएसी ने भारतीय-आईडीडीएम श्रेणी के तहत एमआई-17 वी5 हेलीकॉप्टरों पर इलेक्ट्रॉनिक वारफेयर (ईडब्ल्यू) सुइट की खरीद और स्थापना के लिए एओएन प्रदान किया है, जिससे इन हेलीकॉप्टरों की क्षमता और बेहतर होगी। ईडब्ल्यू सुइट भारत इलेक्ट्रॉनिक्स लिमिटेड (बीईएल) से खरीदा जाएगा।

# मुख्यमंत्री की घोषणाओं पर अमल न होने से नाराज रोजगार सेवकों ने की आंदोलन की शुरूआत

## आठ सूत्रीय मांगों को लेकर बीडीओ को सौंपा ज्ञापन



फूलपुर विकास खण्ड में मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन अधिकारियों को सौंपते रोजगार सेवक

**अखंड भारत संदेश**

**फूलपुर।** लखनऊ के सम्मेलन में दो वर्ष पूर्व मनरेगा कर्मियों के लिए मुख्यमंत्री द्वारा की गई घोषणाओं का शासनादेश न जारी होने से नाराज ग्राम रोजगार सेवकों ने गुरुवार को फूलपुर ब्लाक में धरना प्रदर्शन कर उसे अतिशीघ्र लागू करने की मांग की। ग्राम रोजगार सेवक संघर्ष समिति के बैनर तले दर्जनों की संख्या में जुटे रोजगार सेवकों ने अधिकारियों पर तानाशाही करने तथा सरकार की छवि धूमिल करने का आरोप लगाया। इस दौरान मुख्यमंत्री को सम्बोधित 8 सूत्रीय मांगों का ज्ञापन अधिकारियों को सौंपा गया। ग्राम रोजगार सेवकों की विभिन्न समस्याओं से अवगत कराते हुए संगठन के जिलाध्यक्ष अरूण यादव ने कहा की प्रदेश में मुख्यमंत्री की घोषणाओं को अधिकारियों द्वारा लागू न करना उनकी तानाशाही व मनमानी का परिचायक हैं। अधिकारियों पर इपीएफ की धनराशि में मनमानी करने का आरोप लगाते हुए उन्होंने कहा की अल्प मानदेय में काम कर रहे रोजगार सेवकों की इपीएफ कटौती वर्षों से की जा रही है परन्तु काटा गया पैसा आज तक यूएएन खाते में जमा नहीं किया गया। उन्होंने ग्राम रोजगार सेवकों के हित में एच आर पालिसी लागू करने,जाबचार्ट में अन्य कार्यों को जोड़ने, रोजगार सेवक की सेवा समाप्ति पर उपायुक्त मनरेगा की सहमति लेने के साथ ही रोजगार सेवक को नियमित कर पदनाम ग्राम विकास सहायक करने की मांग की। संगठन के प्रदेश नेतृत्वकर्ता राकेश पटेल ने ग्राम रोजगार सेवकों के हित में की गई घोषणाओं को लागू न करने पर वृहद आंदोलन करने की चेतावनी देते हुए कहा की गांव के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाला व कोरोना महामारी में अपना जीवन भी दांव पर लगाकर सरकार की मंशानुरूप कार्य करने वाला रोजगार सेवक आज उपेक्षित है। उसके बच्चों का भविष्य भी अंधकारमय होने की कगार पर है। अब अगर सरकार हमारे नियमितिकरण के बारे में नहीं सोचती है तो आर - पार की लड़ाई लड़ी जाएगी। संचालन करते हुए मंडल अध्यक्ष विजय चन्द्र विश्वकर्मा ने मनरेगा की यूजर आईडी व पासवर्ड रोजगार सेवकों को ही देने की मांग की। कार्यक्रम की अध्यक्षता ब्लाक अध्यक्ष नूरूद्दीन हाशमी ने किया। जिला मीडिया प्रभारी हरिओम प्रकाश ने सभी के प्रति आभार व्यक्त करते हुए धन्यवाद ज्ञापित किया। मौके पर सुरेश चन्द्र,अजय गुप्ता, राहुल,कोमलम सरोज, श्रीपति मौर्य, अरविंद मिश्रा, संदीप यादव सहित दर्जनों की संख्या में ग्राम रोजगार सेवक मौजूद रहे।

## जसरा में रोजगार सेवक संघ ने आंदोलन की शुरुआत कर खण्ड विकास अधिकारी को सौंपा 8 सूत्रीय ज्ञापन




**जसरा।** उत्तर प्रदेश रोजगार सेवक संघ द्वारा विकास खंड जसरा में रोजगार सेवक संघ के ब्लाक अध्यक्ष संदीप कुमार के नेतृत्व में माननीय मुख्यमंत्री को संबोधित 8 सूत्रीय ज्ञापन प्रभारी बीडीओ राजेश कुमार शर्मा को सौंपा गया। ब्लाक अध्यक्ष संदीप कुमार ने कहा कि 4 अक्टूबर 2021 को डिफेन्स एक्सपो मैदान में आयोजित सम्मेलन में माननीय मुख्यमंत्री द्वारा ग्राम रोजगार सेवकों व मनरेगा कर्मियों के सम्बन्ध में की गई घोषणाओं पर आदेश निर्गत कराया जाय। जिसमें जाब चार्ट में कार्य जोड़ना,सेवा समाप्ति उपायुक्त मनरेगा की सहमति से ही किया जाये,एच आर पालिसी लागू कराना, हिमाचल प्रदेश, राजस्थान, मध्यप्रदेश की तरह वेतनमान/मानदेय में बढ़ोतरी की जाये, ग्राम विकास अधिकारी की भर्ती में 50%का कोटा रोजगार सेवकों के लिए आरक्षित किया जाय, ग्राम रोजगार सेवकों से मूल ग्राम पंचायत के साथ ही रिक्त ग्राम पंचायत का भी कार्य लिया जाय, मनरेगा की यूजर आईडी पासवर्ड सिर्फ रोजगार सेवकों को ही दिया जाए,कोशिश के अतिरिक्त आकस्मिक दुर्घटना होने पर उसके आश्रित को सेवा में लगे जाने की मांग सहित पूर्व वित्तीय वर्षों का मानदेय की मांग किया है। प्रभारी बीडीओ राजेश शर्मा ने मांग पत्र को उचित माध्यम से शासन तक पहुंचाने की बात कही। इस अवसर पर मनरेगा कर्मचारी महासंघ के प्रदेश संगठन मंत्री आशुतोष द्विवेदी,महिला मोर्चा की जिलाध्यक्ष तारा सिंह पटेल, तकनीकी सहायक बाबत सच्चिदानंद सिंह,गुलाब सिंह, चन्द्रशेखर, रमाशंकर यादव, सर्वेश कुमार पांडेय, गणेश प्रसाद त्रिपाठी,शालू खान,शिवभवन, सुनील यादव, रामनरायण, राकेश कुमार, महेन्द्र कुमार, यादवेन्द्र सिंह, श्याम सिंह,रमेश कुमार सहित दर्जनों रोजगार सेवक मौजूद रहे।

### विभिन्न योजनाओं के क्रियान्वयन में लिया जाता है काम

मनरेगा में कार्यरत ग्राम रोजगार सेवकों से मनरेगा के अतिरिक्त जनगणना कार्य, निर्वाचन,मिशन अंत्योदय, पेंशन, राशनकार्ड सत्यापन के साथ ही विभिन्न सरकारी योजनाओं के क्रियान्वयन में काम लिया जाता है।

### ईपीएफ के लिए लेंगे न्यायालय की शरण

संगठन के जिलाध्यक्ष अरूण यादव ने कहा की रोजगार सेवकों के मानदेय से काटी गई इपीएफ की धनराशि यूएएन खाते में जमा करवाने के लिए संगठन न्यायालय की शरण लेगा।

## जनपद न्यायालय व समस्त तहसीलों में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन 9 सितंबर को

**प्रयागराज।** राष्ट्रीय लोक अदालत में पारिवारिक वाद, मोटर दुर्घटना वाद, राजस्व संबंधी, बैंक के ऋण संबंधी वाद, विद्युत संबंधी वाद, फौजदारी वाद, आपसी सुलह समझौते के आधार पर होने वाले समस्त वादों का किया जाएगा निस्तारण। उत्तर प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, लखनऊ के निदेर्शानुसार जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, प्रयागराज के तत्वाधान में दिनांक 09.09.2023 को प्रातः 10:00 बजे से जनपद न्यायालय प्रयागराज व समस्त तहसीलों में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा, जिसमें पारिवारिक वाद, मोटर दुर्घटना वाद, राजस्व संबंधी, बैंक के ऋण संबंधी वाद, विद्युत संबंधी वाद, फौजदारी वाद, आपसी सुलह समझौते के आधार पर होने वाले समस्त वादों का निस्तारण किया जाएगा। माननीय श्री संतोष राय जनपद न्यायाधीश/ अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण प्रयागराज के निदेर्शानुसार राष्ट्रीय लोक अदालत में वादों का निस्तारण कोविड-19 को ध्यान में रखते हुए किया जाएगा। समस्त वादकारियो से अनुरोध है कि वे अपने मुकदमों की तस्दीक अपने अधिवक्ता के द्वारा उचित माध्यम से लोक अदालत के आयोजन से पूर्व संपन्न कर लें जिससे उनके मुकदमों का निस्तारण किया जा सके। यह जानकारी श्री आलोक दूबे अपर जनपद न्यायाधीश/ प्रभारी सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण प्रयागराज द्वारा प्रदान की गई।

# जनता की समस्याओं का अधिकारी करें समाधान : वाचस्पति

### नायक मूवी की तरह कंप्यूटर और प्रिंटर लेकर जनता के बीच पहुंचे विधायक बारा, बारा विधानसभा के रेरा में विधायक ने लगाई जनता दरबार सुनी लोगों की समस्या



**अखंड भारत संदेश**

**जसरा।** बृहस्पतिवार को विधायक बारा डॉ वाचस्पति विधान के रेरा आरा टोला में जनता दरबार लगाकर लोगों की समस्याओं को सुनते हुए तत्काल संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिया। बता दें कि विधायक वाचस्पति जी जब से बारा की कुर्सी पर बैठे है लगातार लोगों के बीच बने रहते है उनके द्वारा जनता दरबार का आयोजन होता रहता है आज उन्होने रेरा गांव में दरबार लगाया और लोगों की समस्या सुनी मीडिया से मुखातिब होते हुए उन्होंने कहा की मुझे बहुत अच्छा लगता है लोगों के बीच रहना और उनकी समास्यों का समाधान करना अभी तक विधान सभा में पचास सड़को का काम पूरा हो चुका है और बत्तीस पे काम चल रहा है। योगी सरकार के द्वारा कैंसर से पीड़ित मरीजों को लगभग डेढ़ करोड़ रूपया इलाज के लिए दिलाया गया क्षेत्र की खराब विद्युत व्यवस्था को दुरुस्त कराया जा रहा है पानी के लिए भी प्रयास लगातार जारी है। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से आयोजक वकील सिंह कुशवाहा, बच्चा मालवी, मुन्ना पाल, ग्राम प्रधान महेंद्र प्रताप, जगत नारायण शुक्ला, श्यामू निषाद, फूल चंद पटेल, नीरज केसरवानी, मोनू यादव, राजकुमार पासी, मधुकर, संदीप पटेल, नीरज शुक्ला, सूर्य प्रकाश, प्रभाकर पाल, जय प्रकाश, गिरजा, अभयराज सहित सैकड़ों लोग मौजूद रहें।

# डीएम ने की एयर फोर्स डे की तैयारियों के सम्बंध में बैठक



**अखंड भारत संदेश**

**प्रयागराज।** जिलाधिकारी संजय कुमार खत्री की अध्यक्षता में गुरूवार को संगम सभागार में एअर फोर्स डे-2023 की तैयारियों के सम्बन्ध में बैठक आयोजित की गयी। एअर फोर्स डे-2023 का आयोजन 08 अक्टूबर, 2023 को प्रस्तावित है, जिसमें परेड एअरफोर्स, बमरौली के कमाण्ड सेंटर में तथा संगम तट पर एअर शो का आयोजन किया जाना प्रस्तावित है। एअर फोर्स डे को सकुशल सम्पन्न कराये जाने के लिए जिलाधिकारी ने एअर फोर्स, सेना एवं सम्बंधित विभागों के अधिकारीगणों से एयर फोर्स डे एवं पूर्व के दिवसों पर आयोजित होने वाले कार्यक्रमों की तैयारी की बिंदुवार समीक्षा की। उन्होंने सभी सम्बंधित अधिकारियों को एयर फोर्स डे अवसर पर आयोजित होने वाले कार्यक्रमों को भव्य, दिव्य एवं सुव्यवस्थित ढंग से आयोजित किए जाने हेतु सभी आवश्यक तैयारियां समय से सुनिश्चित किए जाने के निर्देश दिए है। जिलाधिकारी ने वहां पर वीवीआईपी के बैठने की व्यवस्था, पीएस सिस्टम, कमेन्ट्री बाक्स, पार्किग की व्यवस्था, संगम क्षेत्र में साफ-सफाई की व्यवस्था, शौचालय, पीने के पानी, जल पुलिस, मेडिकल की व्यवस्था, बोट एम्बुलेंस, रेफरल अस्पताल, कार्यक्रम के अवसर पर विद्युत आपूर्ति हेतु जनरेटर की व्यवस्था, एयरपोर्ट से संगम क्षेत्र तक सड़को की मरम्मत, डिवाइडर, फेंसिंग व विद्युत पोलों की पेंटिंग कराने तथा चैराहों पर लाइटिंग की अच्छी व्यवस्था, रेफलेक्टर लगाये जाने, कार्यक्रम स्थल पर मीडिया व कार्यक्रम में आने वाले लोगों के बैठने के लिए समुचित व्यवस्था हेतु की जाने वाली तैयारियों के संबंध में संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये हैं। जिलाधिकारी ने कार्यक्रम स्थल के पास स्वास्थ्य विभाग की टीम, एनडीआरएफ एवं एसडीआरएफ की व्यवस्था तथा ग्रीन कारिडोर बनाये जाने हेतु आवश्यक कार्यवाही किये जाने के निर्देश दिये हैं। उन्होने संगम क्षेत्र एवं आस-पास में लगे हुए टावरों, पुलों, हाईराइज बिल्डिंग पर वार्निग लाइट लगाये जाने हेतु कहा है। कार्यक्रम के संबंध में मैपिंग किये जाने के लिये संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया है। उन्होंने अपर जिलाधिकारी मेला दयानंद को संगम क्षेत्र में लोक निर्माण विभाग सहित सम्बंधित विभाग के अधिकारियों से समन्वय बनाकर आवश्यक कार्यवाही करने के लिए कहा है। मुख्य चिकित्साधिकारी को स्वास्थ्य विभाग से सम्बंधित कार्यों के लिए जिसमें दवाओं, एम्बुलेंस, बोट एम्बुलेंस सहित अन्य व्यवस्था कराये जाने के लिए कहा है। उन्होंने नगर निगम को साफ-सफाई सहित अन्य कार्यों हेतु आवश्यक कार्यवाही किए जाने के लिए कहा है। मच्छरों से बचाव हेतु छिड़काव की व्यवस्था किए जाने के लिए कहा है। इस अवसर पर प्रयागराज विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष अरविंद सिंह चौहान, मुख्य चिकित्साधिकारी आशु पाण्डेय, अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व जगदम्बा सिंह, अपर जिलाधिकारी नगर मदन कुमार, अपर जिलाधिकारी मेला दयानंद, सिटी मजिस्टेट सत्यप्रिय सिंह सहित एयरफोर्स के

## कुंवर दिवाकर प्रताप सिंह ने लगवाया कोरांव मुख्य चौराहे पर सीसीटीवी कैमरा



**कोरांव।** नगर पंचायत कोरांव के मुख्य चौराहे पर पूर्व प्रधानमंत्री विश्वनाथ प्रताप सिंह के पौत्र व सामाजिक संस्था बेहतर दुनिया परिवार के संस्थापक कुंवर दिवाकर प्रताप सिंह ने निजी मद से सीसीटीवी कैमरा लगवाया। ज्ञात हो की सरकार द्वारा ऑपरेशन दृष्टि अभियान के तहत जनसहयोग से सीसीटीवी कैमरा लगवा कर निगरानी रखने की योजना है जिसके क्रम में थाना प्रभारी विनोद कुमार के अनुरोध पर कुंवर दिवाकर प्रताप सिंह द्वारा कैमरा लगवाया गया। इस दौरान दिवाकर प्रताप सिंह ने कहा की जनसुरक्षा की दृष्टिगत सीसीटीवी की जरूरत हर चौराहे पर इससे निगरानी तंत्र बेहतर होगा और प्रशासन के लिए कार्य आसान होगा इस दौरान थाना प्रभारी विनोद कुमार ने प्रशासन का सहयोग करने के लिए उनका आभार प्रकट किया और क्षेत्रीय लोगो से आवाह्न किया की प्रशासन जन सामान्य के मदद के लिए है इसमें सबकी भूमिका से पुलिस के कार्यप्रणाली को ज्यादा बेहतर करने में मदद मिलेगी। इस दौरान दिवाकर प्रताप सिंह के साथ राघवेंद्र सिंह, मुन्ना सिंह , ताराशंकर पांडेय, सत्यम सिंह,सुरेंद्र सिंह पटेल, राजबहादुर सिंह आदि लोग उपस्थित रहे।

## पहड़ी महादेव भटौती में बनेगा आदिशक्ति का विशाल मंदिर : आचार्य हरिकृष्ण



**मेजा।** गुरुवार को भटौती मेजा के सिद्धेश्वर पहड़ी महादेव मंदिर में अखिल भारतीय प्रधान संघ के जिला प्रभारी अनिल शुक्ला द्वारा आयोजित श्रीमद्भागवत कथा के समापन समारोह में आचार्य हरी कृष्ण शुक्ला (गुरु जी) अपनी टीम के साथ शामिल हुए,जिसमें गुरु जी का स्वागत गीत एवम भजनों के माध्यम से किया गया। स्वागत सम्मान के पश्चात गुरु ने मंच से सभा में शामिल सभी लोगो का आभार व्यक्त किया ' मंच पर ही गुरु जी ने पहाड़ी महादेव मंदिर परिसर में आदिशक्ति मां जगदम्बा का एक विशाल मंदिर बनाने की इच्छा जताई ' जिस पर सभी लोगों ने सहमति जताई। इस मौके पर प्रमुख रूप से आचार्य रवि जी महराज, फलाहारी बाबा, प्रयाग शुक्ल (प्राचार्य),मानस पीठ के उपाध्याय, अनिल शुक्ला (प्रधान), विनय कुमार शुक्ला (अधिवक्ता) सहित भारी संख्या में शिवभक्त मौजूद रहे।

## निर्माणाधीन पानी की टंकी का कार्य छोड़कर ठेकेदार गायब

**करछना।** विकासखंड चाका ग्राम सभा बालापुर में निमार्णाधीन पानी की टंकी को ठेकेदार के द्वारा अधूरा छोड़ जाने से बालापुर ग्राम सभा वास पानी की समस्या से जूझ रहे हैं ठेकेदार की लापरवाही से ग्राम सभा वासी पानी की समस्या को लेकर दिक्कतों का सामना करने को मजबूर, ग्रामीणों के अनुसार कयी बार इस सम्बन्ध में संबंधित विभाग के अधिकारियों को अवगत कराया गया लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई लोग कहीं भी जाते हैं तो उनकी कोई सुनवाई नहीं हो रही है पानी की बेहद समस्या है जिसमें ग्रामवासी संजीश कुमार गौड़ दिनेश कुमार बीडीसी राजकुमार नेता रितेश दिवाकर रवि एडवोकेट लकी एडवोकेट अमित रावत एडवोकेट मिथिलेश अनूप शुक्ला और अन्य समस्त ग्रामवासी ने संबंधित उच्च अधिकारियों को इस ओर ध्यान आकर्षित करने का आग्रह किया है।

## भारत माता की जयकारे के साथ लोगों ने किया खुशियों का इजहार

**सहसों।** महान भारत देश के महान वैज्ञानिकों द्वारा चंद्रयान-3 का चंद्रमा पर सफलता पूर्वक लैंडिंग पर क्षेत्र के लोगों ने खुशियों का इजहार करते हुए जश्न मनाया। देवनहरी रुदापुर स्थित भारद्वाज गुरुकुलम विद्यालय में विद्यालय के निदेशक वरिष्ठ अधिवक्ता देवराज उपाध्याय सहित अन्य शिक्षकों ने गौरवशाली क्षण तथा दुनिया में अपनी सफलता का परचम लहराने पर इसरो के महान वैज्ञानिकों को बधाई देते हुए वर्षों की तपस्या पर खुशी जाहिर की। इसी प्रकार भाजपा नेता जयप्रकाश द्विवेदी, राजधर दूबे, नीरज केसरवानी, राजकुमार मोदनवाल, ओम प्रकाश शुक्ला, वेद मणि तिवारी, पूर्व प्रधान राहुल केसरवानी, सक्षम गुप्ता, डॉ प्रमोद गुप्ता, अमन सिंह राजपूत, अनुज कुमार मिश्रा, चन्द्र प्रकाश केसरवानी, सोहनलाल केसरवानी सहित आदि लोगों ने प्रसन्नता व्यक्त कर खुशी जाहिर करते हुए तिरंगा लहराकर भारत मां की जयकारे लगाए।

# बच्चों की प्रतिभा को पहचानने और निखारने की जरूरत

### बीआरसी शंकरगढ़ सभागार में पैरेंट्स काउंसलिंग का हुआ आयोजन



**अखंड भारत संदेश**

**शंकरगढ़।** विकास खंड शंकरगढ़ के बीआरसी सभागार में पैरेंट्स काउंसिलिंग का आयोजन किया गया। खंड शिक्षा अधिकारी शिव अवतार की अध्यक्षता और समेकित शिक्षा के जिला समन्वयक राजीव त्रिपाठी के निर्देशन में हुई बैठक में बच्चों की शिक्षा के लिए अभिभावकों से सहयोग की अपील की गई। अभिभावक काउंसिलिंग का शुभारंभ मां सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्ज्वलन कर किया गया। बीईओ ने कहा, बच्चों की प्रतिभा को पहचानना और उसी के अनुरूप उन्हे दिशा देना सबसे महत्वपूर्ण कदम होता है। हर बच्चे में कुछ न कुछ नैसर्गिक प्रतिभा छिपी होती है, जिसे पहचान कर उसे उसी दिशा में आगे बढ़ाना चाहिए। पढ़ाई-लिखाई से इतर बहुत से बच्चे खेलकूद में प्रदर्शन करते हैं। यदि कोई बच्चा खेलकूद में आगे जाना चाहे तो उसे खेलकूद का पूरा मौका दिया जाना चाहिए। बांके बिहारी पब्लिक स्कूल के संस्थापक गणेश चंद्र शुक्ल ने अपने जीवनकाल की चुनौतियों से लेकर अब तक के संघर्ष का जिक्र किया। कहा, असफलताओं से कभी भी हार नहीं माननी चाहिए। असफलताओं की सीढ़ी बनाओ और आगे बढ़ते जाओ। उन्होंने कहा कि सरकार के द्वारा बच्चों के लिए तमाम योजनाएं चलाई जा रही हैं, जिसका लाभ बच्चों को मिलना चाहिए। जिला समन्वयक राजीव त्रिपाठी ने बच्चों को नियमित स्कूल भेजने, बच्चों की दिनचर्या बनाने और स्कूल से मिलने वाले होमवर्क को चेक करने की अपील की। स्पेशल एजुकेटर रामसूरत ने बच्चों को दिव्यांगता प्रमाणपत्र, उपकरण, स्टाइपेंड जैसी सुविधाओं की जानकारी दी। इस मौके पर बीआरसी के स्टाफ शुभांक पांडेय, सचिन मौर्य,प्रधानाध्यापक वीरेंद्र सिंह, नृपेंद्र सिंह, विजय सिंह, धर्मेंद्र सोनू, सुनील द्विवेदी, अजय सिंह आदि मौजूद रहे।

# खेलकूद समितिः केशवेंद्र सिंह संरक्षक, अनय प्रताप सिंह बने अध्यक्ष



**अखंड भारत संदेश**

**बारा।** विद्यालयीय खेलकूद प्रतियोगिता को सकुशल संपन्न कराने के लिए खेलकूद समिति का गठन किया गया है। इस समिति के मार्गदर्शन में बारा तहसील के विद्यालयों की खेलकूद प्रतियोगिताएं संपन्न कराई जाएंगी। बारा तहसील की खेलकूद प्रतियोगिता की तिथि निर्धारित करने और विभिन्न खेल आयोजनों को संपन्न कराने के लिए बैठक का आयोजन किया गया,जिसमें सर्वसम्मति से समिति बनाई गई। इस समिति में संरक्षक की जिम्मेदारी केशवेंद्र सिंह (रणजीत पंडित इंटर कालेज लोहगरा) और अध्यक्ष पद की जिम्मेदारी अनय प्रताप सिंह (प्रधानाचार्य, राजा कमलाकर इंटर कॉलेज शंकरगढ) को दी गई। इसी क्रम में उपाध्यक्ष सविता निर्मल (राजकीय बालिका इंटर कॉलेज, शंकरगढ़), मंत्री डा. प्रेमप्रकाश सिंह (लालचंद्र इंटर कॉलेज जसरा), उपमंत्री राकेश श्रीवास्तव (ईश्वरदीन छेदी इंटर कॉलेज जसरा) और कोषाध्यक्ष के रूप में अरविंद कुमार गौतम (राजा कमलाकर इंटर कॉलेज, शंकरगढ़) को जिम्मेदारी दी गई है। इसी तरह सदस्य के रूप में डा. रासबिहारी यादव (गांधी शांति निकेतन इंटर गौहनिया), गिरिजा शंकर सिंह (मां चंद्रावती इंटर कॉलेज नारीबारी), नीलम गुप्ता (राजकीय इंटर कॉलेज जसरा), वीरेंद्र कुशवाहा (शिवाजी इंटर कॉलेज पटेलनगर) और गालिब अंसारी (हरिशंकर पांडेय इंटर कॉलेज लालापुर) को शामिल किया गया है।

## ब्लॉक स्तरीय वालीबॉल प्रतियोगिता संपन्न



**मेजा।** गुरुवार को ब्लॉक स्तरीय बालीबाल प्रतियोगिता संविलयन विद्यालय मेजा प्रथम में संपन्न हुई। कार्यक्रम में संकुल खूंटा, मेजा, पथरा, तथा संकुल बंधवा ने प्रतिभागियों ने प्रतिभाग किया। बालक वर्ग में संकुल मेजा विजेता तथा संकुल पथरा उपविजेता रहा। ट्रायल के आधार पर जिले के लिए बालकों का चयन किया गया।व्यायाम शिक्षक विवेकानंद पांडेय ने बताया कि विद्यालय की प्रधानाध्यापिका श्रीमती अनीता जी तथा सभी सहयोगी अध्यापकों का सराहनीय योगदान रहा।खेल अनुदेशक सुभाष मिश्रा , अनिकेत जायसवाल, सचिन, विरेन्द्र कुमार उपस्थित रहे।

## न्यूज झरोखा

### नवोदय के बच्चों ने लाइव कास्ट देखा चंद्रयान - 3 का सफल प्रक्षेपण



**मेजा।** भारत की विश्व स्तरीय वैज्ञानिक उपलब्धि चंद्रयान -3 की सफल प्रक्षेपण का सीधा प्रसारण नवोदय विद्यालय के सभी विद्यार्थियों को दिखाई गई। चंद्रयान की सफलता पर सभी छात्र और छात्राएं बहुत प्रसन्न हुए और उनमें वैज्ञानिक उपलब्धियां और वैज्ञानिक चेतना का सर्वोत्तम विकास इस चंद्रयान के माध्यम से होगा। ऐसा माननीय प्रधानमंत्री का भी मानना है। इस अवसर पर विद्यालय की प्राचार्य और शिक्षाविद श्रीमती सुधा सेठी ने छात्रों को अपने स्टाफ और समस्त देशवासियों को शुभकामनाएं दिया।उन्होंने कहा कि इसरो के चंद्रयान-3 ने चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुव (साउथ पोल) पर लैंडिंग करके इतिहास रच दिया है। बता दें कि बुधवार शाम छह बजकर चार मिनट पर भारत का तीसरा मून मिशन चंद्रयान-3 चांद की सतह पर उतरा। भारत दुनिया का पहला देश बन गया है, जिसने चंद्रमा के दक्षिण ध्रुव पर लैंडिंग की हो। इसके अलावा, चांद पर उतरने वाला भारत चौथा देश बन गया है। कार्यक्रम के सफल संचालन में उप प्राचार्य डॉक्टर प्रमोद कुमार मिश्रा, वसरिष्ठम शिक्षक डॉक्टर डीके मिश्रा, डॉ अरविंद चौधरी, अरविंद जायसवाल, अभिषेक श्रीवास्तव, सुनील पाल,कामिनी सिन्हा,श्रीमती शिल्पी रानी,श्रीमती बिंदु यादव, श्रीमती सीमा राय, अरविंद तिवारी, हरिश्चंद्र यादव, जे एस विश्वकर्मा , विवेकानंद मौर्य आदि ने सहयोग किया।

### चंद्रयान 3 के प्रसारण को गयादीन विश्वकर्मा इण्टर कॉलेज के स्मार्ट क्लास में प्रदर्शित किया




**मेजा।** भारतीय विज्ञान और प्रौद्योगिकी के इस ऐतिहासिक उत्सव को मनाने के लिए गयादीन विश्वकर्मा इण्टर कॉलेज के स्मार्ट क्लास में अद्वितीय पल आया, जब छात्रों को चंद्रयान 3 के रोचक प्रसारण बच्चो को प्रोजेक्टर के माध्यम से दिखाया गया। इस महत्वपूर्ण घटना के दौरान, छात्रों और शिक्षकों ने चंद्रमा पर सफलतापूर्वक लैंडिंग होने पर अपनी खुशी का इजहार किया। विज्ञान और तकनीकी विषय के शिक्षक, दीपक तिवारी ने मिशन चंद्रयान 3 को विस्तार से प्रकाशित किया और छात्रों को उत्साहित किया कि वे भी विज्ञान क्षेत्र में अग्रसर हो सकते हैं। जैसे ही चंद्रयान 3 ने चंद्रमा पर सफल लैंडिंग की उसी क्षण स्कूल के बच्चे व अभिवाक खुशी से झूम उठे। स्कूल के प्रबन्धक तीरथ राज विश्वकर्मा प्रधानमंत्री और वैज्ञानिकों को इस सफलता की बधाई दी।

### इविवि के स्नातक पाठ्यक्रमों में प्रवेश शुरू

**प्रयागराज।** इलाहाबाद विश्वविद्यालय के स्नातक पाठ्यक्रमों में प्रवेश 25 सितंबर यानी आज से शुरू हो रहा हैं। प्रवेश ऑनलाइन काउंसिलिंग के माध्यम से होंगे। विश्वविद्यालय ने इसके लिए ऑनलाइन का सिलिंग का लिंक जारी किया है। लिंक पर लॉगइन करके ही उम्मीदवार कैंडिडेट डैशबोर्ड तक पहुंच सकते हैं।

**कुत्ते के हमले में मोर जख्मी झूंसी।** थाना क्षेत्र के कोतारी में गुरुवार की दोपहर कुत्ते ने एक मोर पर हमला कर दिया। लोगो की नजर पड़ी तब मोर की जान बची। मामले की जानकारी झूंसी वन विभाग को दी गई। वन कर्मियों ने मौके पर पहुच मोर को इलाज के लिए ले गए।

# जच्चा-बच्चा की मौत, क्लीनिक सील

## सरकारी के बजाय प्राइवेट क्लीनिक में गर्भवती को ले जाने वाली आशा कार्यकत्री की गई नौकरी




**अखंड भारत संदेश**

**प्रयागराज।** हंडिया तहसील अंतर्गत एक क्लीनिक में भर्ती जच्चा-बच्चा की मौत हो गई है। सीएमओ के निर्देशन में गठित टीम ने क्लीनिक को तत्काल सीज कर दिया। इतना ही नहीं गर्भवती को प्रसव के लिए सरकारी अस्पताल में ले जाने के बजाय प्राइवेट क्लीनिक में भर्ती कराने वाली आशा कार्यकत्री को स्वास्थ्य विभाग ने कार्यमुक्त करते हुए नौकरी से बाहर कर दिया गया। मामला हंडिया तहसील क्षेत्र के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र टेला के अंतर्गत ग्राम सभा भिटिया का पुरा (टेला) का है। यहां राजेश कुमार द्वारा दिव्या मेडिकल फार्मा क्लीनिक का संचालन हो रहा था। टेला प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के चिकित्सा अधिकारी डॉ. राकेश कुमार की ओर से बताया गया कि इस क्लीनिक की ओर से इस तरह की लापरवाही पहले भी की जा चुकी है।

### सीएमओ की जांच में सामने आई लापरवाही

सुनीता देवी नाम की एक गर्भवती को प्रसव पीड़ा हुआ तो गांव की आशा कार्यकत्री फूलपत्ती देवी उसे सरकारी अस्पताल ले जाने के बजाय दिव्या मेडिकल फार्मा क्लीनिक पर लेकर पहुंच गई। यहां महिला का प्रसव कराया गया जिसने एक बच्चे का जन्म दिया था लेकिन प्रसव के बाद ही जच्चा बच्चा दोनों की मौत हो गई। इसके बाद सीएमओ से मामले की शिकायत की गई। सीएमओ ने मामले की गंभीरता को देखते हुए एक चार सदस्यीय जांच कमेटी गठित कर दी। कमेटी में शामिल अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. तीरथ लाल, डॉ. आरसी पांडेय, डॉ. प्रमोद कुमार और जिला स्वास्थ्य शिक्षा अधिकारी राकेश जायसवाल ने जब जांच की तो अस्पताल संचालक और आशा कार्यकर्ता की लापरवाही सामने आई है। टीम मौके पर पहुंच कर क्लीनिक पर ताला बंद करा दी और आशा कार्यकर्ता की सेवा समाप्त कर दी गई है।

## सीटेट परीक्षा से बीएड डिग्री धारकों को बेदखल करने की मांग हाईकोर्ट में याचिका दाखिल

**प्रयागराज।** बीएड डिग्री धारकों की प्राथमिक स्कूल में नियुक्ति का विवाद थमने का नाम नही ले रहा। सुप्रीम के कोर्ट के निर्णय के बाद अब शिक्षक पात्रता परीक्षा से बीएड डिग्री धारकों को बेदखल करने की मांग वाली एक याचिका इलाहाबाद हाईकोर्ट में दाखिल हुई है। याची शकील खान की ओर से दाखिल याचिका पर हाईकोर्ट के न्यायमूर्ति विकास बुधवार की अदालत सुनवाई कर रही है। याची की अधिवक्ता तान्या पांडे ने दलील दी है कि बीएड डिग्री धारकों को प्राथमिक कक्षाओं में अध्यापन पर रोक लगाए जाने के बाद, उन्हे राष्ट्रीय शिक्षक शिक्षा परिषद द्वारा आयोजित होने वाली पात्रता परीक्षा में बैठने की अनुमति नहीं दी जानी चाहिए। जो बीएड डिग्री धारक 20 अगस्त को हुई पात्रता परीक्षा में शामिल हुए है, उनके परिणाम रोक दिया जाएं। उन्होनें राष्ट्रीय शिक्षक पात्रता परीक्षा में शामिल होने की योग्यता में भी संशोधन की मांग भी की है। राष्ट्रीय शिक्षक शिक्षा परिषद की ओर से पेश वकील एचएन पांडे ने याची की पोषणीयता पर सवाल खड़ा किया है। कहा की याची व्यथित पक्षकार नही है। उन्होंने स्पष्ट किया कि एक बार चयन प्रक्रिया शुरू होने के बाद अगर यह पाया जाता है कि अभ्यर्थी के पास आपेक्षित योग्यता नहीं है तो उसका चयन नहीं किया जायेगा। लेकिन इस स्तर पर पात्रता परीक्षा और उसके परिणाम से वंचित किया जाना उचित नहीं है। याची की अधिवक्ता ने यूपी टैट से संबंधित लंबित याचिका और राजस्थान हाईकोर्ट द्वारा वर्ष 2021 में दिए गए निर्णय का हवाला देते हुए याचिका को निस्तारित करने की मांग की। जिस पर न्यायालय ने यूपी टैट से संबंधित मुकदमें के साथ मामले को छह सितंबर को सूचीबद्ध करने का आदेश दिया है।

# सरोजनी नायडू बाल चिकित्सालय का जिलाधिकारी ने किया निरीक्षण

**डीएम ने अस्पताल में भर्ती होने वाले बच्चों की बीमारियों के बारे में जानकारी प्राप्त करते हुए बच्चों का ठीक ढंग से उपचार करने तथा उनकी उचित देखभाल किए जाने के लिए कहा तथा अस्पताल में साफ-सफाई सहित अन्य आवश्यक व्यवस्था बनाये रखने के दिए निर्देश, इसके साथ साथ अस्पताल में बच्चों के लिए कार्टून्स, चित्रकारी एवं पेंटिंग बनवाने के दिए निर्देश**

**अखंड भारत संदेश**



**प्रयागराज।** जिलाधिकारी संजय कुमार खत्री ने गुरूवार को सरोजनी नायडू बाल चिकित्सालय का निरीक्षण किया। जिलाधिकारी ने ओपीडी रूम, इमरजेंसी वार्ड, पीडियाट्रिक ओपीडी, पीआईसीयू, पोषण पुर्नवास केन्द्र, न्यू बार्न यूनिट, केएमसी रूम सहित प्राइवेट वार्ड आदि का निरीक्षण किए। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने इमरजेंसी वार्ड में अतिरिक्त एसी लगवाने एवं केएमसी वार्ड का सुदृढीकरण एवं नवीनीकरण करवाने के लिए प्राचार्य डॉ0 एस0पी0 सिंह से कहा है। उन्होंने अस्पताल में कार्टून्स, चित्रकारी एवं पेंटिंग बनवाने के लिए भी कहा है, जिससे कि उपचार हेतु आने वाले बच्चों के अंदर सकारात्मकता बनी रहे। उन्होंने सर्वप्रथम ओपीडी का निरीक्षण किया एवं निरीक्षण के दौरान उन्होंने उपस्थित चिकित्सकों से प्रतिदिन कितनी ओपीडी रहती है, किस प्रकार की बीमारी से ग्रसित बच्चे इलाज के लिए आ रहे है, मलेरिया, वायरल फीवर व गम्भीर बीमारियों से ग्रसित कितने बच्चे है, प्रतिदिन मलेरिया के कितने टेस्ट कराये जा रहे है, डायरिया के कितने केस आ रहे है, की विस्तृत जानकारी प्राप्त की। जिलाधिकारी ने स्वच्छ भारत मिशन के बाद डायरिया की स्थिति के बारे में पूछा, जिसपर उपस्थित चिकित्सकों के द्वारा बताया गया कि इस मिशन के पश्चात डायरिया के केसो में लगभग 80 प्रतिशत की कमी आयी है। ओपीडी रूम के बाहर समीना ने बीमार बच्चे की एमआरआई करवाने के लिए कहा, जिसपर जिलाधिकारी ने डॉक्टर मुकेश वीर सिंह को कल तक बच्चे की एमआरआई करवाकर सूचना देने के लिए कहा है। जिलाधिकारी ने पीडियाट्रिक सर्जरी, ओपीडी का निरीक्षण करते हुए प्रतिदिन कितनी सर्जरी हो जाती है, की जानकारी प्राप्त की एवं एक अतिरिक्त कक्ष में भी ओपीडी शुरू कराने के निर्देश दिए है, जिससे कि मरीजों को बेहतर एवं शीघ्रता से उपचार मिल सके। जिलाधिकारी ने परिसर में पेड़ों की छटाई भी करवाने के निर्देश दिए हैं।जिलाधिकारी ने अस्पताल में उपस्थित तीमारदारों से बातचीत करते हुए अस्पताल की व्यवस्था के बारे में जानकारी प्राप्त की, जिसपर लोगो के द्वारा बताया गया कि अस्पताल की व्यवस्थायें अच्छी है। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने भर्ती प्रत्येक बच्चे की बीमारी तथा उनके इलाज के बारे में जानकारी प्राप्त की। उन्होंने चिकित्सकों को चिकित्सालय में भर्ती बच्चों का ठीक ढंग से उपचार करने तथा उनकी उचित देखभाल किए जाने के लिए कहा है। जिलाधिकारी ने चिकित्सालय में दवाओं की उपलब्धता एवं बेडों की उपलब्धता के बारे में भी जानकारी ली। जिलाधिकारी ने चिकित्सकों को निर्देशित किया कि अस्पताल में आने वाले सभी बच्चों का बेहतर से बेहतर उपचार सुनिश्चित हो। भर्ती बच्चों को किसी भी प्रकार की परेशानी न होने पाये। इसके साथ ही उन्होंने अस्पताल में आने वाले मरीजों के साथ अच्छा व्यवहार किए जाने के लिए भी कहा है। इस अवसर पर प्राचार्य डॉ0 एस0पी0 सिंह, प्रो0 डा0 मुकेश वीर सिंह सहित अन्य चिकित्सकगण व पैरामेडिकल स्टॉफ उपस्थित रहे।

# होमगार्डस स्व. समय लाल एवं स्व. शिव प्रसाद मौर्य के आश्रितों को मिला 30-30 लाख रुपए का डेमो चेक







**अखंड भारत संदेश**

**प्रयागराज।** सांसद फूलपुर श्रीमती केशरी देवी पटेल, विधायक बारा डॉ. वाचस्पति एवं जिलाधिकारी संजय कुमार खत्री की उपस्थिति में गुरूवार को संगम सभागार में जनपद प्रयागराज के होमगार्डस स्व. समय लाल एवं स्व. शिव प्रसाद मौर्य के आश्रितों को एचडीएफसी बैंक द्वारा 30-30 लाख रुपए का डेमो चेक होम गार्डस विभाग एवं एचडीएफसी बैंक के मध्य हुए एम.ओ.यू. के अंतर्गत प्रदान किया गया। इस अवसर पर सांसद महोदया ने कहा कि होमगार्ड हर क्षेत्र में अपनी निरंतर सेवा एवं सरकार की व्यस्थाओं में सराहनीय योगदान दे रहे है। सरकार इनके लिए ज्यादा से ज्यादा सुविधाएं प्रदान करने की व्यवस्था कर रही है। उन्होंने कहा कि यह घटना दुखद अवश्य है, परंतु मृतक के परिवार के लिए सरकार के द्वारा की गयी इस व्यवस्था से इनका जीवन यापन सुगम होगा। विधायक बारा डॉ0 वाचस्पति ने इस घटना पर दुख व्यक्त करते हुए कहा कि सरकार की तरफ से इनके परिवार के भरण-पोषण हेतु यह सहायता राशि दी जा रही है, जो इनके परिवार के जीवन यापन में सहायक होगी। इस अवसर पर डीआईजी होमगार्डस संतोष कुमार, डिवीजनल कमाण्डेण्ट होमगार्डस डीटीसी शैलेन्द्र प्रताप सिंह, जिला कमाण्डेन्ट होमगार्डस अमित कुमार पाण्डेय, जोनल हेड एचडीएफसी बैंक मनीष टण्डन, जिला कमाण्डेन्ट होमगार्डस कौशाम्बी विनोद द्विवेदी, क्लास्टर हेड एचडीएफसी बैंक अखिलेश शुक्ला, बीएम एसडीएफसी बैंक राहुल तिवारी, अखिलेश सिंह एवं सत्येन्द्र त्रिपाठी, निरीक्षक होमगार्डस सुनील कुमार यादव, एटूडीसी होमगार्डस इन्द्रनारायण पाण्डेय सहित होमगार्डस विभाग के अन्य अधिकारी एवं कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

# स्पेन से आने वाले विमान के उपकरणों का प्रयागराज में होगा रखरखाव

**प्रयागराज।** भारतीय वायु सेना को अगले माह नए मिलिट्री ट्रांसपोर्ट के लिए 56 सी-295 एमडब्ल्यू विमान मिल सकता है। यह मीडियम टैक्टिकल ट्रांसपोर्ट एयरक्रॉफ्ट है। यह विमान वैसे तो स्पेन की कंपनी ने बनाया है, लेकिन भारत में इसे टाटा कंपनी बनाएगी। इसके उपकरणों का रखरखाव प्रयागराज स्थित मनौरी वायु सेना स्टेशन पर होगा।पिछले माह 24 जुलाई को ही 24 एक्विपमेंट डिपो, मनौरी में सी-295 एमडबल्यू विमान के पुर्जों एवं उपकरणों के रखरखाव के लिए सुविधायुक्त डिपो का उद्घाटन किया गया था। अब इसी क्रम में 22 अगस्त 23 को एयरबस डिफेंस एंड स्पेस से प्राप्त सी-295 एमडबल्यू डिलिवरेबल्स के पहले हिस्से की संयुक्त निरीक्षण प्रक्रिया यहां संपन्न हुई।इस अवसर पर एयर वाइस मार्शल वेनिगल्ला श्रीनिवास चौधरी वीएम, एयर कमोडोर अंग्शुक पाल, वायु अफसर कमांडिंग, वायु सेना स्टेशन मनौरी और एयरबस डिफेंस एंड स्पेस प्रतिनिधियों के बीच निरीक्षण के बाद मेमोरेंडम का आदान-प्रदान किया गया।

### 60 में 40 विमान भारत में निर्मित किए जाएंगे

56 सी-295 एमडबल्यू विमान भारतीय वायुसेना द्वारा एयरबस डिफेंस और स्पेस, स्पेन से खरीदे जा रहे हैं। इन 56 विमानों में से 40 विमान भारत में टाटा एडवांस्ड सिस्टम्स लिमिटेड, टाटा-एयरबस कंसोर्टियम द्वारा निर्मित किए जाएंगे। टाटा यहां देश में 40 फ्लाई-अवे सी-295 विमानों का उत्पादन करेगा। यह विमान देश के कई एयरबेस से संचालित होगा। बेड़े की मजबूत आपूर्ति श्रृंखला प्रबंधन को सुनिश्चित करने के लिए, भारतीय वायु सेना ने 24 एक्विपमेंट डिपो वायु सेना स्टेशन मनौरी को भंडारण, इन्वेंट्री प्रबंधन और उपकरण के वितरण के लिए नोडल हब के रूप में नामित किया है।


# कार्यालय ग्राम पंचायत बिदनपुर ककोढा विकास खण्ड सिराथू जनपद कौशाम्बी

(अल्पकालिक निविदा सूचना)

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत बिदनपुर ककोढा विकास खण्ड सिराथू जनपद कौशाम्बी में 15 वा केंद्रीय वित्त पंचम राज्य वित्त आयोग,मनरेगा योजना,कायाकल्प योजना,राष्ट्रीय स्वच्छता मिशन के अन्तर्गत शौचालय निर्माण व मरम्मत,नाली निर्माण,नाली मरम्मत,खडन्जा निर्माण,हैण्डपम्प मरम्मत,हैण्डपम्प रिबोर,इण्टरलाकिंग,स्कूल निर्माण व मरम्मत,पंचायत भवन मरम्मत,आंगनबाडी केन्द्र निर्माण व मरम्मत,सोलर लाइट,सोलर पम्प स्ट्रीट लाइट इंटरलॉकिंग स्कूल बाउंड्री एमडीएम सेट कैटल शेड शमशान निर्माण व अन्य कार्यो में प्रयुक्त होने वाली सामग्री आपूर्ति हेतु पंजीकृत फर्मो द्वारा दिनांक 24/08/2023 से 26/08/2023 तक सील बन्द निविदा आमंत्रित की जाती है। जो दिनांक 29/08/2023 को 12 बजे दिन में उपस्थित फर्मो के समक्ष खोली जायेगी। निविदा स्वीकृत/अस्वीकृत करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी में निहित होगा सामग्री की मात्रा ग्राम पंचायत में स्वीकृत प्राक्कलन के अनुसार पृथक पृथक होगा। निविदा ग्राम पंचायत में वित्तीय वर्ष 2023-24 में कराये जाने वाले सभी कार्यो हेतु प्रभावी होगा।

विपुल कुमार मौर्य
पंचायत सचिव
बिदनपुर ककोढा
विकास खण्ड सिराथू
जनपद कौशाम्बी

रामा देवी
ग्राम प्रधान
बिदनपुर ककोढा
विकास खण्ड सिराथू
जनपद कौशाम्बी


## न्यूज झरोखा

### मालगाड़ी की छत पर चढ़ा युवक, जीआरपी को करनी पड़ी मशक्कत



**प्रयागराज।** प्रयागराज जंक्शन के प्लेटफार्म नंबर चार पर खड़ी एक मालगाड़ी की छत पर बीती रात एक युवक चढ़ गया। इस वजह से स्टेशन पर हड़कंप मच गया। आनन फानन में वहां ओएचई को बंद कर युवक को आरपीएफ ने नीचे उतारा। बताया जा रहा है कि अगर समय रहते ओएचई बंद न की जाती तो युवक करंट की चपेट में आ सकता था।बताया जा रहा है कि बुधवार की रात प्लेटफार्म नंबर चार एक मालगाड़ी खड़ी थी। इसी बीच हो रही बारिश के दौरान एक युवक अचानक मालगाड़ी पर चढ़ गया। इसकी सूचना आरपीएफ को मिली तो वहां तमाम जवान पहुंच गए। ओएचई बंद कराने के बाद मशक्कत से युवक को मालगाड़ी से सुरक्षित निकाला गया।पूछताछ में युवक ने अपना नाम दिलचंद ऋषिदेव पुत्र खघू ऋषिदेव बताया। उसने अपनी उम्र 38 वर्ष बताई। युवक के अनसुार वह ग्राम बेलवा करणकिया जिला अररिया बिहार का रहने वाला है। रेलवे सुरक्षा बल के जवानों का कहना है कि उसके पास से मिले कार्ड से नाम पता साफ हुआ। युवक का मानसिक संतुलन ठीक नजर नहीं आ रहा है। घरवालों से संपर्क कर उन्हें बुलाया गया है।

### खेलकूद प्रतियोगिता को लेकर नेशनल इं. कालेज हंडिया में हुई बैठक



**हंडिया।** नेशनल इंटर कॉलेज हंडिया प्रयागराज में गुरुवार को हंडिया संभाग गंगापार 'स' की संभागीय खेलकूद प्रतियोगिता के संबंध में आवश्यक बैठक नेशनल इण्टर कॉलेज हंडिया में आहूत की गई। जिसमे 27 एडेड विद्यालय और तीन राजकीय विद्यालय से कुल 22 विद्यालयों ने प्रतिभाग किया।बैठक में इस सत्र में आयोजित की जाने वाली विभिन्न संभागीय प्रतियोगिताओं के आयोजन को लेकर चर्चा हुई की आगामी खेल कूद प्रतियोगिता को सकुशल ढंग से सम्पन्न किया जाए। बैठक की अध्यक्षता नेशनल इण्टर कॉलेज हंडिया के प्रधानाचार्य एवं हंडिया संभाग के संयोजक अजय कुमार मिश्रा ने किया और संचालन नोडल क्रीड़ा सचिव प्रसून कुमार सिंह ने किया। इस अवसर पर उप प्रबंधक राजेश तिवारी,अनुराग कुरील, लालमनी,सत्यनारायण सरोज,राजेश सिंह,शहद बहादुर विद्यालय का समस्त स्टॉफ मौजूद रहा है।

### हत्यारोपित शनि ने अपना अधिवक्ता नियुक्त करने के लिए कोर्ट से मांगा फिर समय

**प्रयागराज।** माफिया अतीक अहमद और अशरफ के हत्यारोपित शनि ने बृहस्पतिवार को मुकदमे की सुनवाई के दौरान कोर्ट से अपना अधिवक्ता नियुक्त करने के लिए समय मांगा। पिछली नियति तिथि पर हत्यारोपित लवलेश तिवारी और अरुण मौर्य की ओर से अधिवक्ता गौरव सिंह नियुक्त किए गए थे।बृहस्पतिवार को दोपहर दो बजे जिला जज संतोष राय की कोर्ट में प्रतापगढ़ की जेल में बंद तीनों आरोपित जरिए वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग में पेश किए गए। लवलेश और अरुण मौर्य की ओर से नियुक्त अधिवक्ता गौरव सिंह ने अदालत को बताया कि अभी तक शनि के परिजनों ने उनसे संपर्क नही किया है, यदि करते हैं तो वह शनि का भी मुकदमा लड़ने के लिए तैयार हैं।

# चौड़ीकरण सर्वे का व्यापारियों ने किया विरोध प्रदर्शन






**अखंड भारत संदेश**

**नैनी।** नैनी स्टेशन रोड लेप्रोसी से मेवलाल बगिया चौराहा का चौड़ीकरण सर्वे को पीडीए की मनमानी बताते हुए नैनी के व्यापारियों ने बुधवार को डाकखाने के समक्ष विरोध प्रदर्शन किया। प्रदर्शन के बाद विकास प्राधिकरण प्रयागराज के अधिकारियों को नैनी के व्यापारियों ने ज्ञापन सौंपा और मांग की है कि नैनी स्टेशन रोडलेप्रोसी से मेवलाल बगिया चौराहा का चौड़ीकरण 12 मीटर तक किया जाए ताकि व्यापारियों के दुकान एवं घर दूटने से बचाया जा सरके। चौड़ीकरण सर्वे की जांच उच्च अधिकारियों से कराया जाए प्राधिकरण के अधिकारियों ने आश्वासन दिया है कि बिना जांच के कोई कार्रवाई नहीं की जाएगी। प्रतिनिधि मण्डल में व्यापार मंडल नैनी के अध्यक्ष व पार्षद राकेश जायसवाल, सपा नेता सुभाष केसरवानी विनय जायसवाल मोहम्मद अजहर भाजपा कार्यकर्ता अशोक अग्रवाल घनश्याम जायसवाल नरेंद्र चोरसिया धर्मराज पटेल गुड्डू गुडविल राजकुमार चोरसिया डां मोनू केसरवानी आदि शामिल रहे।

# भाजपा ने की सिविल लाइंस में मतदाता चेतना महाभियान को लेकर बैठक

**अखंड भारत संदेश**

**प्रयागराज।** भारतीय जनता पार्टी प्रयागराज यमुनापार जिला की ओर से वृहस्पतिवार को मतदाता चेतना महाभियान के तहत जिला कार्यालय सिविललाइंस में जिलाध्यक्ष विभवनाथ भारती के अध्यक्षता में आयोजित कार्यशाला के मुख्य अतिथि जिला प्रभारी ओंकार नाथ केशरी ने जिला पदाधिकारियों,मंडल अध्यक्षों, अभियान प्रमुख संयोजकों, सह-संयोजको को अभियान की जानकारी देते हुए कहा हम सभी की नेतागिरी तभी सफल है जब हम सब अपने बूथों को अधिक से अधिक मतों से जीतते हैं। मतदाता सूची हमारे लिए नींव है। नींव यदि कमजोर रहीं तो मकान का भविष्य कैसा होगा यह सोचने वाली बात है। इसलिए हम सभी को घर-घर जाकर मतदाता सूची का निरीक्षण कर युवाओं के साथ छूटे हुए मतदाताओं के नाम सूची में जुड़वाने में फार्म भरना व जमा कराना है। अपने नामों की जांच भी करते हुए मृतको के नाम भी सूची से विलोपित कराने है। ओमकार केशरी ने कहा जनता मोदी को पुनः प्रधानमंत्री बनाने को राह देख रही हैं आपको ध्यान रखना है मतदाता सूची में कोई छूटे ना। जिलाध्यक्ष विभवनाथ भारती ने प्रत्येक बूथों पर 100 मतदाताओं को जोड़ने का लक्ष्य देते हुए कहा बूथ जीता तो चुनाव जीता इस लक्ष्य को आगे लेकर चलना है। इन अभियानों में लापरवाही स्वीकार्य नहीं होगी। भाजपा जिला मीडिया प्रभारी दिलीप कुमार चतुर्वेदी ने 27 अगस्त को 11 बजें सुबह प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के 1435 बूथों पर मन की बात सुनने का आग्रह करते हुए करणीय कार्यों को बताया। कार्यशाला को पूर्व विधायक प्रभाशंकर पाण्डेय, पूर्व विधायक मेजा नीलम करवरिया ने सम्बोधित करते हुए कार्यकताओं का मार्ग दर्शन किया। जिला संयोजक पिछड़ा मोर्चा जिलाध्यक्ष सुभाष सिंह पटेल ने अतिथियों का स्वागत अभिनन्दन किया। संचालन जिला महामंत्री विजय शंकर शुक्ला ने किया। कार्यशाला में क्षेत्रिय अध्यक्ष पिछड़ा मोर्चा अश्वनी पटेल, क्षेत्रीय उपाध्यक्ष किसान मोर्चा रमाकांत विश्वकर्मा, काशी क्षेत्र युवा मोर्चा क्षेत्रीय उपाध्यक्ष समीर मिश्रा, जिला उपाध्यक्ष, संतोष त्रिपाठी,जय सिंह पटेल, प्रकाश शुक्ल प्रचंड,अरूण सिंह पप्पू, सुधाकर पांडेय, सतीश विश्वकर्मा,सलिल तिवारी, रत्नाकर सिंह पटेल, बंदना सिंह, शिवप्रसाद केसरवानी, कुलदीप सिंह पटेल आदि भारी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### मतदाताओं को जोड़ ऐतिहासिक रूप से जीते बूथ

**प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मन की बात 1435 बूथों पर सुनने की बनाई गई योजना**




# कार्यालय ग्राम पंचायत रत्योरा करपिया विकास खण्ड - कोरांव, प्रयागराज

पत्रांकः मेमो/ग्राम पंचायत-निविदा/2023-24/ दिनांक - 23-08-2023

## अल्पकालीन निविदा सूचना

ग्राम पंचायत रत्योरा करपिया विकास खण्ड कोरांव प्रयागराज की स्वच्छ भारत मिशन फेज 2 के अन्तर्गत ठोस एवं तरल अपशिष्ट प्रबंधन योजना के अन्तर्गत पूर्ण सामग्री (श्रम एवं सामग्री) ई रिक्सा क्रय, डस्टबिन क्रय, प्लास्टिक बैंक क्रय, आर.आर.सी. सेन्टर एवं अन्य निर्माण हेतु आवश्यक सामग्री तथा ईट, मोरंग, बालू, सरिया, सीमेन्ट ईट की गिट्टी आदि कार्य एस.बी.एम./ 15वाँ वित्त/केन्द्रीय वित्त आयोग कार्य कराने हेतु दिनांक 24.08.2023 से दिनांक 09.09.2023 तक सीलबन्द लिफाफे में निविदा आमंत्रित की व मनरेगा की धनराशि से कार्य प्रभावित है निर्माण कार्य में प्रयुक्त होने वाली सामग्री की आपूर्ति पंजीकृत फर्मों द्वारा दिनांक 10.09.2023 को सायं 2 बजे गठित समिति के समक्ष खोली जायेगी। निविदा प्रपत्र 10 रू के स्टाम्प पेपर के साथ ग्राम पंचायत के कार्यालय में जमा कराना अनिवार्य होगा। किसी एक अथवा समस्त निविदा को निरस्त करने का अधिकार ग्राम पंचायत को होगी। निविदा प्रपत्र ग्राम पंचायत कार्यालय से प्राप्त किया जा सकता है। नियम एवं शर्तों की जानकारी ग्राम पंचायत विकास अधिकारी से प्राप्त की जा सकती है।

| क्र0 सं0 | कार्य का नाम | अनुमानित लागत | कार्यावधि |
|---|---|---|---|
| 1. | कचरा वाहन ई-रिक्शा | 1.60 लाख | 3 माह |
| 2. | एकीकृत ठोस अपशिष्ट प्रबंधन केन्द्र | 4.50 लाख | 3 माह |
| 3. | सामुदायिक एवं व्यक्तिगत कम्पोस्ट पिट का निर्माण | 0.50 लाख | 3 माह |
| 4. | सामुदायिक एवं व्यकिगत वर्मी कम्पोस्ट पिट/नाडेय | 0.50 लाख | 1.5 लाख |
| 5. | सामुदायिक इनिवेटर | 0.50 लाख | 3 माह |
| 6. | सामुदायिक एवं व्यक्ति सोकपिट निर्माण | 1 लाख | 3 माह |
| 7. | सिल्ट केचर एवं फिल्टर चेम्बर | 1 लाख | 3 माह |
| 8. | हैण्डपम्प फाउण्डेशन निर्माण एवं मरम्मत कार्य | 1 लाख | 3 माह |
| 9. | नाली निर्माण एवं मरम्मत कार्य | 2 लाख | 3 माह |
| 10. | कचरा डिब्बा | 1 लाख | 3 माह |

शशिकान्त कुशवाहा
(ग्राम प्रधान)
ग्राम पंचायत रत्योरा करपिया
वि. ख. कोरांव, प्रयागराज।

संजय कुमार यादव
(ग्राम पंचायत अधिकारी)
ग्राम पंचायत रत्योरा करपिया
वि. ख. कोरांव, प्रयागराज।

# चंद्रयान की सफलता पर शहर से गांव तक जश्न का माहौल

## स्कूल, कालेजों में बच्चों ने मॉडल बनाकर किया खुशी का इजहार

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** चंद्रयान-3 के चंद्रमा के दक्षिणी क्षोर पर सुरक्षित लैण्ड करने की खुशी में शहर से गांव तक युवकों व अन्य वर्ग के लोगों में भारी उत्साह देखने को मिला। स्कूल, कालेजों में बच्चों ने मॉडल बनाया, मिठाईयां बांटी और खुशी का इजहार किया।

साकेत गर्ल्स पी0जी0 कॉलेज में जश्न का माहौल रहा। इस अवसर पर महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ0 नीलिमा श्रीवास्तव द्वारा छात्राओं को विस्तार से चन्द्रयान के प्रक्षेपण से लेकर चाँद की धरती पर अवतरण की कथा को समझाया गया और इस सफलता से हिन्दुस्तान को हाने वाले लाभ की भी चर्चा की गई। अनन्त प्रकाश शुक्ला प्रवक्ता बी0एड्0 विभाग ने कार्यक्रम का संचालन किया और बताया कि इस अभियान की सबसे बड़ी विशेषता यह है कि यह पूर्णतया स्वदशी तकनीक से निर्मित और इसकी सफलता ने यह सिद्ध किया है कि भारतीय वैज्ञानिक कर सोच, बुद्धि और उनके प्रयोग के तरीके विश्व में सर्वश्रेष्ठ है। कार्यक्रम का शुभारम्भ महाविद्यालय की छात्राओं कु0 जयति शुक्ला, कु0 रोहिणी यादव, कु0 प्राची जायसवाल, कु0 कोमल मिश्रा, कु0 श्रेया तिवारी, कु0 स्नेहा तिवारी एवं कु0 जयश्री सिंह द्वारा प्रस्तुत साई वन्दना, सरस्वती वन्दना एवं स्वागत किया गया। कार्यक्रम का संयोजन राष्ट्रीय सेवा योजना के तीनों इकाईयों के कार्यक्रमाधिकारी डॉ0 सरिता सिंह, राहुल मिश्रा एवं अजमल अली अंसारी द्वारा किया किया। उधर संस्कार ग्लोबल स्कूल टेउंगा में चंद्रयान-3 के चंद्रमा पर उतरने पर छात्र-छात्राओं ने गुरुवार को खुशी मनाई। स्कूल के बच्चों ने चंद्रयान का मॉडल बनाकर प्रदर्शित किया।

विद्यार्थियों को बुधवार को लैंडिंग का सजीव प्रसारण भी दिखाया गया। छात्र-छात्राएं हांथ में तिरंगा लेकर भारत माता की जय,वंदे मातरम, जय विज्ञान का उद्घोष करते रहे। गुरुवार को विद्यार्थियों ने नुक्कड़ नाटक की प्रस्तुत कर चंद्रयान-3 की उपलब्धि के बारे में बताया। चेयरपर्सन डा. अंजना सिंह सेंगर ने भारतीय वैज्ञानिकों की टीम के अथक प्रयास का परिणाम बताया।

निदेशक संजय सिंह ने कहा कि ऐतिहासिक क्षण का प्रसारण देख कर विद्यार्थी, शिक्षक व सभी गौरवान्वित महसूस कर रहे हैं। प्रिंसिपल समीना अख्तर ने कहा कि चंद्रयान तीन को चंद्रमा पर उतरते हुए देखने का अनुभव बेहद रोमांच भरा रहा। संध्या शुक्ला व सुधा सिंह ने कहा कि बेहद खास पल को लाइव देखकर मन प्रफुल्लित है। वैज्ञानिकों व इसरो की पूरी टीम को बधाई। प्रिंसिपल समीना अख्तर, संध्या शुक्ला, सुधा सिंह, पंकज सिंह, तरुण शुक्ल, अमित सोनी, सौरभ राकेश, प्रवीण मौर्य, आनन्द सिंह, विकास सिंह, विनोद मौर्य, अजय तिवारी आदि मौजूद रहे। उधर सण्डवा चण्डिका ब्लाक के डंगरी में मार्गदर्शक इंस्टीट्यूट में जैसे ही चंद्रयान की लैंडिंग की खबर मिली, लोग खुशी से झूम उठे। भारत माता के जयकारे लगाते हुए एक दूसरे का मुंह मीठा कराया। इस मौके पर गोविन्द ओझा, आर्यन शर्मा, अनूप शर्मा, आदित्य शर्मा, अंकित वर्मा, शिवकुमार वर्मा व रोहित वर्मा ने एक दूसरे को मिठाई खिलाकर खुशी का इजहार किया।



चंद्रयान-3 की सफलता पर जश्न मनाते साकेत गर्ल्स पीजी कालेज।


चंद्रयान-3 की सफलता पर जश्न मनाते संस्कार ग्लोबल के बच्चे।


चंद्रयान-3 की सफलता पर जश्न मनाते इंस्टीट्यूट के युवा।

# महिला अपराध रोकने की मांग को लेकर जूते की माला पहनकर नगर में घूमे दम्पत्ति

## एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

अखंड भारत संदेश

**लालगंज, प्रतापगढ़।** स्थानीय विकासखण्ड के इटैला गांव निवासी ओमप्रकाश वर्मा व उनकी पत्नी मीरा वर्मा उत्तराखण्ड के उधम सिंह नगर उ×राखण्ड में कर्मयोग साधना समिति के संचालक हैं। इस दम्प×ि ने प्रदेश में महिला व बेटियों के खिलाफ हो रहे अत्याचार के खिलाफ जागरूकता का अजीबोगरीब नुख्शा निकाला है।

जूते की माला पहने ओमप्रकाश वर्मा अपनी पत्नी मीरा के साथ नगर व तहसील में घूम घूम कर महिला अपराध समेत देश में हो रहे जघन्य अपराधों पर लोगों से मिल रहे हैं। इनका कहना है कि देश मे बेटी बचाओं बेटी पढ़ाओ अभियान सफल नहीं होने से लोगों को आये दिन शर्मिदंगी का सामना करना पड़ रहा है। जूता की माला पहनें नगर नगर घूम रहे दम्पत्ति की मांग है कि राष्ट्रहित में केन्द्र व राज्य के उच्चाधिकारियों से उनकी मीटिंग करायी जाय। उनके पास कुछ ऐसे नीतियां व सुझाव हैं जिसके सहारे देश में महिला अपराध समेत कानून व्यवस्था अमूल चूक सुधार हो सकेगा। इस बाबत तहसील में उन्होंने एसडीएम लालधर सिंह यादव को मांगो से सम्बन्धित ज्ञापन भी सौंपा। जूते की माला पहन कर घूम रहे दम्पत्ति को देखने के लिए लोग बाहर निकल आये। ओमप्रकाश वर्मा ने बताया कि पिछले पांच वर्षो से वह शहर शहर गांव गांव इस अभियान को लेकर भ्रमण कर रहे हैं। काफी प्रयास के बाद भी उन्हें शासन प्रशासन के जिम्मेदार उच्चाधिकारियों से मिलने का मौका नहीं दिया गया।

# मिर्गी की बीमारी के चलते नाले मे गिरकर किशोरी की मौत

अखंड भारत संदेश

**परियावां, प्रतापगढ़।** नवाबगंज थाना क्षेत्र के कंदई गाव निवासी सुखई की पुत्री रीता (25) वर्षीय मिर्गी की बीमारी से ग्रस्त थी जिसका उपचार चल रहा था। गुरुवार की सुबह लगभग 9 बजे शौच के लिये घर से थोड़ी दूर नाले के पास गई हुई थी जो पानी मे चली गई जिससे पानी के अंदर पड़े रहने से मौत हो गई उधर परिजन लोग देर होने पर रीता के न लौटने पर उसको देखने गये तो नाले के पानी मे पड़ी हुई थी जिसकी सांसे थम चुकी थी परिजन लोग स्थानीय चिकित्सक के पास ले गये, जहां चिकित्सको ने रीता को मृत घोषित कर दिया परिजनों को मौत की खबर मिलते ही कोहराम मच गया। मृतक रीता के चचेरे भाई राम सुमेर ने पुलिस को घटना की जानकारी दिया। पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पीएम को भेज दिया।

## किशोरी को आरोपियों ने पीटा

**पट्टी, प्रतापगढ़।** विद्यालय से घर लौट रही किशोरी को आरोपियों ने रास्ते में आने जाने के विवाद को लेकर उसे पीट दिया। नेवादा गांव की रहने वाली नगीना पुत्री गुलजार ने बताया कि उसकी पुत्री गुड़िया पुत्र गुलजार बुधवार को विद्यालय से घर आ रही थी रास्ते में उसके पड़ोसी रंजिश में इकट्ठा होकर उसकी बेटी का बाल पड़कर लात घुसो से जमकर मारा पीटा, जिससे उसे काफी चोटे आआई और शोर शराबा करने पर आसपास के लोग दौड़े तब उसकी जान बच सकी। पीड़ित महिला ने आरोपियों के विरुद्ध कानूनी कार्रवाई की मांग की है।

# जिलाधिकारी ने बाल गृह, विद्यालय सहित कई जगहों का किया औचक निरीक्षण

## मनरेगा कार्य में लापरवाही पर खण्ड विकास अधिकारी, एडीओ पंचायत को लगी फटकार

### कृत्रिम गभार्धान के कार्यो में लापरवाही पर पशु चिकित्साधिकारी को लगायी कड़ी फटकार

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** जिलाधिकारी प्रकाश चन्द्र श्रीवास्तव ने शुकुलपुर स्थित बाबा राम उदित सेवा संस्थान द्वारा संचालित शिशु एवं बालगृह, प्राथमिक विद्यालय बढ़नी, भुपियामऊ में मनरेगा द्वारा कराये जा रहे चकरोड निर्माण एवं राजकीय पशु चिकित्सालय एवं कृत्रिम गभार्दान केन्द्र भुपियामऊ का औचक निरीक्षण किया। शिशु एवं बालगृह के निरीक्षण में जिलाधिकारी ने बच्चों के पंजीकृत रजिस्टर का अवलोकन किया एवं वहां पर रखे गये बच्चों को देखा और उनके स्वास्थ्य एवं देखरेख के सम्बन्ध में शिशु गृह के बाल कल्याण अधिकारी से आवश्यक जानकारी प्राप्त की।

बाल कल्याण अधिकारी द्वारा बताया गया कि शिशु गृह में कुल 07 बच्चे है, तीन पालियों में कर्मचारियों की ड्यूटी लगायी गयी जिनके द्वारा बच्चों की देखभाल की जाती है। निरीक्षण के दौरान अपर जिलाधिकारी (वि0/रा0) त्रिभुवन विश्वकर्मा, जिला प्रोबेशन अधिकारी रन बहादुर वर्मा भी उपस्थित रहे। प्राथमिक विद्यालय बढ़नी के निरीक्षण में जिलाधिकारी ने विद्यालय में पंजीकृत बच्चों के रजिस्टर का अवलोकन किया तथा अध्ययनरत बच्चों से पठन-पाठन के सम्बन्ध में जानकारी भी ली। जिलाधिकारी ने कक्षा-4 की छात्रा से उसका नाम अंग्रेजी में पूछा तो छात्रा सही जवाब नही दे सकी जिस पर जिलाधिकारी ने वहां पर उपस्थित अध्यापिका को कड़ी फटकार लगायी और निर्देशित किया कि बच्चों को अच्छी शिक्षा दी जाये इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही न की जाये। विद्यालय में बने मॉडल आंगनबाड़ी केन्द्र का निरीक्षण किया गया। उन्होने वहां पर मिड्-डे-मील के रजिस्टर का अवलोकन भी किया।

जिलाधिकारी नेभुपियामऊ में में मनरेगा द्वारा कराये जा रहे 300 मीटर चकरोड निर्माण का निरीक्षण किया तो वह गुणवत्तायुक्त नही पाया गया एवं वहां पर उपस्थित सेक्रेटरी से जानकारी ली कि कितने मनरेगा मजदूर कार्य कर रहे है तो सेक्रेटरी कोई भी जानकारी नही दे पाये जिस पर जिलाधिकारी ने वहां पर उपस्थित खण्ड विकास अधिकारी सदर, एडीओ पंचायत एवं सेक्रेटरी को कड़ी फटकार लगायी और कहा कि कार्यो की सम्पूर्ण जानकारी होना आवश्यक है ऐसा भविष्य में कदापि न हो। इसी प्रकार जिलाधिकारी ने राजकीय पशु चिकित्सालय एवं कृत्रिम गभार्दान केन्द्र भुपियामऊ का निरीक्षण किया एवं वहां पर उपस्थित पशुओं के टीकाकरण रजिस्टर का अवलोकन किया। उन्होने टीकाकरण रजिस्टर में व्यक्तियों के मोबाइल नम्बरों पर पशुओं के टीकाकरण, कृत्रिम गभार्धान के सम्बन्ध में फोन से जानकारी ली तो बताया गया कि पशुओं को टीका नही लगा है एवं कृत्रिम गभार्धान भी नही किया गया है जिस पर पशु चिकित्साधिकारी को कड़ी फटकार लगायी और कहा कि रजिस्टर में फर्जी नाम लिखकर खानापूर्ति करते हो, यदि ऐसा दुबारा पाया जाता है तो सम्बन्धित के विरूद्ध कड़ी कार्यवाही की जायेगी। उन्होने पशु चिकित्सालय केन्द्र पर साफ-सफाई के सम्बन्ध में सेक्रेटरी को निर्देशित किया कि मजदूरों को लगाकर साफ-सफाई कराना सुनिश्चित करें।


प्राथमिक विद्यालय में बच्ची से पूछताछ करते जिलाधिकारी प्रकाश चंद्र श्रीवास्तव।

# भाजपा ने शुरू किया वोटर चेतना महाअभियान

## भाजपा कार्यालय पर वोटर चेतना महाअभियान की जिला कार्यशाला सम्पन्न

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** भाजपा कार्यालय पर आयोजित कार्यशाला को पंडित दीनदयाल उपाध्याय एवं श्यामा प्रसाद मुखर्जी के चित्र पर पुष्पार्चन एवं दीप प्रज्वलित करके मुख्य अतिथि क्षेत्रीय मंत्री राजेश राजभर एवं अध्यक्षता कर रहे जिला अध्यक्ष हरिओम मिश्र ने शुरू की।

जिला अध्यक्ष हरिओम मिश्र ने बैठक की शुरूआत करते हुए बताया कि राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा के निदेर्शानुसार, प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह चैधरी के मार्गदर्शन में मतदाता सूची के सत्यापन, नए मतदाताओं के पंजीकरण एवं मतदाता सूची में सुधार करने के लिए भाजपा द्वारा वोटर चेतना अभियान शुरू किया गया है, जिसके अंतर्गत जिला, विधानसभा, एवं मंडल स्तर पर विशेष कार्यकताओं को इसकी जिम्मेदारी दी गई है। सर्वप्रथम 28 अगस्त से 10 अक्टूबर तक घर घर सत्यापन अभियान बी एल वो द्वारा किया जायेगा, जिसमें बूथ स्तर के कार्यकताओं को फॉर्म 6 भरवा करके उसके साथ सत्यापन करवाना है। फिर 17 अक्टूबर को अंतरिम वोटर सूची के प्रकाशन के बाद 17 अक्टूबर से 31 नवंबर तक मतदाता सूची की जांच करना है और अगर कोई आपत्ति है तो आपत्ति करते हुए उसका निस्तारण करवाना है। मुख्य अतिथि क्षेत्रीय मंत्री राजेश राजभर ने बताया कि प्रत्येक बूथ पर मतदाताओं की संख्या अधिकतम 1500 तय की गई है।

इससे अधिकांश विधानसभाओं में नई बूथ बन रहे हैं। जिला प्रवक्ता राघवेंद्र शुक्ल ने बताया कि आने वाले रविवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात का कार्यक्रम होना है, इसके लिए सभी मंडल अध्यक्षों से यह सुनिश्चित कर लें कि सभी बूथों पर यह कार्यक्रम संपन्न हो सके। बैठक का संचालन वोटर चेतना अभियान के कार्यक्रम संयोजक जिला मंत्री रामजी मिश्र ने किया। बैठक में समापन करते हुए जिला उपाध्यक्ष राजेश मिश्र राजन ने सभी का आभार प्रकट किया। बैठक में प्रमुख रूप से प्रदेश कार्यसमिति सदस्य शिव प्रकाश मिश्र सेनानी, जिला महामंत्री पवन गौतम, राजेश सिंह, आशीष श्रीवास्तव, सतीश चैरसिया, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष प्रमोद मौर्य, जिला उपाध्यक्ष अशोक सरोज, अलका सरोज, गोकुल श्रीवास्तव, जिला मंत्री, अनुराग मिश्र, अजय वर्मा, नितिन केसरवानी, राम आसरे पाल, रमेश सिंह, साधु दुबे, ओम प्रकाश पांडे गुड्डू, पूर्व महामंत्री अशोक मिश्र, सह मीडिया प्रभारी देवेश त्रिपाठी, प्रतिभा सिंह, रुचि केसरवानी, गजराज सिंह, पंकज मिश्रा, विजय मिश्र आदि कार्यकर्ता उपस्थित रहे।


भाजपा कार्यालय पर आयोजित बैठक में बोलते जिलाध्यक्ष हरिओम मिश्र।

## जानवर चराने की विवाद को लेकर महिला को पीट कर किया जख्मी

**पट्टी, प्रतापगढ़।** खेत में जानवर जाने के विवाद को लेकर महिला को आरोपियों ने मिलकर पीट दिया। पीड़ित महिला ने इस संबंध में पट्टी कोतवाली में शिकायत पत्र दिया है। पट्टी कोतवाली क्षेत्र की नेवादा गांव की रहने वाली जैतून निशा पत्नी छोटेलाल ने बताया कि वह बुधवार की शाम को भैंस चरा रही थी विवादित जमीन जिस पर उसका भी हक है उसके पड़ोसी आधा दर्जन लोग आए और भैंस को मारते हुए बाहर निकाल दिया तथा विरोध करने पर महिला को जान से मारने की धमकी दी पीड़ित महिला ने संबंध में पट्टी कोतवाली में शिकायती पत्र देकर आरोपियों के विरुद्ध उचित कार्यवाही की मांग की है।

# कुएं में गिरी महिला को पुलिस ने सकुशल बाहर निकाला

अखंड भारत संदेश

**लालगंज, प्रतापगढ़।** कोतवाली अर्न्तगत गौखाड़ी गांव के खरांवा निवासी मुस्ताक अहमद की पत्नी राबिया बानो (55) गुरूवार को दोपहर गांव स्थित एक कुएं के पास टहल रही थी। इसी बीच उसका पैर फिसलने से वह कुएं में जा गिरी। उसके कुएं मे गिरता देख आसपास मौजूद ग्रामीण भागकर पहुंचे और रस्सी के सहारे किसी तरह उसे कुएं के गहरे पानी के ऊपर उठा लिया। इसी बीच सूचना पर पहुंची पुलिस व फायर ब्रिग्रेड ने ग्रामीणों की सहायता से महिला को बाहर निकलवाया। घायल महिला को इलाज के लिए स्थानीय अस्पताल भेजवाया गया। जहां प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सकों ने उसे घर भेज दिया। परिजनों के अनुसार महिला को मिर्गी की बीमारी है। उसका इलाज चल रहा है। कोतवाल प्रशासनिक अवन कुमार दीक्षित का कहना है कि कुएं मे गिरी महिला की हालत खतरे से बाहर है। मिर्गी की बीमारी के चलते वह कुएं में गिर गयी थी।

# खेल से युवाओं को मिलता है अपनी प्रतिभा दिखाने का अवसरः सांसद

## गजाधरपुर नरियावां में आयोजित लंबी कूद प्रतियोगिता में शामिल हुए सांसद

अखंड भारत संदेश

**कुण्डा, प्रतापगढ़।** खेल से युवाओं को अपनी प्रतिभा दिखाने का अवसर मिलता है। खास कर गांवों में ऐसे आयोजन से युवाओं को नई दिशा मिलती है। उक्त बातें कौशांबी सांसद,संसदीय आचार समिति लोकसभा के चेयरमैन, दादरा नगर हवेली एवं दमन दीव के प्रभारी विनोद सोनकर बुधवार को नरियावां गजाधरपुर में आयोजित लंबी कूद प्रतियोगिता में बतौर मुख्य अतिथि कही।

सांसद विनोद सोनकर ने कहा कि केंद्र की मोदी एवं प्रदेश की योगी सरकार में क्षेत्र का सर्वांगीण विकास हो रहा है। 2014 में जब मैं चुनाव लडने आया था। तब की सड़क ऐसी थी। विकास कुंडा बाबागंज से कोसो दूर था। 2014 के बाद कुंडा बाबागंज में विकास की धारा चली। जो निरंतर चल रही है। आज क्षेत्र में अच्छी सड़के है। पुराने तार बदले जा रहे है। जिसके कारण अब विद्युत लाइन फाल्ट की समस्या से छुटकारा मिलेगा। प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले तौसीफ बेलाही को ईनाम देकर सम्मानित किया। इसके बाद भाजपा नेता मनोज तिवारी के आवास पर चाय पर चर्चा की। चंद्रयान 3 की सफल लैंडिंग पर बधाई दी। इसके बाद नगर पंचायत हीरागंज बाजार में प्रथम आगमन पर चेयरमैन प्रतिनिधि उदय शंकर पाण्डेय, अधिशाषी अभियंता नगर पंचायत अजय सिंह सहित अन्य लोगों ने सांसद विनोद सोनकर को माला पहना कर स्वागत किया। सांसद विनोद सोनकर ने नगर पंचायत हीरागंज बाजार के कार्यालय निर्माण के प्रगति के सम्बन्ध में अधिकारियों से वार्ता कर जल्द निर्माण कार्य प्रारम्भ करने का निर्देश दिया। इसके बाद स्व0 अमर बहादुर सिंह लाट बाबू की 10 वी पुण्यतिथि पर शामिल होकर उनकी प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित की। इस दौरान भाजपा नेता शिव प्रकाश मिश्र सेनानी, जिला अध्यक्ष हरि ओम मिश्र, जिला उपाध्यक्ष राजन मिश्र, सांसद मीडिया प्रभारी भूपेन्द्र पाण्डेय, पूर्व जिला उपाध्यक्ष कमलेश सोनकर, सरोज त्रिपाठी,पूर्व प्रत्याशी पवन गौतम, गोलू शुक्ल, डा0 सुमन साहू, बबलू मिश्र, आशुतोष मणि द्विवेदी, गुड्डू पाण्डेय, शुभम तिवारी, देवराज मौर्य, हिमांशु मिश्र, राजेश मौर्य, उदय मिश्र, रामकुमार कोरी, सर्वज्ञ पाण्डेय सहित बड़ी संख्या में लोग उपस्थित रहे।

# प्रदेश अध्यक्ष अजय राय के पदभार ग्रहण समारोह में शामिल होने रवाना हुए कांग्रेसी

## कांग्रेस पदाधिकारियों एवम कार्यकताओं का जत्था लखनऊ रवाना

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** जिला कांग्रेस कमेटी के तत्वावधान में जिले के कांग्रेसी आज नवनियुक्त प्रदेश अध्यक्ष अजय राय के स्वागत हेतु लखनऊ रवाना हो गए। ज्ञात हो कि उ0प्र0 कांग्रेस के अध्यक्ष पांच बार विधायक व मंत्री रहे हैं, प्रयागराज जोन के अध्यक्ष रहे अजय राय को केंद्रीय नेतृत्व ने प्रदेश की कमान सौंपी है। श्री राय आज प्रदेश कांग्रेस कार्यालय में अपना पदभार ग्रहण करेंगे।

राज्यसभा के सांसद व उपनेता राज्यसभा प्रमोद तिवारी व कांग्रेस विधान मंडल दल की नेता आराधना मिश्रा मोना के निर्देश पर जिला कांग्रेस कमेटी के नेतृत्व में सैकड़ों की संख्या में कांग्रेस जन प्रदेश अध्यक्ष के स्वागत हेतु यहां से रवाना हुए। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष डॉ0 लालजी त्रिपाठी ने कहा कि श्री राय के आने से प्रदेश में कांग्रेस मजबूत होगी और उसे खोई हुई जमीन वापस मिलेगी। यूथ कांग्रेस के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष डॉ0 नीरज त्रिपाठी ने कहा कि प्रधानमंत्री के खिलाफ वाराणसी से चुनाव लड़ चुके, पूर्वांचल के शेर अजय राय के प्रदेश अध्यक्ष बनाये जाने से कार्यकताओं में नया जोश आया है। इस मौके पर लखनऊ जाने वालों में नगर अध्यक्ष इरफान अली एवम पी सी सी सदस्य डॉ. प्रशान्त देव शुक्ला, कोषाध्यक्ष वेदान्त तिवारी, वरिष्ठ उपाध्यक्ष डॉ.वी.के.सिंह, कांग्रेस सेवादल के जिलाध्यक्ष महेन्द्र शुक्ला, पिछड़ा वर्ग कांग्रेस के प्रदेश महासचिव राम लवट यादव,अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के पूर्व जिलाध्यक्ष मुब्बी माबूद,महिला कांग्रेस अध्यक्ष सरोज कश्यप, विधि प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष मकरंद शुक्ला, आर.पी. वर्मा, विश्वनाथगंज कांग्रेस प्रत्याशी रहे प्रशान्त सिंह, कांग्रेस जिला महासचिव आशुतोष तिवारी, उपाध्यक्ष सलीम उल्ला,प्रमोद तिवारी यूथ ब्रिगेड के जिलाध्यक्ष दानिश माबूद, इंद्रानंद तिवारी सैकड़ो लोग मौजूद रहे।


लखनऊ के लिये रवाना होते कांग्रेस पदाधिकारीगण।

# देवरानी और जेठानी को पड़ोसियों ने पीट कर किया जख्मी

अखंड भारत संदेश

**पट्टी, प्रतापगढ़।** खेत में घास काटने के लिए गई घर की दो महिलाओं को उनके आधा दर्जन पड़ोसियों ने गालियां देते हुए मारपीट कर जख्मी कर दिया। पीड़ित महिला ने इस संबंध में पट्टी कोतवाली में शिकायत पत्र दिया है। पट्टी कोतवाली क्षेत्र के बेला गांव की रहने वाली अनीता पत्नी विजय कुमार वर्मा ने बताया कि गुरुवार की सुबह 8 बजे वह और उसकी जेठानी खेत में घास काटने गई थी धान की फसल को जानवरों द्वारा चराने का आरोप लगाकर उसके पड़ोसी आधा दर्जन लोग मारने पीटने लगे विरोध करने पर एक आरोपी ने महिला को दांत से काटकर जख्मी कर दिया। पीड़ित महिला ने इसकी सूचना पट्टी कोतवाली में देते हुए आरोपियों पर उचित कार्रवाई की मांग की है।

# बालिका को ओवरलोड बालू ट्रैक्टर ने कुचला मौत

24 घंटे बीतने के बाद भी बालिका के मौत के जिम्मेदार दोषी चालक को पुलिस ने नहीं भेजा जेल



अखंड भारत संदेश

**कौशाम्बी।** मंझनपुर सर्किल क्षेत्र के कौशांबी थाना अंतर्गत कायमपुर गांव में बुधवार की शाम 7:00 बजे ओवरलोड बालू ट्रैक्टर के चालक ने एक बालिका को कुचल दिया जिससे मौके पर बालिका की तड़प तड़प कर दर्दनाक मौत हो गई बालिका की मौत की जानकारी मिलते ही परिजन रोते बिलखते घटनास्थल पर पहुंच गए मौके पर ग्रामीणों का मजमा लग गया मामले की सूचना पुलिस को दी गई मौके पर पहुंची पुलिस ने बालिका के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया घटनास्थल पर मौजूद ट्रैक्टर ट्राली को पुलिस ने अपने कब्जे में ले लिया है गुरुवार को बालिका का शव पोस्टमार्टम हाउस से वापस आ गया है अश्वपूर्ण नेत्रों से सैकड़ो लोगों की मौजूदगी में बालिका का अंतिम संस्कार कर दिया गया है लेकिन 24 घंटे बीत जाने के बाद भी पुलिस ने ट्रैक्टर चालक को जेल नहीं भेजा है। जानकारी के मुताबिक कौशांबी थाना क्षेत्र के कयामपुर गांव की रहने वाली लक्ष्मी 8 वर्ष पुत्री कल्लू नाई बुधवार की शाम 7:00 बजे वापस घर की ओर जा रही थी इसी बीच ओवरलोड बालू लेकर गंगा का ट्रैक्टर तेज गति से जा रहा था बताया जाता है कि ट्रैक्टर गंगा का लड़का कृष्णा चल रहा था अनियंत्रित ट्रैक्टर चालक कृष्ण ने बालिका लक्ष्मी को रौंद दिया है जिससे घटनास्थल पर बालिका लक्ष्मी की दर्दनाक मौत हो गई है मौत की जानकारी मिलते ही मौके पर ग्रामीणों का भीड़ लग गई सूचना मिलते ही रोते बिलखते परिजन भी घटनास्थल पर पहुंच गए पुलिस ने बालिका के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और मौके पर मौजूद ट्रैक्टर ट्राली को पुलिस अपने कब्जे में ले गई है आखिर ओवरलोड बालू लेकर किसके संरक्षण में ट्रैक्टर ट्राली इलाके में दौड़ रहे हैं थाना पुलिस के कार्यो पर यह सवाल खड़ा हो रहा है चचाओं पर जाए तो जिस ट्रैक्टर ट्राली से बालू का परिवहन करते समय दुर्घटना में बालिका की मौत हुई है उस ट्रैक्टर की ट्राली का रजिस्ट्रेशन भी पंजीकृत नहीं है ट्रैक्टर का रजिस्ट्रेशन भी व्यवसायिक नहीं है इंश्योरेंस भी ट्रैक्टर चालक के पास नहीं था कृषि कार्य के ट्रैक्टर के रजिस्ट्रेशन पर बालू परिवहन का कार्य कैसे किया जा रहा था आखिर एक तरफ योगी सरकार वाहनों की चेकिंग का निर्देश दे रही है लेकिन बालू परिवहन में लगे बिना रजिस्ट्रेशन के ट्रॉली ट्रैक्टर सड़कों पर कैसे दौड़ रही है बिना इंश्योरेंस के ट्रैक्टर और ट्राली सड़कों पर कैसे बालू परिवहन करने में लगे हैं यह तमाम सवाल थाना पुलिस के कार्यों पर खड़े हो रहे हैं यदि ट्रैक्टर ट्राली के संपूर्ण अभिलेखों की पुलिस अधिकारियों ने जांच कराई तो बालू माफिया और ट्रैक्टर वाहन स्वामी की मुसीबत बढ़ाना तय है।

## राहगीर को टक्कर मारने के बाद पेड़ से टकराई चार पहिया वाहन एक की मौत दो लहूलुहान



**कड़ा कौशाम्बी।** कड़ा धाम कोतवाली क्षेत्र के मीरपुर तकिया भैरव बाबा मंदिर के पास गुरुवार की सुबह तेज रफ्तार फोर व्हीलर ने एक ब्यक्ति को टक्कर मारते हुए अनियंत्रित होकर पेड़ से टकरा गई है हादसा देख मौके पर लोगों का मजमा लग गया है मामले की सूचना पुलिस को दी गई है और घायल व्यक्ति को इलाज के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है इलाज के दौरान एक व्यक्ति की मौत हो गई है दो अन्य घायल लोगों का अस्पताल में इलाज चल रहा है मौत की जानकारी मिलते ही परिवार में कोहराम बज गया है। जानकारी के मुताबिक कड़ा धाम कोतवाली क्षेत्र के मीरपुर तकिया गांव निवासी ओमप्रकाश दूध का व्यवसाय करते हैं गुरुवार की सुबह-सुबह दूध देकर वह वापस लौट रहे थे जैसे ही मीरापुर तकिया गांव के भैरव बाबा मंदिर के पास सड़क परओमप्रकाश पहुंचे तेज रफ्तार अनियंत्रित फोर व्हीलर वाहन ने उन्हें टक्कर मार दी टक्कर मारने के बाद वाहन चालक अनियंत्रित हो गया और पेड़ से टकरा गया है हादसा देखकर आसपास के तमाम लोग मौके पर पहुंचे घायल ओम प्रकाश वा अन्य घायलों को इलाज के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां इलाज के दौरान ओमप्रकाश की मौत हो गई है मामले की जानकारी मिलते ही मौके पर थाना पुलिस पहुंची है और मृतक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है हादसे की जानकारी मिलते ही मृतक के परिजन भी रोते बिलखते रोटी पहुंच गए हैं पेड़ से टकराने के बाद चार पहिया वाहन में सवार दो लोग घायल हो गए हैं जिन्हें इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है खबर लिखे जाने तक दोनों घायलों का नाम पता नहीं मालूम हो सका है।



## दुपट्टे से गला घोटकर नाबालिग किशोरी की हत्या

**प्रेमी के दरवाजे पर किशोरी की टूटी चूड़ी और मिले किशोरी के सिर के नोचे गए बाल**

**कौशाम्बी।** मंझनपुर कोतवाली क्षेत्र के मंगरोहनी गांव में एक नाबालिग किशोरी का गला घोंटकर दिन दहाड़े मौत के घाट उतार दिया गया है हत्या के पूर्व अपनी जान बचाने के लिए किशोरी ने हमलावरों से जमकर संघर्ष किया है मौके पर किशोरी के नोचे गए बाल और टूटी हुई चूड़ियां मिली हैं मामले की सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने बालिका के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है रेप के बाद किशोरी की हत्या का आरोप पड़ोसी युवक वा उसके परिजनों पर लगा है हत्या के बाद किशोरी के शव को उसके दरवाजे पर फेंक कर हत्यारे फरार हो गए है किशोरी के परिजनों का आरोप है कि रेप के बाद वीडियो बनाकर वायरल किया गया है जिसका किशोरी ने विरोध किया था प्रेमी और उसकी बहनों पर दुपट्टे से गला दबाकर किशोरी की हत्या का आरोप है प्रेमी के घर के बाहर टूटी हुई चूड़ियां वा सिर से नोचे गए बाल भी मिले हैं सूचना मिलने पर एएसपी, मंझनपुर सीओ, मंझनपुर थाना फोर्स व महिला थाना फोर्स समेत फोरेंसिक टीम जांच के लिए मौके पर पहुंची है। शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

# चिन्हित सैम बच्चों को पोषण पुनर्वास केन्द्र में भर्ती सुनिश्चित कराने के डीएम ने दिए निर्देश

## जिलाधिकारी ने की जिला पोषण समिति की बैठक





अखंड भारत संदेश

**कौशाम्बी।** जिलाधिकारी सुजीत कुमार द्वारा उदयन सभागार में सम्बन्धित अधिकारियों के साथ जिला पोषण समिति की बैठक की गई।बैठक में जिलाधिकारी ने पोषण पुनर्वास केन्द्र में भर्ती सैम बच्चों की जानकारी प्राप्त करते हुए अपेक्षित संख्या में सैम बच्चों को पोषण पुनर्वास केन्द्र में भर्ती न कराये जाने पर नाराजगी प्रकट करते हुए सभी सीडीपीओ को चिन्हित सैम बच्चों को पोषण पुनर्वास केन्द्र में भर्ती सुनिश्चित कराने के निर्देश दियें। इसके साथ ही उन्होंने चिन्हित सैम बच्चों के परिवारां को सहभागिता योजना के तहत गौशालाओं से गायों को भी सुपुर्द कराने के निर्देश दियें। उन्होंने सभी सीडीपीओ को सम्बन्धित खण्ड विकास अधिकारियों से समन्वय कर सभी सरकारी ऑगनबाड़ी केन्द्रों में रेन वाटर हार्वेस्टिंग बनवाने तथा ऑगनबाड़ी केन्द्रों में कायाकल्प के तहत सभी कार्यों को शीघ्र पूर्ण करवाने के निर्देश दियें। उन्होंने सभी सीडीपीओ को निर्देशित किया कि यह सुनिश्चित किया जाय कि ऑगनबाड़ी कार्यकत्री वीएचएसएनडी सेशन पर वजन मशीन अवश्य लेकर जायें। उन्होंने पोषण ट्रैकर एवं ई-कवच पोर्टल पर फीडिंग की समीक्षा के दौरान शत-प्रतिशत फीडिंग सुनिश्चित कराने के निर्देश दियें इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी डॉ0 रवि किशोर त्रिवेदी एवं जिला कार्यक्रम अधिकारी सुरेश कुमार गुप्ता सहित अन्य सम्बन्धित अधिकारीगण उपस्थित रहे।

## सार्वजनिक हित की संस्थानों को नष्ट कर उन पर निजी कब्जा करने का माननीय पर आरोप

**अधिवक्ता प्रेमचंद चौरसिया ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को पत्र भेजकर बल्लभ राम सालिग राम मेहता अस्पताल बचाने की लगाई गुहार**

**कौशाम्बी।** भरवारी कस्बे के रहने वाले वरिष्ठ अधिवक्ता प्रेमचंद चौरसिया ने देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को पत्र भेजकर भरवारी कस्बे में देश आजादी के पूर्व से जन हित मे संचालित वल्लभ राम सालिग राम मेहता अस्पताल की संपत्तियों को बचाने की गुहार लगाई है प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को भेजे पत्र में अधिवक्ता प्रेमचंद चौरसिया ने कहा कि पिछड़ा जिला होने के चलते इस जिले में अपवाद को छोड़कर कौशांबी जिले में अधिकांश पदोन्नति आईपीएस और आईएएस अधिकारियों की तैनाती की गई है जनपद कौशांबी पिछड़ा में शामिल है उत्कृष्ट कार्य करने वाले आईपीएस और आईएएस अधिकारियों की वरीयता क्रम के अनुसार उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा सूची प्रकाशित की गई है नव सृजित जनपद कौशांबी वरीयता सूची में काफी नीचे है शासन की नीतियों के क्रियान्वयन जनकल्याण चुस्त दुरुस्त शासन व्यवस्था से कोई वास्ता नहीं होता है केवल अवैध धन कामना इनका उद्देश्य है सेवा के प्रति समर्पित अधिकारी ही कौशांबी जिले को मिले। जनकल्याण पर निजी कल्याण को वारियता दी जा रही है सार्वजनिक हित के संस्थानों को नष्ट कर उन पर निजी कब्जा कर कई कई कंपनियां बनाकर हजारों करोड़ रुपए के मालिक माननीय बन चुके हैं देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को भेजे पत्र में वरिष्ठ अधिवक्ता प्रेमचंद चौरसिया ने कहा कि भरवारी कस्बे के बल्लभ राम सालिग राम मेहता अस्पताल में हजारों फलदार वृक्ष को एक जनप्रतिनिधि और उनके लोगों द्वारा काट दिया गया है अस्पताल के भवन को तोड़कर खंडहर बना दिया गया है और अस्पताल परिसर की जमीनों को प्लांट बनाकर बेचा जा रहा है वरिष्ठ अधिवक्ता प्रेमचंद चौरसिया ने देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का ध्यान आकर्षित करते हुए कहा है कि बल्लभ राम सालिग राम मेहता अस्पताल भरवारी की जमीन की प्लाटिंग कर 500 करोड़ से अधिक रुपए अर्जित किए जाने का प्रयास किया जा रहा है जनहित की संपत्ति मेहता अस्पताल की संपत्ति को बचाई जाए इस पर कब्जा करने वाले लोगों के मंसूबे को फेल किया जाए।

## न्यूज झरोखा

### रोजगार मेले में बेरोजगारों का हुआ चयन





**कौशाम्बी।** कौशल विकास प्रशिक्षण केन्द्र द्वारा हरिराज कृष्णा देवी कन्या महाविद्यालय, चरवा के परिसर में गुरुवार को एक दिवसीय रोजगार मेले का आयोजन किया गया जिसमें निजी क्षेत्र की कंपनियों क्रमशः डस्की कंसल्टेंसी ने कुल 28 तथा शिवशक्ति बायोटेक्नोलॉजी ने कुल 07 चयन किये। इस रोजगार मेले में मुख्य अतिथि शेखर पाण्डेय जिला सह संयोजक सहकारिता प्रकोष्ठ भारतीय जनता पार्टी उपस्थित रहे उन्होने चयनित अभ्यर्थियों के उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए सरकार द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं की जानकारी प्रदान की। मेले में उपस्थित सभी प्रतिभागी अभ्यर्थियों का कॅरियर काउन्सिलिंग जिला सेवायोजन अधिकारी गौतम घोष ने करते हुए उन्हें उनकी योग्यतानुसार क्षेत्र चुनने हेतु प्रेरित किया विनोद कुमार सिंह वरिष्ठ सहायक ने मंच संचालन करते हुए प्रतिभागी कंपनियों के भर्ती अधिकारियों का परिचय करवाया और उनकी संबंध में जानकारी प्रदान की। इस रोजगार मेले में भर्ती अधिकारियों के साथ-साथ कौशल विकास विभाग के एम०आई०एस० प्रबंधक दीपक मौर्य व राजकीय आईटीआई के प्लेसमेंट प्रभारी विनय कुमार सिंह मौजूद रहे।

### चंद्रयान-3 की सफलता पर बाटी गई मिठाइयां



**टेढ़ी मोड़ कौशांबी।** सिराथू तहसील के टेडीमोड चौराहे पर चंद्रयान 3 सफल लैंडिंग का दृश्य देखने के लिए तमाम लोग इकट्ठे हुए इसरो के इस सफलता के तमाम लोग साक्षी बने चंद्रयान 3 की सफलता के बाद भारत माता के जय के जयकारे लगाएं गए और मिठाई बांटकर खुशियां मनाई गए इस मौके पर दिनेश केसरवानी हरीश प्रजापति सीता शरना बसंत पाल इत्यादि लोग उपस्थित रहें।

### डीसीएम ने सड़क किनारे खड़ी रोडवेज बस में मारी टक्कर

**कोखराज कौशांबी।** कोखराज थाना क्षेत्र के चाकवन चौराहे के पास साइकिल सवार दूधिया सरोज साहू उम्र लगभग 38 पुत्र रमाशंकर निवासी कशिया पश्चिम थाना कोखराज को तेज रफ्तार डीसीएम ने टक्कर मार दिया है साइकिल सवार को टक्कर मारने के बाद डीसीएम चालक नियंत्रण खो बैठा और ढाबे में खड़े रोडवेज बस को टक्कर मार दिया है इस हादसे में रोडवेज बस पलट गई है हादसा देखकर डीसीएम चालक मौके से फरार हो गया है साइकिल सवार दूधिया गंभीर रूप से घायल हो गया है जिसे स्थानीय लोगों की मदद से पुलिस ने इलाज के लिए जिला अस्पताल भेजा है जहां उसकी हालत गंभीर बताई जाती है हादसे के बाद रोडवेज बस में कितनी सवारियां घायल हुई है खबर लिखे जाने तक इस बात की जानकारी नहीं मिल सकी है

### वृद्धा पेंशन धारक बैंक खाते से फीड कराएं आधार

**कौशांबी।** राष्ट्रीय वृद्धावस्था पेंशन योजना में पेंशनरों द्वारा बैंक खाता आधार सीड कराए जाने हेतु मुख्य विकास अधिकारी ने संबंधित खंड विकास अधिकारियों और नगर पालिका परिषद को निर्देशित किया है निदेशालय समाज कल्याण उत्तर प्रदेश लखनऊ ने निर्देश दिए हैं के राष्ट्रीय वृद्धावस्था पेंशन योजना अंतर्गत पेंशनरों के पेंशन का भुगतान पहली बार आधार बेस्ट प्रणाली के माध्यम से किया गया है जिससे पेंशनरों के बैंक खाता आधार सीट न होने के कारण पेंशनरों का भुगतान नहीं हो सका है राज्य सूचना विज्ञान अधिकारी योजना भवन लखनऊ द्वारा उपलब्ध कराई गई जनपद कौशांबी के कुल 8006 पेंशनरों के बैंक खाते में आधार सीड ना होने के कारण पेंशन का भुगतान निदेशालय समाज कल्याण विभाग द्वारा नहीं हो रहा है समाज कल्याण अधिकारी दिलीप कुमार ने बताया कि बैंक में आधार सीड करने में समस्या आने पर लीड बैंक प्रबंधक के मोबाइल नंबर 95 5495 1705 पर राष्ट्रीय वृद्धावस्था पेंशन के लाभार्थी संपर्क कर बैंक में आने वाली समस्या का समाधान कर सकते हैं उन्होंने कहा कि वृद्धावस्था पेंशन के लाभार्थी बैंक जाकर बैंक में आधार सीड करा लें जिससे उनका पेंशन सुचारू रूप से उन्हें मिलती रहे।

### महिला की मिली लाश नहीं हुई शिनाख्त

**अझुवा कौशाम्बी।** सैनी कोतवाली क्षेत्र के नगर पंचायत सिराथू परशीपुर आश्रय आवास के पास गुरुवार को एक महिला का कई दिन पुराना शव मिला है महिला की शिनाख्त खबर लिखे जाने तक नही हो सकी है सूचना पर सिराथू सर्किल आफिसर अवधेश विश्वकर्मा पुलिस फोर्स और फोरेंसिक टीम के साथ मौके पर पहुंचे हैं,शव को कब्जे में लेकर कागजी करवाई में पुलिस जुट गई है।

### बिजली किल्लत से जूझ रहा बारा ब्लाक

**कौशाम्बी।** मंझनपुर क्षेत्र के बारा ब्लाक के दर्जनों गांव में लगातार बिजली कटौती से आम जनमानस परेशान है भीषण गर्मी के चलते लोगों का जीना मुहाल है कुछ समय के अंतराल में बार बार बिजली कटौती की जाती है जिससे लोगों में आक्रोश व्याप्त है बारा ब्लॉक क्षेत्र के अलावा अन्य क्षेत्रों में भी बिजली कटौती से विद्युत उपभोक्ता आजिज आ चुके हैं लेकिन विभागीय अधिकारी आम जनता की आवाज को सुनने को तैयार नहीं है सांसद विधायक भी आम जनमानस की आवाज बन कर समस्या समाधान करने का प्रयास नहीं कर रहे हैं बिजली विभाग दस मिनट लाईट लोबोल्टेज दे कर कई घण्टे बिजली सप्लाई काट देते है ग्राम सोनवारा निवासी निगम त्रिपाठी घनस्याम पाल भुल्लान सेन चोटकू सेन राम बाबू पाल का कहना है कि इस गर्मी में बिजली की कटौती से विद्युत उपभोक्ता सारी रात सो नही पाते ऐसे गर्मी में कीड़े मकोड़े काटते रहते है जिससे सारी रात जागना पड़ता है बिजली विभाग की बड़ी लापरवाही से जनमानस काफी परेशान है आम जनमानस का कहना है कि बिजली विभाग के रवैया में सुधार नहीं हुआ तो जनता का आक्रोश सड़क पर उतर सकता है।





# अनुपयोगी जमीन में मोटे अनाज की खेती प्रारम्भ करें किसानः सीडीओ

**कौशाम्बी।** खाली पड़ी जमीन में मोटे अनाज अर्थात श्री अन्न की खेती किसान प्रारम्भ करें यह उदगार जनपद कौशाम्बी के मुख्य विकास अधिकारी डॉ रवि किशोर त्रिवेदी ने कृषि विज्ञान केन्द्र में आयोजित उ.प्र. मिलेट्स पुनरोद्धार कार्यक्रम (राज्य सेक्टर) के अंतर्गत प्रशिक्षण एवं क्षमतावर्धन कार्यक्रम के दौरान कही यह प्रशिक्षण कार्यक्रम कृषि विज्ञान केन्द्र परिसर में आयोजित किया गया जिसका उद्घाटन मुख्य अतिथि के रूप में मुख्य विकास अधिकारी डॉ रवि किशोर त्रिवेदी ने दीप प्रज्वलित कर की उन्होंने अपने उद्बोधन में प्रशिक्षण में आये हुए कृषको से आवाहन किया कि सामान्य भूमि में किसान भाई जो भी खेती कर रहे है वो करें लेकिन उन खेतों में जहां सिचाई की सुविधा कम हो या जो जमीन खाली पड़ी हो उसका उपयोग मोटे अनाजो की खेती हेतु करें जिससे खेती हेतु भूमि का रकबा बढे साथ ही साथ मोटे अनाज जैसे ज्वार, बाजरा मडुआ, रागी, कोदो, सांवा एवं रामदाना फसलो की खेती हो सके। कृषि विज्ञान केन्द्र कौशाम्बी के वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं प्रमुख डॉ अजय कुमार ने अवगत कराया कि केन्द्र द्वारा उ.प्र. मिलेट्स पुनरोद्धार कार्यक्रम (राज्य सेक्टर) के अंतर्गत प्रशिक्षण एवं क्षमतावर्धन कार्यक्रम दिनाँक 23 से 26 अगस्त 2023 के दौरान आयोजित किये जायेंगे जिसमे जनपद के सभी विकास खण्ड के 25-25 कृषक प्रतिभाग करेंगे आगे उन्होंने कहा कि इस कार्यक्रम का उद्देश्य कृषको को मिलेट्स (मोटे अनाज) की खेती पुनः प्रारम्भ करने हेतु जागरुक करना है। 23 अगस्त को आयोजित प्रशिक्षण कार्यक्रम में विकास खण्ड चायल एवं मूरतगंज के 25-25 कुल 50 कृषको ने प्रतिभाग कियो इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में केन्द्र के वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं अध्यक्ष डॉ अजय कुमार ने कृषको को मोटे अनाज की खेती करने के बारे विस्तृत जानकारी प्रदान की जिसमे उन्होंने कहा कि किसान भाई मोटे अनाज की खेती कम लागत में कर सकते है तथा इसके उत्पाद का सेवन करते हुए उत्तम स्वास्थ्य प्राप्त कर सकते है उप कृषि निदेशक एस. के. तिवारी ने कृषको को मोटे अनाज की खेती के फायदे के बारे में बतायो साथ ही साथ उन्होंने मोटे अनाजो के फसलो कोदो, सांवा, रागी के मिनी किट जिसका जिसका वितरण कृषि विभाग द्वारा खरीफ मौसम में किया गया है उसका विस्तार पूर्वक प्रगति विवरण बताई एवं आगे इस योजना को जनपद में बढ़ावा देने हेतु समय-समय पर प्रशिक्षण एवं जागरूकता कार्यक्रम आयोजित करने की बात कही। जिला कृषि अधिकारी मनोज कुमार गौतम ने प्रतिभागियों को मोटे अनाज से सम्बंधित विभागीय योजनाओ के बारे में बतायो कृषि विज्ञान केन्द्र की गृह वैज्ञानिका डॉ मीनाक्षी सक्सेना ने प्रशिक्षण कार्यक्रम में मोटे अनाजो से बनने वाले विभिन्न प्रकार के व्यंजन के बारे में जानकारी प्रदान की कार्यक्रम में केन्द्र के सभी वैज्ञानिक, कर्मचारी सहित चायल एवं मूरतगंज विकास खण्ड से आये हुए संतोष कुमार, अनिल कुमार, मुकेश कुशवाहा, राकेश दिवाकर,अरुण लाल, छोटे लाल, पंकज सिंह, गिरीश कुमार, जगजीवन राम इत्यादि कृषको ने प्रतिभाग किया।

## झूला झूलते समय महिलाओं से छेड़खानी विरोध करने पर महिला के परिजनों को पीटा

**कौशांबी** चरवा थाना क्षेत्र के पूरे कलापत गांव में नाग पंचमी के दिन महारानियां के बेटे अजय संजय और उनके घर की महिलाएं झूला झूल रही थी इसी बीच गांव का संतलाल पहुंचा और गाली गलौज करते हुए छेड़खानी करने लगा जब अजय संजय ने विरोध किया तो संतलाल ने अपने बेटे शिवचरन अनिल और राम सुमेर उसके बेटे राजेंद्र वीरेंद्र सचिन को भी बुला लिया आधा दर्जन लोगों ने मिलकर अजय संजय हरिओम आदि को लात घूसों से बेरहमी से पीटा है मामले की सूचना थाना पुलिस को दी गई है लेकिन 3 दिन बीत जाने के बाद हमलावरों पर मुकदमा दर्ज कर गिरफ्तारी नहीं हुई है जिस पर अजय की माँ महारानियां पत्नी जवाहरलाल ने क्षेत्राधिकारी चायल को तहरीर देकर मुकदमा दर्ज कराए जाने की मांग की है।

# सोते समय पिता पुत्र पर कुल्हाड़ी लाठियों से हमला

## घायल अवस्था में पिता पुत्र दोनों का जिला अस्पताल में चल रहा इलाज



अखंड भारत संदेश

**कौशाम्बी।** सराय अकिल थाना क्षेत्र के बैर गांव में सोते समय पिता पुत्र पर कुल्हाड़ी लाठियां से हमला किया गया है जिससे दोनों को गंभीर चोटे आई हैं घायल अवस्था में दोनों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है मामले की सूचना पुलिस को दी गई है। घटनाक्रम के मुताबिक सराय अकिल थाना क्षेत्र के बैर गांव निवासी मानसिंह पुत्र सोतीलाल वा उनका बेटा गोलू पुत्र मानसिंह बुधवार की रात्रि घर के बाहर टीन शेड के नीचे सो रहे थे आधी रात को गांव के सियाराम बृजलाल वा तोता लाठी डंडा कुल्हाड़ी लेकर पहुंचे और सोते समय मानसिंह वा उसके बेटे गोलू पर लाठी कुल्हाड़ी से हमला कर दिया जिससे दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए हैं चीख पुकार की आवाज सुनकर परिवार वा आसपास के लोग मौके पर पहुंचे और हमलावरों को ललकारा ग्रामीणों के ललकारने के बाद हमलावर मौके से फरार हो गए घायल अवस्था में पिता पुत्र दोनों को इलाज के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है घटना की सूचना मोहनलाल ने थाना पुलिस को दी है मामले में पुलिस जांच और कार्यवाही कर रही है।

# दीवार में सेंधकर जेवर व नगदी सहित लाखों का सामान चोरी



**चायल कौशांबी।** पिपरी थाना क्षेत्र के चायल खास कस्बे में बीती रात रामगोपाल साहू पुत्र सालिग राम साहू के घर की दीवाल में सेंध करके घर के अंदर घुसे चोरों ने घर मे रखा बक्से का ताला तोड़कर चोर सोने चांदी के जेवर नगदी सहित लाखों का सामान उठा ले गए हैं घर के भीतर घुसे बेखौफ चोरों ने घर का बर्तन साइकिल टुल्लू मोबाइल आदि सामान भी पार कर दिया है घटना की जानकारी होने के बाद परिजनों के होश उड़ गए हैं और मामले की सूचना पीड़ित परिवार ने चायल चौकी पुलिस को दिया है लेकिन खबर लिखे जाने तक घटना के खुलासे में पुलिस रत्ती भर आगे नहीं बढ़ सकी है चायल कस्बे में पुलिस चौकी स्थापित होने के बाद कस्बे में हो रही चोरी की घटनाओं ने चौकी पुलिस की पुलिसिया व्यवस्था पर सवाल खड़ा कर दिया है पुलिस की गस्त तेज होती पैदल ग्रस्त पुलिस करती होती चोर उचक्कों को पाबंद करती होती तो शायद कस्बे के भीतर चोरी की घटनाओं को अंजाम देने का साहस चोर नहीं करते लेकिन कस्बे के अंदर पुलिस चौकी से कुछ दूर पर चोरी की घटना के बाद एक बार फिर चौकी पुलिस की लापरवाही उजागर हुई है खबर लिखे जाने तक घटना का खुलासा पुलिस नही कर सकी नगर क्षेत्र में चोरी की घटना के बाद लोगों में दहशत और भय का माहौल व्याप्त है।

## घूम घूम कर घटनाओं को अंजाम दे रहे हैं चोर पुलिस मस्त

**कौशाम्बी।** चरवा थाना क्षेत्र में पूर्व थानेदार के कार्यकाल में अपराधी बेलगाम रहे हैं घटनाओं को घूम-घूम कर अपराधी अंजाम देते रहे लेकिन घटनाओं को पूर्व थानेदार खुलासा करने में हाँफते रहे हैं इलाके में आम जनमानस परेशान रहा और चोर बेखौफ रहे पूर्व की घटनाओं का खुलासा थाना पुलिस नहीं कर सकी है फिर उसी परिवार में चोरी की घटना को अंजाम दिया गया है जिससे पुलिसिया कार्रवाई पर सवाल खड़े हो रहे हैं। चरवा थाना क्षेत्र के बलीपुर टाटा गांव में नफीस उर्फ छोटे मियां पुत्र खलीक उल्ला के घर का ताला तोड़कर घर के अंदर रखें सोने के हार दो सोने की अंगूठी नथिया लगभग चार तोले से अधिक वजन और 25 हजार रुपए 29 जुलाई 2022 को चोर उठा ले गए थे मामले की सूचना उन्होंने पुलिस को दिया था लेकिन वर्षों बीत जाने के बाद लाखों रुपए की चोरी की घटना का खुलासा पुलिस नहीं कर सकी जिससे चरवा थाना के पूर्व थानेदारों के क्रियाकलापों का अंदाजा लगाया जा सकता है बीती रात में फिर नफीस के घर के बाहर उनकी चार पहिया लोडर गाड़ी खड़ी थी गाड़ी की बैटरी और स्टेपनी चोर खोल ले गए हैं मामले की सूचना फिर पुलिस को दी गई है नवागत कोतवाल क्या पूर्व की घटना और वर्तमान घटना का खुलासा कर पीड़ित को न्याय दे पाएंगे या फिर पूर्व थानेदार की तरह उनके कार्यकाल में भी घटनाओं के खुलासे में पुलिस गंभीरता नहीं दिखाएंगे इस बात का उत्तर पीड़ित परिवार के साथ-साथ आम जनमानस चाहता है।

संपादक की कलम से

# वात्सल्य पीठ सुखद शांति एवं अध्यात्म का नीड़ होगा


**साधना** से मुक्ति और मोक्ष की आस में आस्था का प्रवाह यहां उमड़ता-घुमड़ता है। राजधानी दिल्ली की भीड़भाड एवं हलचल के बीच यह वही कोना है जहां आकर एक विलक्षण एवं वात्सल्य की प्रतिमूर्ति साध्वीप्रमुखा कनकप्रभा ने चीर निद्रा पायी। उनकी स्मृतिभूमि अब वात्सत्यपीठ के रूप में आकार ले रही है, जिसका शिलान्यास राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सरसंघ चालक मोहन भागवत 27 अगस्त, 2023 को करने जा रहे हैं। संवेदनहीनता एवं संकीर्णताओं के बीच एक आस गूंजती है, यह आस है वात्सल्य की, करुणा की, संवेदनाओं की। इसी आस में निहित है जीवन का वास्तविक संगीत, जीवन का वास्तविक अर्थ। जिनके कारण हम है, हमारा अस्तित्व है, इसी में समाया है मोक्ष एवं मुक्ति का सुख। जहां आकर संबुद्ध हुआ जा सकेगा, ध्यानी हुआ जा सकेगा। यह वही मिट्टी है जिसकी खूशबु में महकेगी साध्वी प्रमुखा कनकप्रभा की अनगिन वात्सल्य कथाएं।

लगभग सात दशकों से साधना भूमि बने अध्यात्म साधना केन्द्र के जर्रे-जर्रे में महकती है, गूंजती है इबादतें, प्रार्थनाएं एवं आध्यात्मिकता की स्वर रश्मियां। अब इसमें जुड़ रहा है एक नया आयाम वात्सल्य पीठ के रूप में। इक्कीसवीं सदी तो महिलाओं के वर्चस्व की सदी मानी जाती है। उन्होंने विभिन्न दिशाओं में सृजन की ऋचाएं लिखी हैं, नया इतिहास रचा है। अपनी योग्यता और क्षमता से स्वयं को साबित किया है। अध्यात्म के क्षेत्र में भी साध्वी प्रमुखा कनकप्रभा ने एक छलांग लगाई और जीवन की आदर्श परिभाषाएं गढ़ी। अध्यात्म की उच्चतम परम्पराओं, संस्कारों और जीवनमूल्यों से प्रतिबद्ध इस महान विभूति ने, चैतन्य रश्मि ने, आध्यात्मिक गुरु ने, वात्सल्य ऊर्जा ने जैन धर्म के प्रमुख तेरापंथ संप्रदाय में 19 वर्ष की उम्र में दीक्षित होकर राष्ट्रसंत अणुव्रत अनुशास्ता आचार्य श्री तुलसी की महनीय कृति के रूप में लोकप्रियता पायी थी। जैसे कृष्ण-प्रेम में मीरा दीवानी हुई, वैसे ही तुलसी-भक्ति में साध्वीप्रमुखा कनकप्रभा ने भक्ति एवं सृजन का सन्देश दिया, वात्सत्य प्रतिमूर्ति बन 750 साध्वियों का नेतृत्व किया और स्त्री-चेतना की सशक्त आवाज बनी। सात सौ साध्वियों के परिवार को संभालना दुनिया का बड़ा आश्चर्य है, यह आश्चर्य तब और बड़ा हो जाता है जब इसमें स्नेह एवं वात्सल्य समाया हो, इसीलिये साध्वीप्रमुखा कनकप्रभा के स्मृति स्थल को वात्सल्य पीठ के रूप में विलक्षण आध्यात्मिक शक्ति केन्द्र बनाया जा रहा है, जो एक स्वप्न, एक कल्पना का यथार्थ होगा, जहां की बहुआयामी एवं अलौकिक आध्यात्मिक छटाएं अपने नाम की सार्थकता सिद्ध कर रही होगी।

तेरापंथ धर्मसंघ के आचार्यों के निर्देशन में तेरापंथ के विशाल साध्वी संघ का नेतृत्व करने वाली संघ महानिर्देशिका और महाश्रमणी को आचार्य महाश्रमण ने शासनमाता एवं असाधारण साध्वीप्रमुखा के महनीय संबोधनों से संबोधित किया। उनकी स्मृति-स्थल को वात्सल्य पीठ का नाम दिया, जो अब एक विलक्षण, अद्भुत एवं अपूर्व आध्यात्मिक स्थल बनने जा रहा है। इस अनूठे आध्यात्मिक स्थल को आकार देने की जिम्मेदारी श्री जैन श्वेताम्बर तेरापंथी सभा, दिल्ली को दी गयी है।

# चन्द्र-विजय को भारत-विजय का घोष बनाये

ललित गर्ग



**असाधारण** दबावों और चुनौतियों का सामना करते हुए इसरो ने चंद्रयान-3 के विक्रम लैंडर को चंद्रमा की 70 डिग्री दक्षिणी अक्षांश रेखा के पास बिल्कुल सटीक तरीके से उतार कर भारत ने विलक्षण इतिहास तो रचा ही है, दुनिया में भारत विरोधी शक्तियों का मुंह भी बंद कर दिया है, अब भारत गरीबी भी दूर कर रहा है, अपनी समस्याओं के समाधान खुद के बल पर हल भी कर रहा है और दुनिया की बड़ी से बड़ी शक्ति से टक्कर लेने की स्थिति में भी पहुंच रहा है। आजादी के अमृतकाल में ऐसी ही अनेक उपलब्धियों की स्पष्ट आहट सुनाई दे रही है। इस विलक्षण, अनूठी एवं चमत्कारपूर्ण सफलता के लिये इसरो को, इस मिशन में लगी पूरी टीम को ही नहीं देश की पूरी वैज्ञानिक बिरादरी को जितनी बधाई दी जाए कम है लेकिन इन उत्सव एवं उमंग के क्षणों में भी राजनीति करने वालों पर तरस आता है, भगवान उन्हें सद्बुद्धि दें। निश्चित ही भारत ने चांद को मुट्ठी में कर लिया है और यह जता दिया है कि कम साधनों एवं खर्चों में भी भारत बड़ी लकीरें खींच सकता है। निश्चित ही भारत ने वह कर दिखाया, जो विश्व का कोई देश और यहां तक कि अमेरिका, चीन एवं रूस भी नहीं कर सका। इसरो यानी भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन ने चंद्रयान-3 के लैंडर को चंद्रमा के दक्षिणी ध्रूव पर सफलतापूर्वक पहुंचाकर देश ही नहीं, दुनिया को चमत्कृत करने का काम किया। चंद्रयान-3 की चंद्रमा पर सफल लैंडिंग एक ऐसा अविस्मरणीय और अद्भुत क्षण है, जो वर्षों तक भारतवासियों को प्रेरित करता रहेगा। यह एक अमिट आलेख है, शानदार उपलब्धि है, जो सचमुच स्वर्णाक्षरों में लिखी जाएगी। इस उपलब्धि ने हम भारत के लोगों में जिस उत्साह और उमंग का संचार किया है, वह अकल्पनीय है। इन चमत्कृत करने वाले दृश्यों को भारत के करोड़ों लोगों ने देखा एवं समूचे देश को उत्सवमय बना दिया। अंतरिक्ष में नये भारत की इस नई, असाधारण एवं ऐतिहासिक उड़ान से समूची दुनिया को लाभ मिलेगा। इस अभियान की अगली चुनौती लैंडिंग के चार-पांच घंटे गुजर जाने पर प्रज्ञान रोवर को चंद्र सतह पर चलाने और चौदह दिनों के एक चंद्र-दिन में लैंडर और रोवर के लिए निर्धारित सारे प्रयोग पूरे करने की है। जाहिर है, ये प्रयोग सिर्फ भारत के लिए नहीं, पूरी दुनिया के लिए मायने रखते हैं। अब इस चन्द्रयान से मिलने वाली सूचनाओं से चन्द्रमा पर मानव जीवन की संभावनाओं को पंख लग सके तो कोई आश्चर्य नहीं है। वहां पर जल की उपलब्धता, तापमान, जमीन की स्थिति, उपलब्ध खनिज पदार्थों आदि की जानकारियां एवं टेक्टॉनिक हलचलों का पता चलेगा। बहरहाल, इसरो का काम कितना पक्का, तीक्ष्ण एवं परिपक्व था, इसका अंदाजा लगाने के लिए चंद्रयान-3 की उतराई का लाइव ग्राफ देखना देश-दुनिया के लिए काफी रहा होगा। यह हर बिंदु पर ठीक वैसा ही रहा, जैसा इसके होने की उम्मीद थी। साइंस-टेक्नॉलजी के मामले में रूस की गति भारत से एक सदी आगे समझी जाती है। इसके बावजूद लूना-25 को पार्किंग ऑर्बिट से लैंडिंग ऑर्बिट में लाने वाले थ्रस्टर्स ने ऑटोमेटिक कमांड समझने में चूक कर दी और वह अस्थिर कक्षा में पहुंचकर नष्ट हो गया। लेकिन चंद्रयान-3 के एक-एक थ्रस्टर ने कमांड के मुताबिक काम किया। यकीनन इसमें बहुत बड़ी भूमिका चंद्रयान-2 से हासिल किए गए तजुर्बे की रही। चंद्रयान-3 अभियान की सफलता पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने यह ठीक ही कहा कि यह विकसित एवं नये भारत का जयघोष है और इससे देश को एक नई ऊर्जा और चेतना मिली है। उन्होंने चंद्रयान-3 की सफलता को जिस तरह नए भारत की नई उड़ान करार देते हुए इसे अमृतकाल की प्रथम प्रभा में अमृत वर्षा की संज्ञा दी, उससे इस यकीन को बल मिलता है कि वर्ष 2047 तक भारत विकसित राष्ट्र बनने के अपने सपने को वास्तव में साकार करने की दिशा में बढ़ रहा है। यह वास्तव में देश की उस वैज्ञानिक चेतना और सूक्ष्म दृष्टि का कमाल है, जो तमाम बाधाओं के बावजूद पिछले 61 साल पूर्व साइकिल से शुरू हुए हमारे अंतरिक्ष कार्यक्रम को आगे बढ़ा रहा है। हमने पहले चांद पर पानी खोजा और अब चांद के दूसरे सिरे पर भी पहुंच गए। इसरो ने जो इतिहास रचा, वह यही रेखांकित कर रहा है कि नए भारत का निर्माण हो रहा है और वह महाशक्ति बनने की राह पर अग्रसर है। अब यह भरोसे के साथ कहा जा सकता है कि विश्व पटल पर अपनी और गहरी छाप छोड़ने का भारत का समय आ चुका है। इसके साथ ही यही वक्त है जब इसरो को अपनी महत्वाकांक्षाओं को फिर से नापने की, उन्हें विस्तार देने और सरकार को इस काम में उसकी हर संभव मदद करने की जरूरत है। ताजा उपलब्धि से इसरो की राह में अवसरों की लाइन लगनी तय है।

इसरो के विज्ञानियों और तकनीकी विशेषज्ञों ने अपने लगन, जिजीविषा, तप, त्याग और संकल्प से बेहद कठिन माने जाने वाले कार्य को जिस कुशलता से संपन्न किया, उससे उन्होंने दुनिया में अपनी मेधा का लोहा मनवाया। वे वंदन और अभिनंदन के पात्र हैं। अब यह तय है कि पहले से ही भारत को एक उभरती शक्ति के रूप में देख रहा विश्व समुदाय भारत को और अधिक महत्व देगा। इसरो ने सफलता की जो गाथा लिखी, उससे हमारी अन्य संस्थाओं को भी प्रेरणा लेनी चाहिए और उन्हें भी अपने-अपने क्षेत्र में उत्कृष्ट बनने का संकल्प लेना चाहिए। इससे ही भारत को विकसित देश बनाने में आसानी होगी। इस ऐतिहासिक घटना से भारत के राजनीतिज्ञों को भी प्रेरणा लेनी चाहिए कि वे स्वार्थों एवं संकीर्णताओं को त्याग कर देश को बनाने के लिये प्रतिबद्ध बने। दुनिया की सबसे बड़ी आबादी वाले इस देश की सरकार एक तरफ लोगों की आम जरूरतों को पूरा करने के लिए संघर्ष कर रही है तो दूसरी तरफ कोरोना जैसे महासंकट में दुनिया के लिये सहयोगी बनी। वह आतंकवाद मुक्त दुनिया की संरचना करने में जुटी है तो न्यायपूर्ण विश्व-संरचना के उसके उद्घोष दुनिया को भा रहे हैं। खुद के देश में गरीबी का कलंक धोने की उसकी कोशिशें सफलता की सीढ़िया चढ़ रही है। देश में आतंकवाद एवं साम्प्रदायिक हिंसा को कम करने में भी सफलता मिली है। महिलाओं को सुरक्षा का भरोसा हो रहा है, तो बेरोजगारी पर भी काबू पाने के जतन किये जा रहे हैं। वैश्विक मंच पर अपनी स्थिति मजबूत करना मोदी के अभियान के प्रमुख संदेशों में से एक है। आर्थिक, कूटनीतिक और तकनीकी क्षेत्र में विकास ने नये भारत के संकल्प को बल दिया है।

निश्चित ही चन्द्रयान-3 की सफलता का श्रेय इसरो एवं उसके वैज्ञानिकों को दिया जायेगा, लेकिन प्रधानमंत्री ने अपनी दूरगामी सोच एवं प्रोत्साहन से उनका हौसला बढ़ाया है। 2014 में मंगल मिशन के दौरान, 2019 में चंद्रयान-2 की लैंडिंग के वक्त मोदी खुद इसरो के मिशन कंट्रोल रूम में मौजूद थे, लेकिन चंद्रयान-3 की लैंडिंग के वक्त वे ब्रिक्स के सम्मेलन के लिए जोहानिसबर्ग में थे। उन्होंने वही से अपनी शुभकामनाएं दी एवं भारत पहुंचने के बाद साक्षात मिलकर ऐसा करने का बोला है। अब इन सकारात्मक स्थितियों में राजनीति करने की बजाय हमें चंद्रयान-3 की सफलता को लेकर कुछ-न-कुछ संकल्प लेने चाहिए कि अलग-अलग समुदायों के बीच भेदभाव मिटता हुआ दिखाई दे। ऐसा हुआ भी है कि मिशन की सफलता के लिए मंदिरों, गुरुद्वारों और मस्जिदों में प्रार्थना सभाएं की गईं।

बिना किसी साम्प्रदायिक एवं जातीय भेद सबने इन ऐतिहासिक क्षणों के साथ स्वयं को जोड़ा है। भारत के 140 करोड़ निवासी यानी 280 करोड़ मुट्ठियां अगर तन जाये तो भारत को दुनिया की महाशक्ति होने से कोई नहीं रोक पाये। जरूरत है उठ खड़े होने एवं जागने की है। एक नये भारत का अभ्युदय होना निश्चित हैं। इसीलिये सारे वैज्ञानिक काम चन्द्रयान-3 की तरह जोश एवं होश के साथ होने लगे और उन्हें राष्ट्रीय भावना से जोड़ कर देखा जाने लगे तो क्या भारत में कोई नया रामानुजन, सीवी रमन, जगदीशचंद्र बोस एवं एपीजे अब्दूल कलाम खड़ा होने की श्रृंखला नहीं लग जाये? भ्भारतीय विज्ञान ही नहीं, बल्कि भारत का सुखद भविष्य सुनिश्चित है।

# बेमेल गठबंधन से थाइलैंड में सौदेबाजी ! भारत में भी हुई तो ?

के. विक्रम राव

**पड़ोसी** बैंगकॉक (थाईलैंड) में ग्यारह छोटे परस्पर-विरोधी राजनीतिक दलों ने कल (22 अगस्त 2023) एक वक्ती गठबंधन रचा है। सरकार बनाने का दावा पेश किया है। सम्राट महा वाचिरालोंगकोन शायद उनके नेता श्रेष्ठा थावसिन को प्रधानमंत्री बनने का मौका दे भी दें। थाई महाराज अपने को राम दशम (अयोध्या वंशवाले) मानते हैं। मगर यह बेमेल महागठबंधन भारत की अठारहवीं लोकसभा के चुनाव (2024) की दृष्टि से खराब दृष्टांत होगा। सिर्फ सत्ता के लिए पैंतरेबाजी जैसा ! दृष्टि केवल राष्ट्रीय संसाधनों की लूट पर गड़ी रहेगी। तिजोरी की चाभी पर ! ऐसा हो चुका है। गत मई माह में थाईलैंड में संसदीय चुनाव हुए थे। तब 42-वर्षीय विपक्षी नेता पिटा लिमजारोएनराट देश के प्रधानमंत्री बनने वाले थे। उनकी ह्लमूव फॉरवर्ड पार्टीह्व (आगे बढ़ो दल) संसदीय चुनावों में सबसे बड़ी पार्टी बनकर उभरी थी। लिमजारोएनराट ने अपने आधिकारिक ट्विटर पर कहा भी था कि वे थाईलैंड के 30वें प्रधानमंत्री बनने के लिए तैयार हैं। गौरतलब है कि इस दल को थाई मतदाताओं ने उनको स्पष्ट जनादेश दिया था। मगर लोकतंत्र-समर्थक को सत्तारूढ़ सैन्य-समर्थित सरकार ने पिछाड़ दिया था। चुनाव जीतने वाली पार्टी के नेता होकर भी पिटा लिमजारोएनराट प्रधानमंत्री नहीं बन पाए। उनकी उम्मीदवारी को ही राजाज्ञा द्वारा पाबंद कर दिया गया। थाईलैंड की संसद ने मई के आम चुनाव में पहले स्थान पर रहने वाली प्रगतिशील ह्लमूव फॉरवर्ड पार्टीह्व के नेता की दूसरी बार प्रधानमंत्री के रूप में नियुक्ति के प्रस्ताव के खिलाफ इस गठबंधन को वोट दिया। हालांकि पिटा लिमजारोएनराट ने प्रतिनिधि सभा में अधिकांश सीटों पर जीतने वाली पार्टियों का एक अलग गठजोड़ बनाया था। इस पूरे नजारे में विडंबना यह है कि ग्यारह दलों ने एक चलताऊ गठजोड़ बनाकर इस सबसे बड़ी संसदीय दल ह्लफियू थाई पार्टीह्व के विरुद्ध मोर्चा खोल दिया। सबसे अधिक संसदीय सीटे जीतने पर भी युवा नेता पिटा को सेना के दबाव में सम्राट ने आमंत्रित नहीं किया। बल्कि नामित किया साठ-वर्षीय बिल्डर व्यापारी श्रेष्ठा थावसिन को जिनकी छवि भू-माफिया सरीखी है। उसे सेना का समर्थन भी प्राप्त है। गत माह ही एक सांसद चुबिट कामोल बिसिट ने जांच की मांग की थी कि सांसिरी नामक निजी कंपनी के मालिक श्रेष्ठा थावसिन ने बड़ी मात्रा में कर चोरी की है। रिश्वतखोरी भी। सरकार बनाने के दावेदार चान ओचा जो अभी रक्षा मंत्री है ने सेना का समर्थन थावसिन को दे दिया। उन्होंने 2014 में सैनिक षड्यंत्र कर सत्ता हथियाई थी। आज वे भी इस नए गठजोड़ में शरीक हैं। इस गठजोड़ में विशेष भूमिका है सलांग पार्टी की जो 2014 के सैनिक षड्यंत्र में भागीदार थी। लोकतंत्र-समर्थक सांसदों को कैद करने में कारगर रही। उसके नेता प्रयुत भी प्रधानमंत्री पद के दावेदार हैं। इस सारे सत्ता-रेस में दारोमदार महाराजा पर है जो वंशानुगत ही होता है। वर्तमान सम्राट महा वाचिरालोंगकोन स्पष्टतया सेना-समर्थन गठबंधन के पक्षधर हैं। दुर्भाग्यवश राजा ही गणतंत्र के राष्ट्रपति की भांति प्रधानमंत्री बनवाता है। तो कैसा है थाईलैंड का यह बादशाह ? साल 2016 में अपने पिता भूमिबोल अदूल्यादेज की मौत के बाद वो थाईलैंड के सम्राट बने थे। भूमिबोल ने करीब 70 साल तक थाईलैंड पर शासन किया था और वो दुनिया में सबसे लंबे समय तक राजगद्दी पर बैठने वाले राजा थे। उनके अंतिम संस्कार पर करीब 600 करोड़ रुपये खर्च हुए थे। उनके शव को सोने के रथ पर रखकर श्मशान तक ले जाया गया था। राजा वाचिरालोंगकोन के बारे में कुछ खास बातें : वे अब तक चार शादियां कर चुके हैं। पिछली तीन शादियों से उनके सात बच्चे हैं। चौथी शादी उन्होंने साल 2019 में अपने निजी सुरक्षा दस्ते की उप प्रमुख सुतिदा तिजाई से की थी जो थाई एयरवेज में होस्टेस थीं। न्यूज एजेंसी की एक रिपोर्ट के मुताबिक, राजा वाचिरालोंगकोन दुनिया के सबसे अमीर सम्राट हैं। उनके पास दो लाख करोड़ रुपये से भी अधिक की संपत्ति है। उनकी शाही संपत्ति में अरबों रुपये का महल भी शामिल है। राजा वाचिरालोंगकोन को 'एय्याश और रंगीनमिजाजी' राजा के तौर पर भी जाना जाता है। कुछ महीने पहले एक रिपोर्ट में कहा गया था कि जर्मनी के एक शानदार होटल में वह शाही हरम की कई औरतों के साथ रह रहे हैं। उन्होंने होटल का पूरा फ्लोर ही बुक कर लिया था। राजा की इन अय्याशियों से उसकी बीवी को कोई फर्क नहीं पड़ता। सारे शासकीय कामों में रानी अपने पति के साथ नजर आती है। जहां रानी थाईलैंड में अपने महल में रहती है, वहीं उसका पति ज्यादातर जर्मनी में ही रहते हैं। थाईलैंड में राजा का ही शासन चलता है। कोई भी राजा के खिलाफ कुछ बोल नहीं सकता है। ये दंडनीय अपराध माना जाता है। हालांकि, थाईलैंड के इस राजा की हरकतों का अब कई लोग विरोध करने लगे हैं। राजा को अपनी जनता से ज्यादा अपनी प्रेमिकाओं का ख्याल रहता है। भारत के लिए थाईलैंड का सबक इस दृष्टि से महत्वपूर्ण है कि यदि राजग सरकार-विरोधी गठजोड़ ने छिछली राजनीति के बल पर लोकसभा में कामचलाऊ बहुमत हासिल कर लिया तो राष्ट्र की अर्थनीति और विकास की गति का क्या हश्र होगा ? मसलन आम आदमी पार्टी, लालू यादव के घोटाला में आकंठ डूबा राष्ट्रीय जनता दल, अलगाववादी द्रविड़ मुन्नेत्र कजगम, नेशनल कांफ्रेंस इत्यादि भिन्न दिशाओं में चलने वाले दल और गुट कबतक सरकार को एक ही दिशा में ले जा पाएंगे ? अत: थाईलैंड भारत के वोटरों के लिए एक चेतावनी है।

# आज हम चांद पर है।

डॉ सत्यवान सौरभ

भारत की अंतरिक्ष एजेंसी ने आज चंद्रमा पर एक रोवर को उतारकर अंतरिक्ष अन्वेषण में एक शक्ति और अंतरिक्ष वाणिज्य की नई सीमा के रूप में देश के आगमन को चिह्नित किया है। 75 मिलियन डॉलर से कम के बजट पर निर्मित, चंद्रयान -3, जिसका संस्कृत में अर्थ है "चंद्रमा वाहन", आज चांद पर है।

अपनी पीठ पर चंद्रयान-3 आज 140 करोड़ भारतीयों की उम्मीदों को साकार कर चुका है। चांद को चूमने पर ये उम्मीदें हर भारतीय के दिल में खुशी बनकर फूटी है। पूरा देश खुशियां मना रहा है। पिछली बार जो कसक रह गई थी, इस बार सब मंगल हुई। जी हां, आज हम चांद पर है। पूरे देश को बेसब्री से चंद्रयान की लैंडिंग का इंतजार था वो खत्म हुआ। मिशन की सफलता से भारत संयुक्त राज्य अमेरिका, पूर्व सोवियत संघ और चीन वाले देशों के एक छोटे समूह में शामिल हो गया है, जिन्होंने चंद्रमा पर सॉफ्ट लैंडिंग की है। इस साल की शुरूआत में एक जापानी स्टार्ट-अप का प्रयास ऊंचाई की गलत गणना के कारण लैंडर के दुर्घटनाग्रस्त होने के साथ समाप्त हुआ, जिसका मतलब था कि अंतरिक्ष यान का ईंधन खत्म हो गया था। स्पेसआईएल और इजराइल एयरोस्पेस इंडस्ट्रीज (आईएआई) द्वारा निर्मित एक इजराइली अंतरिक्ष यान भी इस साल की शुरूआत में चंद्रमा की सतह पर दुर्घटनाग्रस्त हो गया था। 2020 में चंद्रयान-2 मिशन में एक ऑर्बिटर को सफलतापूर्वक तैनात करने के बाद भारत का अंतरिक्ष उद्योग इस मिशन से मुक्ति की तलाश से, लैंडर और रोवर को उतारने में सफल हुए। चंद्रयान-2 मिशन को स्थायी रूप से छाया वाले चंद्रमा के क्रेटर का अध्ययन करने के लिए डिजाइन किया गया था। ऐसा माना जाता है कि इसमें पानी का भंडार है जिसकी पुष्टि 2008 के पहले चंद्रयान-1 मिशन से हुई थी - जिसने चंद्रमा की कक्षा तो ली लेकिन उतरा नहीं। इस बार सब योजना के अनुसार हुआ, चंद्रयान -3 में 2-मीटर (6।5-फुट) लंबा लैंडर शामिल है जिसे चंद्रमा के पास एक रोवर तैनात करने के लिए डिजाइन किया गया है। दक्षिणी ध्रुव जहां पानी की बर्फ पाई गई है। उम्मीद है कि प्रयोगों की एक श्रृंखला चलाने के बाद रोवर दो सप्ताह तक कार्यशील रहेगा। चंद्रयान-3 का लैंडर और रोवर चांद की सतह पर उतरने के बाद अपने मिशन का अंजाम देने के लिए सौर्य ऊर्जा का इस्तेमाल करेगा। चांद पर 14 दिन तक दिन और अगले 14 दिन तक रात रहती है, अगर चंद्रयान ऐसे वक्त में चांद पर उतरेगा जब वहां रात हो तो वह काम नहीं कर पाएगा। इसरो सभी चीजों की गणना करने के बाद इस नतीजे पर पहुंचा है कि 23 अगस्त से चांद के दक्षिणी ध्रुव सूरज की रौशनी उपलब्ध रहेगी। इसरो सभी चीजों की गणना करने के बाद इस नतीजे पर पहुंचा है कि 23 अगस्त से चांद के दक्षिणी ध्रुव सूरज की रौशनी उपलब्ध रहेगी।

वहां रात्रि के 14 दिन की अवधि 22 अगस्त को समाप्त हो रही है। 23 अगस्त से 5 सितंबर के बीच दक्षिणी ध्रुव पर धूप निकलेगी, जिसकी मदद से चंद्रयान का रोवर चार्ज हो सकेगा और अपने मिशन को अंजाम देगा।

# हम कब तक पालेंगे साम्प्रदायिकता का रोग

ललित गर्ग

**कांग्रेस** और उसके नेता लोकसभा एवं विधानसभाओं के चुनाव आने से पहले अपनी राजनीति चमकाने के लिए समाज को धर्म और जाति के नाम पर बांटने का काम शुरू कर दिया हैं। लेकिन धार्मिक व जातीय आधार पर की जा रही इस तरह की जहर उगलने वाली राजनीति के चलते धार्मिक सौहार्द बिगड़ा रहा है। पार्टी के ही एक बुजुंग नेता और पूर्व राज्यपाल अजीज कुरैशी ने विदिशा के एक जलसे में शिरकत करते हुए सांप्रदायिक भावनाएं भड़काने कड़वे बोल बोले है। क्या उनका भाषण कांग्रेस की विचारधारा को पोषित करने वाला है या पार्टी की उम्मीदों को पलीता लगाने वाला भी साबित हो सकता है। कुरैशी ने कहा कि ह्यहिन्दुस्तान में 22 करोड़ मुसलमान हैं और एक-दो करोड़ मर भी जाएं तो कोई बात नहीं... ह्ल यह विडंबना ही है कि ऐसे वक्त पर, जब देश और समाज में सांप्रदायिक सौहार्द को बढावा देने के लिए अल्पसंख्यक समुदाय के हजारों लोग सड़कों पर शांति-मार्च निकाल रहे हैं ऐसे वक्त में उनके नेता साम्प्रदायिक सौहार्द एवं सामाजिक ताने-बाने को गहरी चोट पहुंचा रहे हैं। एक तरफ कुरैशी उन्मादी भाषण दे रहे थे, तो दूसरी ओर उसी मध्यप्रदेश के सागर में अपनी चुनावी संभावनाओं को लेकर कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे बड़े वादे व दावे कर रहे थे। क्या यह कांग्रेस का दोगला चरित्र नहीं है? लगता तो यही है कि कुरैशी कांग्रेस की परम्परा एवं सोच को ही आगे बढ़ा रहे हैं। वरना पार्टी में ऐसी संकीर्ण एवं राष्ट्र-विरोधी सोच पर सख्त पहरेदारी होती तो क्या कुरैशी ऐसा दुस्साहस कर पाते। निश्चित ही पार्टी ही साम्प्रदायिकता एवं जातीयता को बल देती है, तभी एक बुजुर्ग एवं जिम्मेदारी नेता कुरैशी का ह्यमुसलमानों ने चूड़ियां नहीं पहन रखींह्ल जैसे बयानों पर पार्टी मौन रह जाती है। ऐसे एक समुदाय विशेष को उकसाने वाले बयान निश्चित ही राजनीतिक प्रेरित होते हैं। जैसे-जैसे चुनाव का समय नजदीक आता जायेगा, समुदायों को भड़काने वाले बयानों में तीव्रता एवं उग्रता देखने को मिलेगी। चुनावी छाया में लोकसभा चुनाव से पहले राजस्थान, मध्यप्रदेश और छत्तीसगढ़ जैसे राज्यों में सामाजिक समरसता को धोने की कुचेष्टाएं बढ़-चढ़ कर देखने को मिलेगी।

यह पहली बार बार नहीं है, जब अजीज कुरैशी ने कोई आपत्तिजनक बयान दिया है। गवर्नर पद पर रहते हुए भी वह भाषायी मयार्दाओं का उल्लंघन कर चुके हैं। लेकिन इस वक्त उनके बयान से उनकी ही पार्टी को राजनीतिक नुकसान उठाना पड़ सकता है। मध्यप्रदेश में चुनावी प्रक्रिया भले न शुरू हुई हो, मगर दोनों मुख्य प्रतिद्वंद्वी पार्टियां- भाजपा और कांग्रेस जोर-शोर से प्रचार में जुट गई हैं। ऐसे में, अपने बड़बोलेपन एवं उच्छृंखलता से कुरैशी ने विरोधी दल के हाथों में धार्मिक ध्रुवीकरण का एक मुद्दा तो थमा ही दिया है। वैसे इस तरह के उन्मादी एवं विषवमन करने वाले बयानों से कितनी राजनीतिक लाभ की रोटियां सिकती है, कहा नहीं जा सकता, लेकिन इनसे सामाजिक समरसता निश्चित ही धुंधलाती है। ऐसा नहीं कि कुरैशी इस हकीकत से अनभिज्ञ है, मगर सस्ती लोकप्रियता की चाह और तालियों की भूख सियासी लोगों को हमेशा जिम्मेदारी एवं राष्ट्र के प्रति वफादारी से दूर करती है। भले ही कुछ लोग जाति, धर्म के नाम पर समाज में घृणा फैलाते हों पर इसी समाज में ऐसे लोग भी हैं जिनकी बदौलत देश और समाज में परस्पर प्रेमपूर्वक मिल-जुल कर रहने की भावना जिंदा है। जहां एक ओर देश में जाति और धर्म के नाम पर कुछ लोग नफरत फैला कर अपने कृत्यों से माहौल बिगाड़ रहे हैं, वहीं अनेक स्थानों पर हिन्दू और मुस्लिम समुदाय के सदस्य भाईचारे और सद्भाव के अनुकरणीय उदाहरण पेश कर रहे हैं। जहां हरियाणा के मेवात क्षेत्र का नूंह बजरंग दल-विहिप के जुलूस के दौरान सांप्रदायिक हिंसा से दहल गया था, वही देश और समाज में सांप्रदायिक सौहार्द को बढावा देने के लिए अल्पसंख्यक समुदाय के हजारों लोग सड़कों पर शांति-मार्च निकाल रहे हैं। बीते शुक्रवार को ही मुंब्रा कौसा के शांति-मार्च में हजारों मुस्लिमों ने शिरकत की थी। उससे पहले नूंह, मेवात में हुई सांप्रदायिक हिंसा के बाद दोनों समुदायों के लोग हाथ में हाथ डालकर जिस तरह खड़े हुए, उससे देश के अमनपसंद लोगों का यह यकीन फिर बहाल हुआ कि चंद सिरफिरे लोग अपनी हरकतों से इस देश के सामाजिक ताने-बाने को गहरी चोट नहीं पहुंचा सकते। ऐसे में, कुरैशी के आपत्तिजनक बयान की निंदा ही नहीं, घोर भर्त्सना की जानी चाहिए। देश आज चांद पर अपने यान उतारने के जश्न की तैयारी में जुटा है, दिल्ली में जी-20 का विश्व हस्तियों का आयोजन हो रहा है तब किसी संकीर्ण साम्प्रदायिकता को पंख फैलाने से रोकना जरूरी है। मगर जिस तरह से कुरैशी ने देश में अल्पसंख्यकों की उपेक्षा का हवाला देते हुए विषवमन किया, उसको सहजता में नहीं लिया जा सकता। कुरैशी जैसे संकीर्णतावादी लोगों को यह याद दिलाने की जरूरत है कि भारत की तरक्की में सभी समुदायों के होनहार-समर्पित, अमन परस्ती लोगों का योगदान है लेकिन कुरैशी जैसे तथाकथित अवसरवादी एवं साम्प्रदायिकतावादी अपने राजनीतिक लाभ के लिये देश तोड़क बातों से अपने-अपने समुदायों का ही नुकसान करते हैं। भारत को अपनी गरीबी, अशिक्षा, बेरोजगारी जैसी समस्याओं से लड़ने के लिए सामाजिक भाईचारे की आज पहले से कहीं ज्यादा आवश्यकता है। आज भारत आगे बढ़ रहा है, तरक्की कर रहा है, गरीबी दूर हो रही है, शिक्षा का विस्तार हो रहा है, विकास की नयी गाथाएं लिखी जा रही है, जिसका लाभ सभी को मिलेगा, मुस्लिम समुदाय भी उसमें बराबर का हिस्सेदार होगा। बावजूद इससे यह वाकई अफसोसजनक है कि उम्र के जिस पड़ाव पर कुरैशी आज खड़े हैं, उन्हें अपने अनुभवों से अपनी समुदाय के लिए सौहार्द एवं सद्भावना की नई खिड़कियां खोलनी चाहिए थी, मगर वह उकसाने वाली बोली बोल रहे हैं। हालांकि, यह एक मजहब या बिरादरी की बात नहीं है, सभी धर्मों और बिरादरियों में ऐसे ख्याल के लोग मौजूद हैं।

जरूरत उन्हें आईना दिखाते रहने की हैं कि तरक्की एवं अमन का रास्ता खून-खराबे से नहीं, भाईचारे, सौहार्द और साझेदारी से होकर ही नये दरवाजे खोलता है।

हर जगह साम्प्रदायिक हिंसा फैलाने में अपना हित साधने वालों की भी कमी नहीं होती। बाइस करोड़ में बाइस सौ भी कुरैशी जैसे संकीर्ण लोग नहीं होगे, इनमें भी राजनेताओं से लेकर वे लोग भी शामिल होते हैं जो खुद को धर्म का ठेकेदार कहलाना पसंद करते हैं। इन चंद लोगों से ही पूरी कौम की बदनामी होने से बचाना होगा। सांप्रदायिक सद्भाव और सौहार्द बनाए रखने के लिए प्रत्येक देशवासी को यह बात हमेशा याद रखनी चाहिए कि प्रेम से प्रेम, द्वेष से द्वेष, नफरत से नफरत, घृणा से घृणा और विश्वास से विश्वास का जन्म होता है। हमें सोचना चाहिए कि हम अच्छे हिंदू, मुसलमान, सिक्ख या ईसाई अथवा किसी अन्य संप्रदाय के सदस्य होने के साथ-साथ अच्छे भारतवासी भी हैं। हमें यह जानना चाहिए कि सभी धर्म आत्मिक शांति के लिए भिन्न-भिन्न उपाय और साधन अपनाते हैं। सभी धर्मों में छोटे-बड़े का भेद अनुचित ही माना गया है। सभी धर्म और उनके प्रवर्तक सत्य, अहिंसा, प्रेम, समता, सदाचार और नैतिकता पर बल देते रहे हैं इसलिए सच्चे धर्म के मूल में भेद नहीं है। फिर कुरैशी जैसे लोग क्यों इंसान से इंसान को बांटने की कुचेष्टा करते हैं।

## समय आ गया है हार्दिक पांड्या को ऊपरी क्रम पर भेजो : टॉम मूडी

**नई दिल्ली।** पूर्व ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेटर टॉम मूडी ने कहा कि आधुनिक क्रिकेट में लचीलापन महत्वपूर्ण है और टीम इंडिया को हरफनमौला खिलाड़ी हार्दिक पांड्या जैसे किसी खिलाड़ी को ऊपरी क्रम में उतारना पड़ सकता है। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने सोमवार को आगामी एशिया कप के लिए 17 सदस्यीय मजबूत टीम की घोषणा की, जो 30 अगस्त से शुरू होगा। टीम में जसप्रीत बुमराह, श्रेयस अय्यर, केएल राहुल की वापसी हुई है और तिलक वर्मा को भी मौका मिला दिया गया है। बहरहाल, टॉम मूडी ने कहा कि ठीक है, मुझे लगता है कि इस दिन और उम्र में, चाहे वह 50 ओवर का क्रिकेट हो या 20 ओवर का क्रिकेट, आपको खुले दिमाग की जरूरत है। आपको लचीला होने की जरूरत है। कई बार हम मीडिया में मैच-अप के बारे में बहुत अधिक बात करते हैं, इसलिए मुझे लगता है कि रोहित शर्मा यहीं से आ रहे हैं। बहरहाल, आप जानते हैं कि हार्दिक पंड्या एक प्रभावशाली खिलाड़ी हैं। ऐसे में यह समय आ सकता है कि उन्हें रन गति बढ़ाने के लिए ऊपरी क्रम पर भेजा जाए। वहीं, भारत के पूर्व क्रिकेटर संजय मांजरेकर ने भी भारतीय लाइन-अप के लचीलेपन के बारे में बात की। उन्होंने कहा कि हमें लचीलेपन को लेकर भ्रमित नहीं होना चाहिए। उदाहरण के लिए जहां मैंने इशान किशन के निचले क्रम में बल्लेबाजी करने की समस्या को हल करने के लिए नंबर 4 के रूप में विराट कोहली का उल्लेख किया था, यही है मैं शुरुआती टेम्पलेट में लचीलेपन के बारे में बात कर रहा हूं। अभी पूरी बहस वास्तव में इस बारे में है कि आपके 4, 5, 6 कैसे दिखेंगे।

## श्रेयस अय्यर भारत के भविष्य के कप्तान हो सकते हैं : रहमानुल्लाह गुरबाज

**काबुल।** भारतीय स्टार बल्लेबाज श्रेयस अय्यर पीठ की चोट के कारण लंबे समय तक अनुपस्थित रहने के बाद आगामी एशिया कप के साथ अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट में वापसी करने के लिए पूरी तरह तैयार हैं। बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी के बाद यह उनकी पहली उपस्थिति होगी।



वह पीठ में चोट के कारण इंडियन प्रीमियर लीग 2023 का पूरा सीज़न और विश्व टेस्ट चैंपियनशिप खेल नहीं पाए थे। अय्यर की वापसी पर कोलकाता नाइट राइडर्स के रहमानुल्लाह गुरबाज ने बड़ा बयान दिया है। पाकिस्तान के खिलाफ एकदिवसीय श्रृंखला के दौरान गुरबाज ने कहा कि अय्यर में नेतृत्व क्षमता है। वह भारतीय क्रिकेट टीम के भविष्य के कप्तान हो सकते हैं। गुरबाज ने कहा कि अय्यर आईपीएल में केकेआर के कप्तान हैं। उम्मीद है, वह (श्रेयस) एक अच्छा कप्तान बनेगा। वह एक अच्छा कप्तान होगा क्योंकि वह आईपीएल में एक टीम (केकेआर) का नेतृत्व करता है। आईपीएल दुनिया की सबसे बड़ी प्रतियोगिता है। अगर वह आईपीएल में एक टीम का नेतृत्व कर सकता है , वह दुनिया की किसी भी टीम का नेतृत्व कर सकते हैं। भारतीय टीम का भी। मुझे यकीन है कि वह भारत के लिए एक अच्छे कप्तान होंगे।

पिछले छह महीने से क्रिकेट से दूर रहने के बावजूद अय्यर ने अपनी सर्जरी के बाद बेंगलुरु की राष्ट्रीय क्रिकेट अकादमी में प्रशिक्षण लिया है। भारतीय पिचों पर स्पिन का सामना करने में उनका कौशल आगामी विश्व कप के दौरान भारत की बल्लेबाजी लाइनअप को मजबूत करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।

## कोयंबटूर ओपन : मनीष ठाकरान 66 का कार्ड खेलकर संयुक्त बढ़त पर

**कोयंबटूर ।** मनीष ठकरान ने यहां दूसरे दौर में छह अंडर 66 का शानदार कार्ड खेला, जिससे वह आर्यन रूपा आनंद (68) और श्रीलंका के एन थंगराजा (68) के साथ कोयंबटूर ओपन गोल्फ टूर्नामेंट के दूसरे दौर के बाद संयुक्त बढ़त पर हैं। कोयंबटूर गोल्फ क्लब में खेली जा रही इस एक करोड़ रुपए इनामी प्रतियोगिता में दो दौर के बाद इन तीनों खिलाड़ियों का कुल स्कोर 10 अंडर 134 है। दिल्ली के सप्तक तलवार नौ अंडर 135 के स्कोर के साथ चौथे स्थान पर हैं। कट तीन ओवर 147 पर गया और कुल 55 खिलाड़ियों ने इसमें जगह बनाई। गुड़गांव के रहने वाले मनीष पहले दौर के बाद संयुक्त 5वें स्थान पर थे लेकिन दूसरे दौर में उन्होंने अंतिम नौ होल में 5 बर्डी लगाई जिससे वह संयुक्त बढ़त हासिल करने में सफल रहे।



# विश्व एथलेटिक्स : एल्ड्रिन ने पहली बार लांग जम्प फाइनल के लिए किया क्वालीफाई, श्रीशंकर चूके

**बुडापेस्ट।** राष्ट्रीय रिकॉर्ड धारक लांग जम्पर जेसविन एल्ड्रिन ने अपने पहले विश्व एथलेटिक्स चैंपियनशिप फाइनल के लिए क्वालीफाई किया, लेकिन साथी प्रतियोगी मुरली श्रीशंकर यहां खराब प्रदर्शन के बाद क्वालिफिकेशन राउंड में अप्रत्याशित रूप से बाहर हो गए।

एल्ड्रिन, जिन्होंने मार्च में 8.42 मीटर के राष्ट्रीय रिकॉर्ड के साथ टूर्नामेंट में प्रवेश किया था, ने अपने पहले प्रयास में 8.0 मीटर की दूरी तय की। उनकी अगली दो छलांगें फाऊल थीं, लेकिन यह उनके लिए गुरुवार को होने वाले 12 सदस्यीय फाइनल में जगह बनाने के लिए पर्याप्त था। जिन लोगों ने 8.15 मीटर की स्वचालित योग्यता दूरी या दो योग्यता समूहों से शीर्ष 12 को पार कर लिया, उन्होंने फाइनल में जगह बनाई।




श्रीशंकर की 7.74 मीटर, 7.66 मीटर और 6.70 मीटर की श्रृंखला निराशाजनक रही और वह ग्रुप ए क्वालिफिकेशन राउंड में 12वें और कुल मिलाकर 22वें स्थान पर रहे। क्वालिफिकेशन राउंड में उनका बाहर होना और 3000 मीटर स्टीपलचेज़र अविनाश साबले की फाइनल में जगह न बना पाना, भारतीय खेमे के लिए निराशाजनक रहा। श्रीशंकर इस सीज़न में एल्ड्रिन की तुलना में अधिक सुसंगत रहे हैं, उन्होंने कई मौकों पर 8 मीटर का आंकड़ा पार किया है। उन्होंने जून में भुवनेश्वर में 8.41 मीटर का अपना व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन हासिल किया और जुलाई में एशियाई चैंपियनशिप में 8.37 मीटर की रजत पदक विजेता छलांग के दम पर विश्व चैंपियनशिप में प्रवेश कर रहे थे। लेकिन पेरिस डायमंड लीग में तीसरे स्थान पर रहने वाले श्रीशंकर की फॉर्म खराब हो गई, जब यह सबसे ज्यादा मायने रखता था। वह यूएसए में 2022 विश्व चैंपियनशिप में सातवें स्थान पर रहे थे।

## युवा जब मुझे बताते हैं कि क्या करना है तो मेरा काम आसान हो जाता है : बुमराह

**डबलिन।** भारतीय क्रिकेट टीम के कप्तान जसप्रीत बुमराह ने आयरलैंड में टीम की टी20 सीरीज जीत में योगदान देने वाले युवा खिलाड़ियों की जमकर तारीफ की है। तीसरा टी20 बारिश के कारण रद्द होने के बाद भारत ने तीन मैचों की सीरीज 2-0 से जीत ली। इस श्रृंखला से पीठ की सर्जरी के बाद बुमराह की बहुप्रतीक्षित वापसी भी हुई है।

बुमराह ने तीसरा मैच रद्द होने के बाद कहा, 'वापस आकर और कुछ क्रिकेट खेलकर बहुत खुश हूँ। निराशा तब होती है जब आप किसी खेल के होने का इंतजार कर रहे होते हैं। ऐसा होते नहीं देखा है, सुबह मौसम ठीक था। टीम का नेतृत्व करना सम्मान की बात है, हर कोई बहुत उत्सुक और उत्साहित था। जब भी आपको अपने पक्ष का नेतृत्व करने का अवसर मिलेगा, कोई भी ऐसा करना पसंद करेगा।' उन्होंने कहा, 'एक क्रिकेटर के रूप में, आप हमेशा जिम्मेदारी चाहते हैं। सब




अच्छा है, कोई शिकायत नहीं (फिटनेस के मोर्चे पर)। जब खिलाड़ी इतने आश्वस्त होते हैं और वे मुझे बताते हैं कि क्या करना है, तो इससे मेरा काम आसान हो जाता है।'

आयरलैंड के कप्तान पॉल स्टर्लिंग ने कहा, 'बस कुछ समय के लिए हमने टुकड़ों में अच्छा क्रिकेट खेला है। बहुत सारी सकारात्मकताएँ हैं, लेकिन यह उन खेलों को ख़त्म करने के बारे में है। उम्मीद है कि हम ये सीख लेंगे। भारतीय टीम का यहां आना और अच्छे दर्शकों के सामने खेलना शानदार है। यह अब अगले 10 महीनों के लिए एक बिल्डअप है।'

## राशिद ने बीबीएल के बहिष्कार का फैसला वापस लिया, ड्रॉफ्ट में खुद को किया नामित

**नई दिल्ली।** अफगानिस्तान के स्टार लेग स्पिनर राशिद खान ने बिग बैश लीग (बीबीएल) का बहिष्कार करने का अपना फैसला वापस लेते हुए बीबीएल ड्रॉफ्ट में खुद को नामित किया है। राशिद ने जनवरी में तब सुर्खियां बटोरीं जब उन्होंने मानवाधिकार के आधार पर अफगानिस्तान के खिलाफ सफेद गेंद की श्रृंखला से हटने के ऑस्ट्रेलिया के फैसले पर बीबीएल छोड़ने की धमकी दी।

क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया (सीए) ने देश में लड़कियों के लिए विश्वविद्यालय शिक्षा पर तालिबान के प्रतिबंध के आधार पर श्रृंखला रद्द कर दी थी। राशिद ने उस समय एक बयान में कहा, मैं यह सुनकर वास्तव में निराश हूं कि ऑस्ट्रेलिया ने मार्च में हमसे खेलने के लिए श्रृंखला से अपना नाम वापस ले लिया है। अगर अफगानिस्तान से खेलना ऑस्ट्रेलिया के लिए इतना असुविधाजनक है, तो मैं बीबीएल में अपनी उपस्थिति से किसी को भी असहज नहीं करना चाहूंगा। इसलिए, मैं उस प्रतियोगिता में



अपने भविष्य पर दृढ़ता से विचार करूंगा।ईएसपीएनक्रिकइंफो के अनुसार, अगले रविवार के विदेशी ड्राफ्ट के लिए उपलब्ध खिलाड़ियों की आधिकारिक सूची सोमवार तक जारी नहीं की जाएगी। हालांकि 24 वर्षीय खिलाड़ी ने टूर्नामेंट में भाग लेने के लिए नामांकन किया है। सीए ने जनवरी में स्पष्ट कर दिया था कि वे अफगानिस्तान के मैचों में भाग न लेने के अपने रुख पर कायम हैं, लेकिन राशिद और देश के किसी भी अन्य खिलाड़ी का बीबीएल में स्वागत है। साथी अफगान खिलाड़ी मुजीब उर रहमान, नूर अहमद और इज़हारुलहक नवीद ने भी पिछली गर्मियों में ऑस्ट्रेलिया में खेलने के बाद अब ड्राफ्ट के लिए नामांकन किया है। राशिद इस गर्मी के लिए पहले दौर के रिटेंशन पिक के रूप में स्ट्राइकर्स के लिए उपलब्ध होंगे, और उम्मीद की जाएगी कि फ्रैंचाइज़ी उन्हें प्लैटिनम चयन के रूप में रखेगी।

## क्रिकेट विश्वकप का बेहतरीन अनुभव प्रशंसकों तक पहुंचाने के लिए आईसीसी ने मास्टरकार्ड के साथ मिलाया हाथ

**नई दिल्ली।** अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने मेन्स क्रिकेट विश्वकप 2023 के दौरान क्रिकेट प्रशंसकों को शानदार अनुभव प्रदान करने की मंशा से मास्टरकार्ड के साथ वैश्विक पार्टनरशिप किया है।

मास्टरकार्ड के साथ वैश्विक पार्टनरशिप की शानदार सहभागिता की घोषणा करते हुए आईसीसी ने कहा है कि मास्टरकार्ड ग्राहकों और कार्डधारकों को अद्वितीय अनुभव प्रदान करने के लिए खेल प्रायोजन/स्पोर्ट्स स्पॉन्सरशिप की अपनी समृद्ध विरासत को जारी रखेगा। भारत, दक्षिण एशिया और दुनिया भर के कई अन्य क्षेत्रों में क्रिकेट सबसे लोकप्रिय खेलों में से एक है और विश्व कप श्रृंखला प्रशंसकों को रोमांच के केंद्र में रखती है और उन्हें खेल का अभूतपूर्व अनुभव लेने का अवसर प्रदान करती है।

सहभागिता की सुविधा के तहत बताया गया कि 24 घंटे की विशेष प्री-सेल विंडो के अलावा, मास्टरकार्ड कार्डधारक और




ग्राहक अन्य भी कई लाभ प्राप्त कर सकेंगे। इन अवसरों में शामिल है- क्रिकेट के दिग्गज खिलाड़ियों से मिलने का मौका, पुरुष क्रिकेट विश्व कप ट्रॉफी को करीब से देखने का अवसर और मैच के दिनों में विशेष प्रवेश शामिल है। कार्डधारकों के 12-18 वर्ष की आयु के बच्चों को भी ध्वजवाहक कार्यक्रम का हिस्सा बनने का मौका मिलेगा और मास्टरकार्ड कार्डधारकों के लिए आधिकारिक आईसीसी मर्चेंडाइज की खरीद पर कई प्रकार के ऑफर दिए जाएंगे।

आईसीसी के मुख्य कार्यकारी अधिकारी जोफ एलार्डिस ने कहा कि 'मास्टरकार्ड की आईसीसी मेन्स क्रिकेट विश्व कप 2023 के आयोजन के लिए एक वैश्विक पार्टनर के रूप में घोषणा करते हुए मुझे बहुत खुशी हो रही है। मास्टरकार्ड अपने साथ खेल साझेदारी में समृद्ध अनुभव लेकर आएगा। ऐसे में विश्वास है कि यह साझेदारी दुनिया भर के क्रिकेट प्रेमियों के लिए कई शानदार फायदे लेकर आएगी।'

वहीं मास्टरकार्ड के मुख्य विपणन और संचार अधिकारी राजा राजामन्नार का कहना है कि ÷क्रिकेट दुनिया भर में, विशेषकर भारत और दक्षिण एशिया में लाखों लोगों का जुनून है। हम विश्वकप क्रिकेट 2023 के लिए आईसीसी के साथ साझेदारी करके उत्साहित हैं। यह समझौता प्रशंसकों को खेल के प्रति उनके जुनून के और करीब लाने में सक्षम होगा। हम इस बात को सुनिश्चित करने के लिए समर्पित हैं कि इस पूरे टूर्नामेंट के दौरान कार्डधारक और सभी क्रिकेट प्रशंसक अविस्मरणीय क्षणों के गवाह बनेंगे।'

## यूएस मास्टर्स टी10 लीग ने बचपन की यादें ताजा कर दी हैं : हरभजन सिंह


**लॉडरहिल।** यूएस मास्टर्स टी10 लीग में मॉरिसविले यूनिटी के लिए खेल रहे भारतीय दिग्गज हरभजन सिंह ने कहा है कि इस लीग में पुराने दोस्तों के साथ खेलना अच्छा लग रहा है और इसने बचपन की यादें ताजा कर दीं। लीग द्वारा भेजे गए एक विज्ञप्ति में हरभजन ने कहा, यहां अपने पुराने दोस्तों के साथ खेलना अच्छा लग रहा है। इस टी10 प्रतियोगिता ने मेरे लिए बचपन की यादें ताजा कर दी हैं क्योंकि हम 5 या 6 ओवर के छोटे मैच खेलते थे।700 से अधिक अंतरराष्ट्रीय विकेट लेने वाले हरभजन ने आगे कहा, खेलने से हमें सबसे अधिक संतुष्टि मिलती है, चाहे हम अपने जीवन में कुछ भी करें। हर कोई इसे पसंद कर रहा है। टूर्नामेंट एक शानदार पहल है। अमेरिका एक बड़ा बाजार है। टूर्नामेंट यूएस मास्टर्स टी10 लीग से देश में क्रिकेट के खेल को बढ़ने में मदद मिलेगी। भारत के पूर्व खिलाड़ी ने यह भी कहा कि टी10 प्रारूप में काफी संभावनाएं हैं, उन्होंने कहा, यह टूर्नामेंट निश्चित रूप से अमेरिका में नए क्रिकेट प्रशंसकों को आकर्षित करने में मदद करेगा। टी10 प्रारूप बहुत से लोगों को उत्साहित करेगा और यह प्रारूप हर किसी के लिए सही मनोरंजन है। इसमें काफी संभावनाएं हैं और यह और बढ़ने वाली है।




# जिम्बाब्वे के दिग्गज क्रिकेटर हीथ स्ट्रीक जीवित, हेनरी ओलोंगा ने की पुष्टि

**नई दिल्ली।** सोशल माइक्रोब्लागिंग साइट्स एक्स पर जिम्बाब्वे के क्रिकेटर हीथ स्ट्रीक के निधन की रिपोर्ट करने के बाद, उनके पूर्व साथी हेनरी ओलोंगा ने बाद में एक दूसरा अपडेट पोस्ट कर बताया कि स्ट्रीक जीवित हैं।ओलोंगा ने अपने नए पोस्ट में कहा कि स्ट्रीक की मौत की अफवाहें बहुत बढ़ा-चढ़ाकर पेश की गईं और मैंने उनसे अभी बात की है। ओलोंगा ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स (पूर्व में ट्विटर) पर एक पोस्ट में कहा, मैं पुष्टि कर सकता हूं कि हीथ स्ट्रीक के निधन की अफवाहों को बहुत बढ़ा-चढ़ाकर पेश किया गया है। मैंने अभी उनसे बात की है। थर्ड अंपायर ने उन्हें वापस बुला लिया है।उन्होंने व्हाट्सएप पर स्ट्रीक के साथ अपनी हालिया बातचीत का स्क्रीनशॉट भी साझा किया।

ऐसी खबरें आ रहीं थी कि





स्ट्रीक का दक्षिण अफ्रीका में इलाज चल रहा था, उनके दोस्तों और करीबी लोगों ने उन्हें कोलन और लीवर कैंसर बताया था।ओलोंगा ने एक्स पर आज सुबह पोस्ट किया था (जिसे अब हटा दिया गया है) जिससे हीथ स्ट्रीक के कथित निधन के बारे में अफवाहें फैल गई थी और इसके बाद कई वैश्विक क्रिकेटरों ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर अपना दुख व्यक्त किया था ओलोंगा ने सुबह पोस्ट किया था, दुखद खबर आ रही है कि हीथ स्ट्रीक दूसरी तरफ चला गया है। रिप जिम्बाब्वे क्रिकेट लेजेंड। हमने सबसे महान ऑलराउंडर को दिया है। आपके साथ खेलना आनंददायक था। स्ट्रीक जिम्बाब्वे के सबसे बेहतरीन खिलाड़ियों में से एक थे, उन्होंने 65 टेस्ट और 189 एकदिवसीय मैचों में 4933 रन बनाए और सभी प्रारूपों में 455 विकेट लिए।

जिम्बाब्वे के पूर्व कप्तान अपने देश के पहले क्रिकेटर थे जिन्होंने टेस्ट में 1000 रन और 100 विकेट लिए, साथ ही वनडे में 2000 रन और 2000 विकेट लिए। वह अभी भी टेस्ट और वनडे दोनों में जिम्बाब्वे के सर्वकालिक सर्वाधिक विकेट लेने वाले गेंदबाज बने हुए हैं।

# आर एंड ए एमेच्योर गोल्फ चैंपियनशिप में भारतीय गोल्फरों का शानदार प्रदर्शन, निश्ना पटेल प्री-क्वार्टरफाइनल में

**नई दिल्ली।** दुनिया भर में प्रसिद्ध आर एंड ए एमेच्योर गोल्फ चैंपियनशिप में भारतीय महिला गोल्फरों ने शानदार प्रदर्शन किया है।इंडियन गोल्फ यूनियन (आईजीयू) की तरफ से टूर्नामेंट में भाग लेने के लिए भेजी गई भारतीय टीम में शामिल निश्ना पटेल यॉर्कशायर के प्रसिद्ध गैंटन और फुलफ़ोर्ड कोर्स में खेले जा रहे आर एंड ए गर्ल्स एमेच्योर गोल्फ चैंपियनशिप में प्री-क्वार्टरफाइनल तक पहुंची। हालांकि वह अपना दमदार प्रदर्शन जारी नहीं रख सकीं और दुनिया की 10वीं रैंक की खिलाड़ी जर्मनी की हेलेन ब्रीम से राउंड ऑफ़ 16 में हार गईं।

निश्ना, जिन्होंने 78-74 का स्कोर किया, अपनी टीम की साथी मन्नत बरार (81-71) के साथ 33वें स्थान पर रहीं। शीर्ष 64 खिलाड़ी में शामिल निशना ने राउंड ऑफ 32 में अपना पहला मैच चार्लोट नॉटन के खिलाफ जीता था लेकिन हेलेन ब्रीम से



वह हार गईं। ब्रीम ने निश्ना को 5 और 4 से हराया। मन्नत राउंड ऑफ़ 32 में इटली की पेरिस अपेंडिनो से अपना मैच 3 और 2 हार गईं।

**सुखमन ने जीता आईजीयू हरियाणा जूनियर्स का खिताब**

पंचकुला में खेले गए आईजीयू हरियाणा इंडिया जूनियर बॉयज़ चैंपियनशिप में भारत के शीर्ष जूनियर गोल्फरों में से एक सुखमन सिंह ने 75-68-71-74 के स्कोर के साथ केटेगरी ए में तीन शॉट से जीत हासिल कर ट्रॉफी पर कब्जा किया। सुखमन का कुल स्कोर पार 288 रहा।जुझार सिंह (74-71-75-71) 291 स्कोर के साथ दूसरे स्थान पर रहे जबकि अंगद सिंह, जिन्होंने पहले दिन 65 के स्कोर के साथ पंचकुला कोर्स में धूम मचा दी थी, 65-80-74-73 के राउंड के साथ तीसरे स्थान पर रहे। जुझार के लिए यह लगातार दूसरा उपविजेता ट्रॉफी है। वह पिछले सप्ताह उत्तरी भारत में भी दूसरे स्थान पर रहे थे।

पिछले सप्ताह उत्तर भारतीय खिताब जीतने वाले अंशुल मिश्रा ने केटेगरी बी में खिताब अपने नाम किया जबकि हरियाणा के त्रिश काल काल (75-71-76-76) दूसरे और यूरोपियन यूएस किड्स के विजेता और भारतीय गोल्फ के दिग्गज जीव मिल्खा सिंह के बेटे हरजाई मिल्खा सिंह तीसरे स्थान पर रहे। श्रेणी ए और बी के लिए संयुक्त स्टैंडिंग का नेतृत्व सुखमन, जुझार और अंगद ने किया और शीर्ष श्रेणी बी फिनिशर, अंशुल, कुल मिलाकर छठे स्थान पर थे।

# 'चहल से बेहतर कोई स्पिनर नहीं...': गेंदबाज को एशिया कप टीम से बाहर रखने पर बोला पूर्व खिलाड़ी

**नई दिल्ली।** आगामी एशिया कप के लिए सोमवार को 17 सदस्यीय टीम की घोषणा की गई थी। टीम में स्पिनर युजवेंद्र चहल को नहीं लिया गया जिसे लेकर कई पूर्व क्रिकेटरों ने आपत्ति जताई थी क्योंकि चहल एक शानदार स्पिनर हैं और उन्होंने यह बात साबित भी की है। वहीं अब इस लिस्ट में भारत के पूर्व स्पिनर हरभजन सिंह भी शामिल हो गए हैं। इस पूर्व क्रिकेटर ने अनुभवी गेंदबाज युजवेंद्र चहल को भारत की 17 सदस्यीय एशिया कप टीम से बाहर किए जाने पर अपने विचार साझा किए। चहल ने आखिरी बार इस साल जनवरी में एकदिवसीय मैच खेला था और वह वेस्टइंडीज दौरे पर जाने वाली टीम का भी हिस्सा थे, लेकिन उन्हें टीम से बाहर कर दिया गया था।

हरभजन का मानना है कि कुछ खराब खेल चहल को खराब गेंदबाज नहीं बनाते हैं। उन्होंने कहा, मुझे लगता है कि टीम में एक चीज की कमी है, वह युजवेंद्र चहल की अनुपस्थिति है। एक लेग स्पिनर जो गेंद को टर्न करा सकता है। अगर आप वास्तविक स्पिनर के बारे में बात करते हैं, तो मुझे नहीं लगता कि भारत में सफेद गेंद प्रारूप में उनसे बेहतर कोई स्पिनर है। हां, उनके पिछले कुछ मैच अच्छे नहीं थे, लेकिन यह उन्हें खराब गेंदबाज नहीं बनाता है।

चहल की उपेक्षा ने सबका ध्यान खींचा, हरभजन ने इस चूक की आलोचना की और आगामी घरेलू एकदिवसीय विश्व कप के लिए अनुभवी स्पिनर का समर्थन किया। उन्होंने कहा, %मुझे लगता है कि टीम में उनकी मौजूदगी जरूरी थी। मुझे उम्मीद है कि उनके लिए दरवाजे बंद नहीं होंगे। विश्व कप के लिए उन पर विचार करना महत्वपूर्ण है क्योंकि टूर्नामेंट भारत में है। चहल एक सिद्ध मैच विजेता हैं। मैं उनकी बात समझ सकता हूं।' फॉर्म अच्छा नहीं है, इसलिए हो सकता है कि आपने उन्हें आराम दिया हो। लेकिन मुझे लगता है कि अगर वह टीम के साथ होते तो उनका आत्मविश्वास बरकरार रहता। जो भी खिलाड़ी बाहर होने के बाद वापस आता है, उस पर अच्छा प्रदर्शन करने का दबाव हमेशा रहता है।' साल में अब तक चहल ने नौ टी-20 मैचों में नौ विकेट लिए हैं जबकि उनसे पहले चुने गए कुलदीप यादव के आंकड़े बेहतर हैं। उन्होंने तीन मैचों में 4/6 के सर्वश्रेष्ठ आंकड़े के साथ 7 विकेट और 7 टी20ई में 3/28 के सर्वश्रेष्ठ आंकड़े के साथ 8 विकेट लिए हैं। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने आगामी एशिया कप 2023 के लिए 17 सदस्यीय मजबूत टीम की घोषणा की जो 30 अगस्त से शुरू होगी जिसमें जसप्रित बुमरा, श्रेयस अय्यर, केएल राहुल की टीम में वापसी हुई है और तिलक वर्मा को भी जगह मिली है।

## वैगनर चीफ प्रिगोझिन की मौत पर एलन मस्क का हैरान करने वाला पोस्ट, लिखा- ये दिखावा भी हो सकता है

**वाशिंगटन।** रूसी अथॉरिटीज ने दावा किया था कि वैगनर ग्रुप चीफ येवगेनी प्रिगोझिन की रूस में एक विमान हादसे में मौत हो गई। बीते जून में येवगेनी प्रिगोझिन ने रूसी राष्ट्रपति पुतिन के खिलाफ बगावत कर दी थी। ऐसे में अब विमान हादसे में प्रिगोझिन की मौत को लेकर दुनियाभर में चर्चाओं का दौर जारी है। वहीं प्रिगोझिन की मौत पर टेस्ला के सीईओ और सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स के मालिक एलन मस्क ने चौंकाने वाला ट्वीट किया है।



**एलन मस्क ने सोशल मीडिया पोस्ट में लिखी ये बात**

दरअसल एक यूजर ने वैगनर चीफ की मौत पर पोस्ट करते हुए लिखा कि ज्यादा समय नहीं लगा।'इस पोस्ट पर रिप्लाई करते हुए एलन मस्क ने लिखा कि 'मेरी अपेक्षा से ज्यादा समय लगा। हो सकता है कि यह महज एक दिखावा ही हो।' इस तरह एलन मस्क ने जहां अपने पोस्ट में यह लिखा कि उन्हें उम्मीद थी कि देर-सबेर येवगेनी प्रिगोझिन की मौत होनी ही है लेकिन साथ ही जिस तरह यह घटनाक्रम हुआ है, उसे लेकर उन्होंने आशंका भी जाहिर की है हो सकता है कि ये दिखावा भी हो सकता है।

## 'हम पहले से ही चांद पर हैं', भारत के चंद्रयान-3 की सफलता पर बोला पाकिस्तानी शख्स

**इस्लामाबाद।** भारत ने एक बार फिर इतिहास रचा है। चंद्रयान-3 ने चांद पर सफल लैंडिंग की। इसी के साथ, भारत चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुव पर पहुंचने वाला विश्व का पहला देश बन गया। वहीं, आप हैरान रह जाएंगे कि पाकिस्तान भी चांद पर पहुंच गया है। यह हम नहीं, बल्कि खुद वहां के लोग बता रहे हैं। पड़ोसी देश में रह रहे लोगों का कहना है कि वह तो पहले से ही चांद पर रह रहे हैं। दरअसल, जब से चंद्रयान-3 ने सफल लैंडिंग की है, तब से ही इससे संबंधित कई पोस्ट सोशल मीडिया पर सामने आए हैं। इस बीच, एक वीडियो वायरल हो रहा है, जिसमें बताया जा रहा है कि पाकिस्तान के लोग तो चांद पर पहले से ही रह रहे हैं।



**हम तो पहले से ही...**

भारत के चांद पर पहुंचने को लेकर पाकिस्तान के लोगों से राय ली जा रही थी, तभी एक पाकिस्तानी व्यक्ति ने कहा कि भारत तो पैसे लगाकर चांद पर जा रहा है। हम तो पहले से ही चांद पर रह रहे, क्या यह आपको नहीं पता।

**चांद पर पानी...**

ऐसे में पहले तो सभी चौक गए फिर पूछा कैसे, तो शख्स ने लोगों से पूछा कि चांद पर पानी हैं? नहीं हैं नाज्यहां भी नहीं है। उसने आगे कहा कि वहां गैस है? नहीं है ना, यहां भी नहीं है। शख्स ने कहा कि चांद पर न पानी है, न गैस है और न बिजली। यह सब यहां (पाकिस्तान) भी नहीं है।

## यूक्रेन युद्ध से लेकर गर्भपात तक, रिपब्लिकन पार्टी की पहली प्राथमिक बहस में क्या बोले भारतवंशी उम्मीदवार

**वाशिंगटन।** अमेरिका में अगले साल राष्ट्रपति चुनाव होने है। इसके लिए रिपब्लिकन पार्टी की तरफ से बुधवार को पहली प्राथमिक बहस हुई। इस दौरान, रूस-यूक्रेन युद्ध से लेकर गर्भपात के अधिकार तक पर चर्चा हुई। हालांकि, इस बहस का हिस्सा पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप नहीं बने। रिपब्लिकन पार्टी के सबसे युवा राष्ट्रपति पद के उम्मीदवार, भारतीय-अमेरिकी विवेक रामास्वामी ने रूस-यूक्रेन के बीच हो रहे युद्ध में अमेरिका की भागीदारी पर बात की। उन्होंने अमेरिका द्वारा यूक्रेन का समर्थन करना विनाशकारी बताया। रामास्वामी ने कहा कि अगर वह राष्ट्रपति बनें तो युद्धग्रस्त देश की सहायता का समर्थन नहीं करेंगे। उन्होंने कहा कि यह विनाशकारी है... हम किसी और की सीमा की रक्षा कर रहे हैं, जबकि हमें उन्हीं सैन्य संसाधनों का उपयोग संयुक्त राज्य अमेरिका की दक्षिणी सीमा पर हो रहे आक्रमण को रोकने के लिए करना चाहिए। उन्होंने कहा कि हमें किसी और की बजाय अपनी सीमा को सुरक्षित करने की जरूरत है। यूक्रेन का दौरा करने वाले अन्य उम्मीदवारों की ओर इशारा करते हुए रामास्वामी ने दावा किया कि इन लोगों ने माउई, शिकागो के दक्षिण की ओर या केंसिंग्टन के निवासियों के लिए ऐसा नहीं किया होगा।

# ब्रिक्स के मंच पर गांधी को याद कर मोदी ने कहा, बापू ने रखी एकता व सद्भाव की मजबूत नींव

**जोहान्सबर्ग।** भारत के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने दक्षिण अफ्रीका के जोहान्सबर्ग में आयोजित ब्रिक्स देशों के 15वें शिखर सम्मेलन में महात्मा गांधी को याद किया। शिखर सम्मेलन के पूर्ण सत्र को संबोधित करते हुए मोदी ने कहा कि बापू ने एकता व सद्भाव की मजबूत नींव रखी। इस दौरान ब्रिक्स के मंच से अफ्रीकी राष्ट्रपति ने चंद्रयान-3 के लिए भारत को शुभकामनाएं दी।

ब्राजील, रूस, भारत, चीन और दक्षिण अफ्रीका के संगठन ब्रिक्स का 15वां शिखर सम्मेलन दक्षिण अफ्रीका में चल रहा है। सम्मेलन के पूर्ण सत्र को संबोधित करते हुए भारतीय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा कि ब्रिक्स को भविष्य की तैयारी के लिए हमें अपने संबंधित समाजों को भी भविष्य के लिए तैयार करना होगा। प्रौद्योगिकी इसमें महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि पिछले दो दशकों में ब्रिक्स ने एक लंबी और शानदार यात्रा तय की है। इस यात्रा में हमने कई उपलब्धियां हासिल कीं। उन्होंने कहा कि जोहान्सबर्ग जैसे खूबसूरत शहर में एक बार फिर आना उनके लिए खुशी की बात है। इस शहर का भारतीयों और भारतीय इतिहास से गहरा और पुराना रिश्ता है। यहां से कुछ दूरी पर टॉल्स्टॉय फार्म स्थित है, जिसका महात्मा गांधी ने 110 वर्ष पूर्व निर्माण करवाया था। महात्मा गांधी ने भारत, यूरेशिया और अफ्रीका के महान विचारों को जोड़ कर हमारी एकता और सद्भाव की मजबूत नींव रखी। उन्होंने कहा कि भारत ब्रिक्स के विस्तार का पूरा समर्थन करता है। हम इस पर आम सहमति के साथ आगे बढ़ने का स्वागत करते हैं।

**औद्योगिक सहयोग पर मिल कर काम**

पूर्ण सत्र को संबोधित करते हुए चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग ने कहा कि चीन सतत विकास के लिए औद्योगिक सहयोग पर ब्रिक्स ढांचे को संयुक्त रूप से स्थापित करने के लिए सभी पक्षों के साथ काम करेगा। उन्होंने कहा



कि हमें शांति और स्थिरता बनाए रखने के लिए राजनीतिक और सुरक्षा सहयोग का विस्तार करना चाहिए। शीत युद्ध की मानसिकता अभी भी हमारी दुनिया को परेशान कर रही है और भू-राजनीतिक स्थिति तनावपूर्ण होती जा रही है। ब्रिक्स देशों को शांतिपूर्ण विकास की दिशा में आगे बढ़ना चाहिए और रणनीतिक साझेदारी को मजबूत करना चाहिए। जिनपिंग ने कहा कि हमें ब्रिक्स विदेश मंत्रियों की बैठक, राष्ट्रीय सुरक्षा और अन्य तंत्रों पर उच्च प्रतिनिधियों की बैठक का अच्छा उपयोग करने की आवश्यकता है। इसके अलावा ब्रिक्स के सदस्य देशों को अपने मूल हितों में एक-दूसरे का समर्थन करने और प्रमुख अंतरराष्ट्रीय और क्षेत्रीय मुद्दों पर समन्वय बढ़ाने की जरूरत है। जिनपिंग ने कहा कि अंतरराष्ट्रीय नियमों को संयुक्त राष्ट्र चार्टर के उद्देश्यों और सिद्धांतों के आधार पर सभी देशों द्वारा संयुक्त रूप से लिखा और बरकरार रखा जाना चाहिए। यह सबसे मजबूत या सबसे ऊंची आवाज वाले लोगों के हाथ में नहीं होना चाहिए। ब्रिक्स देशों को सच्चा बहुपक्षवाद अपनाना चाहिए, एकजुटता पर कायम रहना चाहिए और विभाजन का विरोध करना चाहिए।

**वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग से बोले पुतिन**

ब्रिक्स के सदस्य देश रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए शिखर सम्मेलन के खुले पूर्ण सत्र में हिस्सा लिया। उन्होंने कहा कि अगले साल रूस ब्रिक्स की अध्यक्षता संभालेगा। हमारी अध्यक्षता में वैश्विक विकास और सुरक्षा के लिए बहुपक्षवाद को मजबूत करना हमारे आदर्श होंगे। हमारी योजना लगभग 200 राजनीतिक, आर्थिक और सार्वजनिक कार्यक्रम आयोजित करने की है। ब्रिक्स शिखर सम्मेलन अक्तूबर 2024 में कजान शहर में होने वाला है।

**वैश्विक दक्षिण के हितों को आगे बढ़ाएं**

दक्षिण अफ्रीकी राष्ट्रपति सिरिल रामफोसा ने कहा कि ब्रिक्स देशों को वैश्विक दक्षिण के हितों को आगे बढ़ाने की जरूरत है और औद्योगिक देशों से आर्थिक प्रगति विकसित करके जलवायु कार्यों का समर्थन करने की अपनी प्रतिबद्धताओं का सम्मान करने का आह्वान करना चाहिए। रूस-यूक्रेन संघर्ष पर दक्षिण अफ्रीकी राष्ट्रपति सिरिल रामाफोसा ने कहा कि ब्रिक्स देश बातचीत, मध्यस्थता और वार्ता के माध्यम से इस संघर्ष को समाप्त करने में समर्थन देना जारी रखेंगे। सिरिल रामाफोसा ने कहा कि वे भारत को बधाई देना चाहते हैं, खासकर जब आप अंतरिक्ष में सहयोग की आवश्यकता के बारे में बोलते हैं, तो कुछ ही घंटों में भारत का अंतरिक्ष यान चंद्रयान-3 चंद्रमा पर उतरेगा। हम आपको शुभकामनाएं देते हैं। ब्रिक्स परिवार के रूप में यह हमारे लिए एक महत्वपूर्ण अवसर है और हम आपके साथ खुश हैं।

## भारत और दक्षिण अफ्रीका व्यापार, रक्षा व निवेश संबंध मजबूत करेंगे

**जोहान्सबर्ग।** ब्रिक्स शिखर सम्मेलन में भाग लेने पहुंचे भारत के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की दक्षिण अफ्रीका के राष्ट्रपति सिरिल रामफोसा के साथ द्विपक्षीय बैठक हुई। बैठक में भारत और दक्षिण अफ्रीका के बीच व्यापार, रक्षा और निवेश संबंध मजबूत करने का संकल्प लिया गया।

ब्रिक्स शिखर सम्मेलन के बीच भारत के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और दक्षिण अफ्रीका के राष्ट्रपति सिरिल रामफोसा के बीच अलग से द्विपक्षीय बैठक हुई। बैठक के बाद ट्वीट कर भारतीय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा कि राष्ट्रपति सिरिल रामफोसा के साथ उत्कृष्ट बैठक हुई। बैठक में भारत-दक्षिण अफ्रीका संबंधों को गहरा करने के उद्देश्य से कई मुद्दों पर चर्चा की गयी। इन चर्चाओं में व्यापार, रक्षा और निवेश संबंध प्रमुखता से शामिल रहे। दोनों देश ग्लोबल साउथ की आवाज को भी मजबूत करने के लिए मिलकर काम करते रहेंगे। दक्षिण अफ्रीकी राष्ट्रपति ने अफ्रीका की विकास



गाथा में योगदान देने के लिए मौजूद अवसरों पर भी प्रकाश डाला। रामफोसा ने कहा कि बुनियादी ढांचे, कृषि, विनिर्माण, स्वच्छ ऊर्जा और डिजिटल अर्थव्यवस्था जैसे क्षेत्रों में अधिक सहयोग के माध्यम से इसे हासिल किया जा सकता है। इससे पहले ब्रिक्स देशों के नेताओं की लीडर्स रिट्रीट के दौरान ब्रिक्स के विस्तार पर चर्चा हुई, जिसके महत्वपूर्ण परिणाम सामने आए हैं। भारत ने सदस्यता मानदंडों और नए सदस्यों के चयन पर आम सहमति बनाने में अग्रणी भूमिका निभाई। भारत का प्रयास है कि ब्रिक्स के नए सदस्यों के रूप में रणनीतिक साझेदारों को शामिल कराया जाए।

## मॉस्को पर यूक्रेन का हमला, रूस ने किया तीन ड्रोन मार गिराने का दावा

**मॉस्को।** रूस और यूक्रेन के बीच डेढ़ साल से चल रहा युद्ध थमने का नाम नहीं ले रहा है। अब रूस ने यूक्रेन के तीन ड्रोन मार गिराने का दावा किया है, जो मॉस्को पर हमला करने आए थे। रूस के रक्षा मंत्रालय की तरफ से कहा गया है कि बुधवार तड़के यूक्रेन ने मॉस्को पर हमला करने की कोशिश की, जिसे विफल कर दिया गया। हमलों में तीन ड्रोन शामिल थे। दो ड्रोन मोजाहिस्की और खिमकिंस्की जिलों में हवाई सुरक्षा द्वारा नष्ट कर दिए गए, जबकि तीसरा ड्रोन नियंत्रण खो बैठा। बाद में, ड्रोन मॉस्को सिटी परिसर में निर्माणाधीन इमारत से टकरा गया। रूसी रक्षा मंत्रालय के अनुसार हमले में कोई हताहत नहीं हुआ है। मॉस्को के मेयर सर्गेई सोबयानिन ने कहा कि वायु रक्षा बलों ने मॉस्को क्षेत्र के मोजाहिस्की जिले में एक ड्रोन को मार गिराया, जबकि एक अन्य ड्रोन मॉस्को सिटी परिसर में निर्माणाधीन इमारत से टकराकर दुर्घटनाग्रस्त हो गया। उन्होंने कहा कि टीमों को मौके पर



भेज दिया गया है। इससे पहले सोमवार को भी यूक्रेन के एक ड्रोन ने रूस के बेलगोरोड इलाके में हमले की कोशिश की थी। इससे पहले रविवार सुबह मॉस्को पर हुए लगातार ड्रोन हमलों ने रूस को हिला दिया था। आलम यह रहा कि रूस को आनन-फानन में चार में से एक हवाईअड्डे को अस्थायी रूप से बंद करना पड़ा था। इन हमलों में एक व्यक्ति भी घायल हुआ था। रूसी रक्षा मंत्रालय ने इसे यूक्रेन की तरफ से किया गया आतंकी हमला करार दिया था। मंत्रालय ने कहा था कि तीन ड्रोन ने शहर को निशाना बनाया था। इनमें से एक को मॉस्को क्षेत्र में रक्षा प्रणाली ने मार गिराया था, जबकि दो अन्य को जाम कर दिया गया और वे दोनों मॉस्को सिटी बिजनेस डिस्ट्रिक्ट में क्रैश हो गए थे। इस हमले की कुछ तस्वीरें सामने आई थीं। इन तस्वीरों में क्षतिग्रस्त एक गगनचुंबी इमारत दिखाई दे रही थी।

### 'आपके साथ साझेदारी करके गर्व', अमेरिका ने चंद्रयान-3 के चांद पर उतरने पर भारत की तारीफों के बांधे पुल

**वाशिंगटन।द्ध** चंद्रयान-3 की चंद्रमा पर सफल लैंडिंग के बाद भारत की दुनिया भर में वाहवाही हो रही है। अमेरिका भी तारीफ करते नहीं थक रहा है। हालांकि, चंद्रमा पर इससे पहले तीन देश (अमेरिका, रूस और चीन) कदम रख चुके हैं, लेकिन दक्षिणी ध्रुव तक पहुंचने वाला पहला देश भारत हैं। बता दें, भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) का मानना है कि चांद पर पानी के निशान मिल सकते हैं। अमेरिकी राजनेताओं, समाचार पत्रों और अंतरिक्ष अनुसंधान संस्थानों ने चंद्रयान-3 की चांद पर सफल लैंडिंग पर बुधवार को भारत की सराहना की। यहां की उपराष्ट्रपति कमला हैरिस ने चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुवीय क्षेत्र पर चंद्रयान-3 की ऐतिहासिक लैंडिंग के लिए भारत को बधाई।

## अमेरिका में फिर हुई गोलीबारी, कैलिफोर्निया के बार में अंधाधुंध फायरिंग में पांच की मौत

**कैलिफोर्निया।** अमेरिका के कैलिफोर्निया में गोलीबारी की खबर आई है। खबर के अनुसार, कैलिफोर्निया के बार में एक शख्स ने अंधाधुंध गोलीबारी कर दी। इस गोलीबारी में पांच लोगों की मौत हुई है और छह अन्य घायल हुए हैं। गोलीबारी करने वाला व्यक्ति भी मारा गया है। पुलिस घटना की जांच में जुटी है। घटना कैलिफोर्निया के ट्रेबुको केनयन स्थित बाइकर बार 'कुक कॉर्नर' की है। जहां एक शूटर ने गोलीबारी कर पांच लोगों की जान ले ली। छह लोग घायल भी हुए हैं। ऑरेंज काउंटी के पुलिस अधिकारी ने सोशल मीडिया पोस्ट कर यह जानकारी दी है। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, गोलीबारी करने वाला पूर्व सुरक्षा अधिकारी है। अभी तक पुलिस ने इस मामले में ज्यादा जानकारी नहीं दी है कि शूटर की मौत कैसे हुई लेकिन माना जा रहा है कि बार में ही किसी ने शूटर को गोली मार दी। फिलहाल घटना की जांच की जा रही है। बता दें कि बीती जनवरी में भी कैलिफोर्निया में गोलीबारी की घटना हुई थी, जिसमें 10 लोगों की मौत हो गई थी। दरअसल चीन के लूनर न्यू ईयर उत्सव के दौरान लॉस एंजेल्स में एक व्यक्ति ने मॉनेटरी पार्क इलाके में जाकर अंधाधुंध गोलीबारी कर दी थी। जिस जगह गोलीबारी हुई, वहां एशियाई मूल के लोग बड़ी तादाद में रहते हैं।

## नेपाल: कोशी प्रांत की सरकार के विश्वास मत को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती

**काठमांडू।** नेपाल के कोशी प्रांत की सरकार का विश्वासमत फिर विवादों में घिर गया है। विपक्ष ने सरकार के विश्वासमत को

अखंड भारत संदेश
स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक
स्वामी श्री योगी सत्यम् फॉर योग सत्संग समिति द्वारा विपिन इण्टरप्राइजेज 1/6C माधव कुंज कटरा प्रयागराज से मुद्रित एवं क्रियायोग आश्रम एण्ड अनुसंधान संस्थान झूंसी, प्रयागराज उत्तर प्रदेश से प्रकाशित।
सम्पादक
स्वामी श्री योगी सत्यम्
RNI No: UPHIN/2001/09025
ऑफिस मो.: 9565333000
Email:- akhandbharatsandesh1@gmail.com
सभी विवादों का न्याय क्षेत्र प्रयागराज होगा।

का मामला सुप्रीम कोर्ट में पहुंचा है। करीब एक महीने पहले मुख्यमंत्री उद्धव थापा ने सदन में



विश्वास मत हासिल किया था। उस समय भी स्पीकर ने सरकार के पक्ष में मतदान किया था, लेकिन विपक्ष की तरफ से सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर की गई तो कोर्ट ने स्पीकर के वोट देने को असंवैधानिक बताते हुए सरकार का विघटन कर दिया था।

इस बार विश्वास मत के मद्देनजर सत्ता पक्ष ने पहले तो स्पीकर का इस्तीफा कराया, उनको मंत्री बनाया और फिर से विश्वास का मत हासिल किया। इस बार प्रोटेम स्पीकर ने सदन में पहले मतदान की प्रक्रिया शुरू कराई। पक्ष और विपक्ष के सदस्यों ने मतदान किया और जब अपने मत पर पुनर्विचार के लिए पांच मिनट का समय दिया गया उस समय किसी और सदस्य को स्पीकर के आसन पर बिठा कर प्रोटेम स्पीकर ने सरकार के पक्ष में मतदान किया, जिससे सरकार के पक्ष में आवश्यक 47 सदस्यों का मत मिल पाया।

उल्लेखनीय है कि कोशी प्रांत में पिछले तीन महीने में तीन सरकारों का गठन हो चुका है। तीन महीने में तीन बार प्रदेश के मुख्यमंत्री के द्वारा विश्वास मत हासिल किया जा चुका है, लेकिन पिछली बार की तरह इस बार भी मत विभाजन की प्रक्रिया विवादों में घिर गई है।प्रमुख विपक्षी दल सीपीएन (यूएमल) के प्रदेश संसदीय दल के नेता हिक्मत कार्की ने कहा कि कोर्ट के आदेश के बावजूद सत्ता पक्ष ने असंवैधानिक तरीके से विश्वास का मत हासिल किया है।

## पुतिन की सत्ता को चुनौती देने वाले प्रिगोझिन की विमान हादसे में मौत, अमेरिकी राष्ट्रपति बाइडेन ने कहा- आश्चर्यचकित नहीं

**मॉस्को।** रूस की राजधानी मॉस्को से करीब सौ किलोमीटर दूर उत्तरी हिस्से में हुए विमान हादसे में 10 लोगों की मौत हो गई, जिसमें रूस के खिलाफ विद्रोह करने वाले वैगनर प्रमुख येवगेनी प्रिगोझिन भी शामिल हैं। विमान हादसे में वैगनर प्रमुख की मौत को लेकर अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडेन ने कहा कि वे इस खबर से हैरान नहीं हैं।





है, जिसके पीछे राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन न हों। वैगनर



हुए अपने सैनिकों के साथ मॉस्को पर चढ़ाई कर दी थी। उसने 24 जून को एक वीडियो संदेश जारी कर ऐलान किया था कि वह 25 हजार सैनिकों के साथ मॉस्को की तरफ बढ़ रहे हैं और पुतिन को चुनौती देते हुए कहा था कि रूस को 24 घंटे के भीतर नया राष्ट्रपति मिलने जा रहा है। हालांकि बेलारूस की मध्यस्थता के बाद प्रगोझिन पीछे हट गए थे। रूस के राष्ट्रपति पुतिन ने प्रिगोझिन के विद्रोह को अक्षम्य विश्वासघात और राष्ट्रद्रोह करार दिया था। उन्होंने कहा था कि वे प्रिगोझिन को कभी माफ नहीं करेंगे।

प्रिगोझिन का निजी सैन्य बल वैगनर, यूक्रेन के खिलाफ रूस की नियमित सेना के साथ लड़ चुका है लेकिन रूस की एक मिसाइल हमले में बड़ी संख्या में उसके लड़ाकों की मौत के बाद प्रिगोझिन ने रूस के खिलाफ विद्रोह कर दिया था। 1 जून 1961 को लेलिनग्राद (अब सेंट पीटर्सबर्ग) में जन्मे येवगेनी प्रोगोझिन निजी सैन्य कंपनी वैगनर ग्रुप का संस्थापक था।